रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 25 जुलाई 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 334 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### केंद्रीय मंत्रियों ने की उप राष्ट्रपति से भेंट

**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू से शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावट, पशुपति कुमार पारस और अनुप्रिया पटेल तथा कई अन्य मंत्रियों ने शिष्टाचार भेंट की। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावट, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस और पोत, जहाजरानी एवं जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर तथा वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने श्री नायडू से मुलाकात की। पारस के साथ लोकसभा सांसद प्रिंस राज भी थे।

### पूर्वोत्तर के सीमा मसले पर चर्चा के लिए शाह दो दिवसीय दौरे पर

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवादों पर सभी मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा करने के लिए शनिवार को मेघालय पहुंचे। श्री शाह के कार्यक्रम के मुताबिक वह सभी आठ पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुखों के साथ बंद कमरे में बैठक करेंगे। इस बैठक में अंतरराज्यीय सीमा के मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। आठ पूर्वोत्तर राज्यों में असम, मेघालय, त्रिपुरा, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम हैं। बैठक में इस क्षेत्र में उभरती कोरोना स्थिति पर भी चर्चा होने की उम्मीद है, जहां नये मामलों में उछाल देखा गया है।

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम की विजयी शुरुआत, न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया

**टोक्यो।** ओलंपिक खेलों में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म करने की पूरे देश की उम्मीदों पर खरे उतरते हुए भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में अपने ग्रुप स्टेज अभियान में विजयी शुरुआत करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में 3-2 से शानदार जीत दर्ज की है। कांटे के इस मुकाबले में भारत ने आक्रामक शुरुआत की। मनदीप सिंह ने नीलकांत शर्मा की सहायता से तीसरे मिनट में भारत के लिए शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर प्राप्त किया, हालांकि वह इसे गोल में तब्दील नहीं कर पाए। इस बीच न्यूजीलैंड ने पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर प्राप्त किया और केन रसेल ने इसे गोल में बदला, लेकिन भारत ज्यादा देर तक पीछे नहीं रहा।

# बुद्ध के मूल्य, सिद्धांत विश्व आरोग्यता के लिए बेहतर माध्यम : राष्ट्रपति कोविंद

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि वैश्विक चिंता से जुड़े मुद्दों के समाधान में बौद्ध मूल्यों और सिद्धांतों के उपयोग से विश्व को आरोग्यता प्रदान करने और इसे एक बेहतर स्थल बनाने में सहायता मिलेगी। श्री कोविंद ने यह विचार अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) द्वारा आयोजित वार्षिक आषाढ़ पूर्णिमा-धम्म चक्र दिवस के अवसर पर वीडियो कांफ्रेंस से किये गये सम्बोधन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बुद्ध की शिक्षाओं के सार से जुड़े रहना महत्वपूर्ण है और इसकी अलग-अलग व्याख्याओं और विविधताओं में उलझना नहीं चाहिए। इस संदर्भ में परिसंघ के उद्देश्य प्रशंसनीय हैं। उन्होंने मानवता की सेवा के लिए सभी बौद्ध परंपराओं और संगठनों को एक साझा मंच प्रदान करने के आईबीसी के प्रयास की भी सराहना की। श्री कोविंद ने कहा कि उनका मानना है कि बौद्ध धर्म का प्रभाव इसे औपचारिक रूप से ग्रहण करने वाले लगभग 55 करोड़ अनुयायियों से भी अधिक व्यापक है। अन्य धर्मों के लोग और यहाँ तक कि संशयवादी एवं नास्तिक भी बुद्ध की शिक्षाओं के प्रति आकर्षण का अनुभव करते हैं। बौद्ध धर्म का यह सार्वभौमिक और शाश्वत प्रभाव समय और स्थल पर मानव द्वारा सामना की जाने वाली मूलभूत समस्याओं के तार्किक, तर्कसंगत और सरल समाधानों के कारण है। दुख को समाप्त करने का बुद्ध का आश्वासन, सार्वभौमिक करुणा और अहिंसा पर उनका जोर, जीवन के सभी पहलुओं में नैतिकता और संयम को आगे बढ़ाने के उनके संदेश ने पिछले 2600 वर्षों में असंख्य लोगों को सारनाथ में उनके प्रथम उपदेश के पश्चात प्रेरणा दी है। राष्ट्रपति ने कहा कि जीवन के संदर्भ में बुद्ध के बेहतर रूप से प्रलेखित संदेश मानवता के लिए अमूल्य हैं। भगवान बुद्ध का अपने आलोचकों और विरोधियों के प्रति भी अत्यधिक विश्वास और सम्मान था। वे उनके अनुयायी बन जाएंगे। उन्होंने यह आध्यात्मिक शक्ति इसलिए प्राप्त की, क्योंकि वे सदैव सत्य के पालन के प्रति दृढ़ रहे। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के प्रभाव से जूझ रही दुनिया को पहले से कहीं अधिक करुणा, दया और निस्वार्थता के भाव के साथ उपचार की आवश्यकता है। बौद्ध धर्म द्वारा प्रचारित इन सार्वभौमिक मूल्यों को सभी को अपने विचारों और कार्यों में अपनाने की आवश्यकता है।



### भगवान बुद्ध के मार्ग पर चलकर किया जा सकता है बड़ी से बड़ी चुनौती का सामनाः मोदी


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भगवान बुद्ध कोरोना महामारी के इस संकटपूर्ण समय में और भी ज्यादा प्रासंगिक हैं और उनके बताए गए मार्ग पर



चलकर बड़ी से बड़ी चुनौती का सामना किया जा सकता है। श्री मोदी ने शनिवार को धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस और आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्य म में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेते हुए कहा कि आज कोरोना महामारी के रूप में मानवता के सामने वैसा ही संकट है जब भगवान बुद्ध हमारे लिए और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। बुद्ध के मार्ग पर चलकर ही बड़ी से बड़ी चुनौती का सामना हम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने यह करके दिखाया है। बुद्ध के सम्यक विचार को लेकर आज दुनिया के देश भी एक दूसरे का हाथ थाम रहे हैं, एक दूसरे की ताकत बन रहे हैं। इस दिशा में 'इंटरनेशनल बुद्धिष्ट कनफेडरेशन' का 'केयर विथ प्रेयर इनिशिएटिव' ये भी बहुत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि धम्मपद कहता है ,'वैर से वैर शांत नहीं होता। बल्कि वैर अवैर से, बड़े मन से, प्रेम से शांत होता है। त्रासदी के समय में दुनिया ने प्रेम की, सौहार्द की इस शक्ति को महसूस किया है। बुद्ध का ये ज्ञान, मानवता का ये अनुभव जैसे जैसे समृद्ध होगा, विश्व सफलता और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को छूएगा। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को इस अवसर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के ही दिन भगवान बुद्ध ने बुद्धत्व की प्राप्ति के बाद अपना पहला ज्ञान संसार को दिया था। हमारे यहाँ कहा गया है।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था के स्वावलंबन के लिए सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने की जरूरत : सीएम भूपेश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि सहकारी बैंक से किसानों की बड़ी उम्मीद हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्वावलंबी बनाने के लिए सहकारिता आंदोलन के विस्तार और इसे और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। किसानों के साथ-साथ मजदूरों, गौपालकों, वनांचल के आदिवासी भाई-बहनों को भी सहकारी बैंकों से जोड़ा जाना चाहिए, जिससे उन्हें भी बैंक की सुविधाओं का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के नवनियुक्त अध्यक्ष नवाज खान के पदभार ग्रहण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बैंक के अध्यक्ष खान को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राजनांदगांव जिले के वनांचल के गांव मानपुर और मुढ़ीपार (खैरागढ़) में सहकारी बैंक के भवन निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सहकारी बैंक के भवन का निर्माण 36 लाख रूपए की लागत से किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन राजनांदगांव के पद्मश्री गोविन्द राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में किया गया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी का नारा दिया है, सुराजी गांव योजना के अंतर्गत पशुओं के लिए गौठानों का निर्माण किया गया है, जहां महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं गोधन न्याय योजना के अंतर्गत खरीदे गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट का निर्माण कर रही हैं। अब तक समूहों द्वारा तैयार किए गए लगभग 9 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट की बिक्री की जा चुकी है, जिसका उपयोग बड़ी संख्या में किसान कर रहे हैं। वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करने वाले किसानों का कहना है कि वर्मी कम्पोस्ट के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की मांग के अनुरूप केन्द्र द्वारा रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति नहीं होने के कारण किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य सरकार इनकी आपूर्ति के लिए लगातार प्रयास कर रही है। बघेल ने कहा कि किसान ज्यादा से ज्यादा वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग कर जैविक खेती की ओर बढ़ें, जैविक खेती से मिलने वाले कृषि और उद्यानिकी उत्पाद तथा अनाज स्वास्थ्य और आर्थिक दृष्टि से किसानों के लिए लाभप्रद होंगे। जैविक उत्पादों का डेढ़ से दोगुना दाम बाजारों में मिल रहा है। लोग भी जैविक उत्पादों का उपयोग करने लगे हैं। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के नवनियुक्त अध्यक्ष नवाज खान ने इस अवसर पर कहा कि राज्य शासन ने जिस अपेक्षा के साथ उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है, उसे वे पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ पूरा करने का प्रयास करेंगे। सहकारी बैंक के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं को गांवों-गांवों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर लोकसभा सांसद दीपक बैज और राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम मुख्यमंत्री निवास में और छत्तीसगढ़ सहकारी बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर, राज्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहू, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति प्राधिकरण के अध्यक्ष भुवनेश्वर शोभाराम बघेल, विधायक इंदर सिंह मंडावी, देव्रत सिंह और छन्नी साहू, छत्तीसगढ़ अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला सहित अनेक जनप्रतिनिधि राजनांदगांव में उपस्थित थे।

# हाईकोर्ट ने केन्द्र, दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया




वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

दिल्ली उच्च न्यायालय ने वित्तीय सहायता और चिकित्सा उपचार की मांग करने वाली वरिष्ठ अधिवक्ता की ओर से दायर याचिका पर केन्द्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति रेखा पल्ली की एकल पीठ ने 22 जुलाई के अपने आदेश में प्रतिवादियों से दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा। न्यायालय ने इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 31 अगस्त मुकर्रर की है। अड़सठ वर्षीय याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा कि वह राष्टीय राजधानी में एक वकील थी और वर्तमान में उसके पास आय का कोई स्रोत नहीं है। अधिवक्ता ने अपनी याचिका में दाहिने हाथ से दिव्यांग होने और उम्र से संबंधित अन्य बीमारियों सहित उसकी चिकित्सा स्थितियों का हवाला देते हुए न्यायालय को उसकी स्थिति से अवगत कराया था। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि उसने अपनी वित्तीय स्थिति का हवाला देते हुए दिल्ली सरकार को कई बार अनुरोध किये, इसके बावजूद उसे अब तक सरकार की और से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

# 'किसान सबक सिखाना भी जानता हैं', कोई भुलावे में ना रहे : टिकैत

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

तीन कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों का आंदोलन अभी खत्म नहीं हुआ है। इस बीच भारतीय किसान यूनियन के राष्टीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा है कि 'किसान संसद से किसानों ने गूंगी -बहरी सरकार को जगाने का काम किया है। किसान संसद चलाना भी जानता है और अनदेखी करने वालों को गांव में सबक सिखाना भी जानता है। भुलावे में कोई न रहे।' राकेश टिकैत ने किसानों से एकजुट रहे की अपीलन की है।



संसद का मॉनसून सत्र चल रहा है। इस बीच दिल्ली के जंतर-मंतर पर 'किसान संसद' भी चल रहा है। किसान संसद के तीसरे दिन राकेश टिकैत ने यह बात मकही है। किसान नेताओं का दावा है कि किसान संसद के दौरान हर रोज 200 किसान यहां पहुंच रहे हैं। जब तक संसद का सत्र चलेगा तब तक किसान संसद भी चलेगी। किसान अपनी बात से पीछे नहीं हटेंगे। गुरुवार से किसानों का यह संसद चल रहा है और वहां पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं।

किसान संसद को लेकर किसानों का कहना है कि इससे सरकार को यह पता रहेगा कि आंदोलन अभी जिंदा है। किसानों का कहना है कि कई किसान दिल्ली के विभिन्न बॉर्डरों पर पिछ्ले 8 महीने से तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी बातें सुनने के लिए राजी नहीं है। किसानों की योजना है कि यह किसान संसद 13 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। 13 अगस्त को ही मॉनसून सत्र खत्म हो रहा है। हालांकि, दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर अनिल बैजल ने किसानों को 9 अगस्त तक ही प्रदर्शन करने की इजाजत दी है।

# रामपुर में सड़क हादसे में दुल्हन समेत छह मरे

एजेंसी ◄ रामपुर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में रामपुर के सिविल लांइस क्षेत्र में शनिवार दोपहर कैंटर की चपेट में आने से दुल्हन समेत छह लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि राष्टीय राजमार्ग संख्या 24 पर बाईपास अजीतपुर गांव के करीब, आम से लदे तेज रफ्तार कैंटर और कार में आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई। मुरादाबाद दिशा की ओर जा रही इको कार में टक्कर लगने से उसमें सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

परिजन रोहित कुमार के मुताबिक बहराइच निवासी दुल्हन रिंकी को विदा करा कर सत्यवीर का पुत्र धीरज कुमार अपने घर आझेपुर निकट रउपुरा गौतम बुद्ध नगर ले जा रहा था। साथ में उनके ही परिवार के




चाचा पुष्पेन्द्र, चाची कुसुम, भतीजा बबलू, कार चालक राहुल भाटी थे कि रास्ते में जिला रामपुर में आम से लदे कैंटर से भिड़न्त हो गई। घटना के बाद आम लदे कैंटर का चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। इसके अलावा जिले में हुई अलग अलग दो दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। इस प्रकार जिले में हुए तीन हादसों में कुल नौ लोगों की मौत हो गई।

## भारत ने इन खेलों के इतिहास में पहली बार पहले दिन कोई पदक जीता

# भारोत्तोलक मीराबाई ने जीता रजत, भारत का टोक्यो में पहला पदक

वार्ता ◄ टोक्यो
www.dailypioneer.com

पूर्व विश्व चैंपियन भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में शनिवार को रजत पदक जीतकर भारत को टोक्यो ओलम्पिक का पहला पदक दिला दिया। भारत ने इन खेलों के इतिहास में पहली बार पहले दिन कोई पदक जीता। 26 वर्षीय मीराबाई ने कुल 202 किग्रा (87+115) वजन उठाया और ओलंपिक्स में रजत जीतने वाली पहली भारतीय महिला भारोत्तोलक बन गयी।

चानू को यह सफलता कर्णम मल्लेश्वरी के 2000 के सिडनी ओलंपिक्स में 69 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतने के 20 साल बाद आयी है मल्लेश्वरी ओलम्पिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं।




इस कामयाबी के साथ चानू ने 2016 के पिछले रियो ओलंपिक्स की बुरी यादों को पीछे छोड़ दिया जब वह क्लीन एन्ड जर्क में अपने तीनों प्रयासों में नाकाम रही थीं। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक चीन की होऊ झिहुई ने कुल 210 किग्रा (94+116) वजन उठाकर जीता जबकि इंडोनेशिया की ऐसाह विंडी कांतिका ने 194 किग्रा (84+110) वजन उठाकर जीता। टोक्यो इंटरनेशनल फोरम में हुए इन मुकाबलों में चानू ने स्नैच में अपने पहले प्रयास में 84 किग्रा भार उठाया। बाद में चानू ने 87 किग्रा वजन उठाकर खुद को लाभदायक स्थिति में पहुंचा दिया। लेकिन झिहुई ने अपने पहले प्रयास में 88 किग्रा वजन उठाकर और फिर अपने तीसरे प्रयास में 94 किग्रा वजन उठाकर नया ओलम्पिक रिकॉर्ड बना दिया।

क्लीन एन्ड जर्क राउंड में चानू ने 110 किग्रा वजन उठाया और दूसरे प्रयास में 115 किग्रा वजन उठाकर इसमें सुधार कर दिया। चानू ने अपने तीसरे प्रयास में 117 किग्रा वजन उठाने का प्रयास किया लेकिन विफल रहीं। मगर उनका 115 किग्रा का प्रयास उन्हें रजत पदक दिलाने के लिए काफी था। चानू के रजत जीतते ही भारतीय खेमा खुशी से उछल पड़ा। वाकई यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी जिसका पूरे देश को बरसों से इन्तजार था। चानू की यह सफलता आगामी दिनों में और भारतीय खिलाड़ियों को पदक जीतने के लिए प्रेरित करेगी।

# राष्ट्रीय भागीदारी और चेतना का प्रतीक हैं 'स्टार्टअप इंडिया' : पीयूष

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय उद्योग से गुणवत्ता और उत्पादकता सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा है कि अगले पांच वर्षों में 13 औद्योगिक क्षेत्रों में 26 अरब डॉलर की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनायें (पीएलआई) शुरू की जाएंगी। श्री गोयल शनिवार को यहां 'सीआईआई-होरासिस इंडिया मीटिंग 2021' के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि देश के स्टार्टअप में एक नई ऊर्जा है। भारतीय स्टार्टअप व्यावसायिक सफलता की कहानियों से अधिक हैं और वे भारत के परिवर्तन की कुंजी हैं। श्री गोयल ने सभी से 'स्टार्टअप इंडिया' को 'राष्टीय भागीदारी और राष्टीय चेतन' का प्रतीक बनाने का आग्रह किया और कहा कि काविड-19 की



बाधाओं के बावजूद, भारत में आर्थिक पुनरुद्धार के स्पष्ट संकेत हैं। निर्यात बढ़ रहा है और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) प्रवाह सबसे अधिक है। भारतीय उद्योग वास्तव में विकास पथ पर है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत 2021-22 में 400 अरब डॉलर के निर्यात के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिशन के तौर पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय विकास की कहानी अब ईओडीबी से लेकर निर्यात तक और स्टार्टअप से लेकर सेवाओं तक सभी क्षेत्रों में दिखाई दे रही है, भारत प्रत्येक क्षेत्र में बड़ी छलांग लगा रहा है। श्री गोयल ने कहा कि भारत उद्योग, निवेश और नवाचार के लिए पसंदीदा स्थान है। यह स्थिति पिछले सात वर्षों में संरचनात्मक परिवर्तन लाने के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुई है। इनमें से कुछ प्रमुख परिवर्तनों में बड़े पैमाने पर डिजिटलीकरण, आधुनिकीकरण, सरलीकरण और सुविधा शामिल हैं। विकास केंद्रित सुधारों ने भारत को एक समग्र आर्थिक परिवर्तन शुरू करने में सक्षम बनाया है और इसके परिणामस्वरूप, भारत गति - स्थिरता, उत्पादकता, उद्यम, उद्यमिता और मांग के साथ बढ़ रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने आग्रह किया कि भारतीय उद्योग को गुणवत्ता, उत्पादकता और पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं की मजबूत नींव पर टिका होना चाहिए।

# किसानों को समय पर मिले खाद-बीज : चौबे

■ कृषि मंत्री ने की विभागीय काम-काज की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने मंत्रालय महानदी भवन में कृषि- उद्यानिकी-पशुपालन-मछलीपालन विभाग के काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने उर्वरक के भण्डारण और आबंटन में किसी भी प्रकार की कमी न हो यह सुनिश्चित करने कहा है। उर्वरक के अधिक कीमत पर विक्रय की जानकारी मिलने पर संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश मंत्री चौबे ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को अच्छी गुणवत्ता के बीजों का वितरण किया जाना सुनिश्चित करें। खेती-किसानी के सीजन में किसानों को पर्याप्त खाद और बीज उपलब्ध हों।

किसानों को धान के अतिरिक्त अन्य फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करने और अलग-अलग फसलों के लिए लक्ष्य का निर्धारण करने के निर्देश कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने दिए। उन्होंने बाड़ी विकास कार्यक्रम को और अधिक व्यापक रूप में क्रियान्वित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने सामुदायिक बाड़ियों के विकास के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर इसका क्रियान्वयन करने को कहा। चौबे ने कहा कि नर्सरियों में विभिन्न फलदार पौधे तैयार कर किसानों को उनका वितरण किया जाए। उन्होंने प्रत्येक गौठान में चारागाह विकसित कर हरे चारे का उत्पादन करने के निर्देश दिए। दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए हर जिले के लिए लक्ष्य निर्धारित कर देवभोग सहकारी समिति के समन्वय से दुग्ध का विक्रय होने के निर्देश मंत्री चौबे ने दिए।

बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त एवं विभाग की सचिव डॉ. एम. गीता, विशेष सचिव कृषि डॉ. एस.भारतीदासन, संचालक कृषि यशवंत कुमार, संचालक पशुपालन एवं उद्यानिकी माथेश्वरण व्ही., संचालक मत्स्यपालन व्ही.के.शुक्ला सहित कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं रायपुर संभाग के सभी जिलों के संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# उज्जवला योजना में 90% लोग गैस रिफिलिंग कराने में असक्षम : वंदना

## गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों से परेशान महिलाएं लकड़ी के चूल्हे में खाना बनाने को मजबूर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



हर योजना की तरह केन्द्र सरकार के उज्ज्वला योजना भी असफल रहा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस सहित हर क्षेत्र में महंगाई चरम सीमा पर है। पहले ही कोरोना काल में व्यापारी, किसान मजदूर वर्ग के लोग सहित हर तबके के लोगों के धंधे चौपट हो चुके हैं, वहीं महंगाई से दोहरी मार पड़ रही है। केन्द्र सरकार ने देश के आमजन को आर्थिक मुसीबत के साथ बेहाल कर दिया है। गृहणियों के रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। रसोई गैस की कीमत में 950 रूपये लगभग होने से किचन में आग लग गई है। उज्ज्वला योजना मे 90 प्रतिशत लोग गैस रिफिलिंग नहीं करवा रहे है। गैस का दाम बढ़ने से जहां गृहस्थी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, उज्ज्वला योजना के अधिकांश उपभोक्ताओं ने आर्थिक तंगी से जुझने के कारण सिलेंडर में गैस भरवाना बंद कर दिया। गैस के दाम में बेतहाशा वृद्धि से महिलाएं परेशान हो गई हैं। आर्थिक तंगी से जूझ रहे उज्ज्वला योजना के लाभुकों को गैस सिलेंडर भरवाना किसी चुनौती से कम नहीं है। गांव में महिलाएं गैस सिलेंडर के उपयोग करना बंद कर गैस सिलेंडर को बांध कर छज्जे पर फेंक रहे है। गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि से निम्न व मध्यम वर्ग की गृहस्थी भी बिगड़ रही है। महिलाएं मजबूरन पारंपरिक संसाधन लकड़ी, गोंइठा व कोयला से खाना बना रही है। अब नरेंद्र मोदी को महिलाओं के आंसू दिखाई नहीं दे रहे है। छत्तीसगढ़ से भारतीय जनता पार्टी की महिला सांसद महंगाई के मुद्दे को गंभीरता से ले, कमरतोड़ महंगाई से महिलाओं की परेशानियों को दिल्ली में जाकर नरेंद्र मोदी को बताये और साथ में स्मृति ईरानी को कहे कि महिलाएं पूछ रही है कि यूपीए सरकार में जब गैस सिलेंडर के दाम 390 रूपये था तो सड़क में लकड़ी के चूल्हे लेकर खाना बनाती थी अब वही गैस सिलेंडर के दाम 900 रूपये लगभग हो गई है तो अब वह महंगाई के विरोध में सड़क पर नजर क्यों नही आती? क्या भाजपा के नेता गण गहरी निंद्रा में है? जनता के खून पसीने के कमाई पर डाका डाल कर उज्ज्वला योजना के प्रचार-प्रसार के लिये करोड़ों खर्चे किये।

# खाद की किल्लत पर होगा बड़ा आंदोलन : बृजमोहन



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में खाद की किल्लत को लेकर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और किसान मोर्चा अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रेस कांफ्रेंस कर सरकार पर तीखा हमला बोला है। पूर्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि 26 जुलाई को बीजेपी किसान मोर्चा का बड़ा आंदोलन होगा। यह आंदोलन विधानसभा क्षेत्रों में किया जाएगा। बीजेपी आंदोलन के जरिये वक़्त है पछतावा का मुहिम छेड़ेगी।

पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, खेती किसानी का सीजन चल रहा है। राज्य की 90 फ़ीसदी आबादी खेती पर निर्भर है। किसान हाहाकार कर रहा है। किसान खाद के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। बीस सालों में पहली बार ये स्थिति बनी है, किसानों को अमानक बीज उपलब्ध कराया जा रहा है।

बारिश कम होने की वजह से खेतों में दरार पड़ रही है लेकिन बांधों से पानी नहीं दिया जा रहा। समर्थन मूल्य का पैसा किसानों को नहीं मिल रहा है। कई कई किस्तों में पैसा दिया जा रहा है। किसान पलायन करने को मजबूर हो रहा है। बीजेपी किसान मोर्चा 26 जुलाई को पूरे प्रदेश भर में बड़ा प्रदर्शन होगा। बीजेपी विधायक इन मुद्दों को सदन में भी उठाएंगे। किसानों को खाद, बीज, पानी उपलब्ध कराने की मांग करेंगे।

पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, राज्य के जांजगीर, मुंगेली जैसे ज़िलों से सबसे ज़्यादा किसान पलायन कर रहे हैं। आमतौर पर ऐसा होता आया है कि बारिश के सीजन में किसान अपने गांव लौटकर खेती करता था लेकिन ये पहली बार हो रहा है कि किसान खेती किसानी के सीजन में पलायन कर रहा है।

राज्य सरकार से हम श्वेत पत्र जारी करने की मांग कर रहे हैं कि केंद्र को कितने खाद की मांग की थी। केंद्र ने डिमांड से ज़्यादा खाद की आपूर्ति की है। मुख्यमंत्री तीन लाख टन अतिरिक्त खाद की मांग क्या कालाबाज़ारी के लिए कर रहे हैं। राज्य सरकार ने किसानों से ज़्यादा खाद की आपूर्ति निजी व्यापारियों को की है। यूरिया की पांच टन की मांग की थी पिछले साल एक लाख टन का स्टॉक था फिर भी इसकी कमी क्यों हो रही है।

नीम कोटेट यूरिया की ब्लैक मार्केटिंग ख़त्म हो गई है फिर राज्य में इसकी कमी क्यों हो रही है। 76 हज़ार टन खाद जुलाई तक स्टॉक में था, फिर इसकी कमी क्यों हो रही है ? किसानों को ये खाद क्यों नहीं दिया जा रहा है? ये सरकार भगवान भरोसे चल रही है। इस सरकार की कोई योजना नहीं, कोई नीति नहीं। दो रुपए किलो में गोबर ख़रीदा जा रहा है, उसमें मिट्टी मिलाकर दस रुपये में ख़रीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। राज्य सरकार गोबर खाद के ज़रिए अपना ख़ज़ाना भरने की कोशिश कर रही है।

# कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया बोले- पेगासस मामले पर हो निष्पक्ष जांच, केंद्र की भूमिका संदेह के दायरे में



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया रायपुर पहुंचे। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुनिया का भव्य स्वागत किया। वहीं पत्रकारों से चर्चा करते हुए पीएल पुनिया ने कहा कि निगम-मंडल की लगभग सभी सूची जारी हो गई है, बाकी भी आ जाएगी। पेगासस जासूसी मामले पर कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया बोले कि हमारी पार्टी ने जांच की मांग की है। केंद्र सरकार की भूमिका संदेह के दायरे में है। जासूसी किसने करवाई, क्यों करवाई गई, जो आरोप लगे हैं उस पर निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

खाद-बीज की किल्लत के भाजपा के आरोप पर पुनिया ने कहा कि भाजपा को अपना 15 साल का शासन देखना चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार में किसान खुश हैं।

## भारतीय जनता पार्टी किसानों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रही : कांग्रेस

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसानों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रही है। कांग्रेस के मुख्यप्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य में जो खाद की कमी के कुछ जगह हालात बने है उसके लिए भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार जिम्मेदार है। केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मांगे गए लगभग 11 लाख टन उर्वरकों की समय पर आपूर्ति नही किया जा रहा। राज्य को अभी तक जितनी आपूर्ति होनी थी केंद्र ने उसका आधे से भी कम सिर्फ 45 फीसदी ही आपूर्ति किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधनमंत्री से राज्य को तीन लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त उर्वरकों की मांग की थी, केंद्र ने इस पर भी कोई जबाब नही दिया। मोदी सरकार की छत्तीसगढ़ के किसानों के प्रति बदनीयती इसी से झलकती है कि छत्तीसगढ़ को केन्द्र ने उसको आबंटित खाद पर 45 प्रतिशत ही दिया है लेकिन मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, पंजाब, हरियाणा जैसे राज्यों को मोदी सरकार ने वहां के लिये आवंटित कोटे का 90 प्रतिशत सप्लाई पूरा कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्यप्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा नेताओं से पूछा कि बताएं किस भाजपा विधायक सांसद ने केंद्र से छत्तीसगढ़ को सरकार के द्वारा मांगे गए उर्वरकों की आपूर्ति शीघ्र करने के लिए पहल की कोई पत्र लिखा।

# राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को श्रावण मास की दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल अनुसुईया उइके ने प्रदेशवासियों को श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का पर्व है। इस समय श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं। छत्तीसगढ़ के विभिन्न मंदिर देवालयों में भगवान महादेव की उपासना की जाती है। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेश की सुख-समृद्धि तथा देश और प्रदेश को कोरोना से जल्द मुक्ति दिलाने की कामना की है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि कोरोना संकट के मद्देनजर सावधानी बरतें और शासन द्वारा कोरोना से बचाव के लिए दिए गए निर्देशों को मानते हुए त्यौहार मनाएं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भगवान शिव की आराधना के प्रतीक पवित्र श्रावण मास के 25 जुलाई से शुभारंभ पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर बघेल ने प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। बघेल ने कहा कि सावन मास के प्रारंभ के साथ ही शिव जी की विशेष आराधना शुरू हो जाती है। विशेष रूप से श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव से सावन सोमवार को शिवजी का व्रत रखते हैं। मुख्यमंत्री ने आम जनता से अपील की है कि कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है इसलिए कोरोना से बचाव के लिए जारी सभी प्रोटोकाल का पालन करते हुए शिव आराधना करें। उन्होंने महादेव से सभी लोगों की रक्षा के लिए के लिए प्रार्थना की है।

# राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के उन्नत कपड़े के लिए आईआईटी, दिल्ली के स्टार्टअप स्वात्रिक का फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया से करार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईआईटी-दिल्ली के स्टार्टअप स्वात्रिक ने देश के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का उत्कृष्ट और उन्नत कपड़ा विकसित करने के लिए फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के साथ करार किया है। इस स्टार्टअप के माध्यम से तिरंगा के बेहतरीन कपड़े के लिए अनुसंधान करने के वास्ते हाल ही में एफआईटीटी, आईआईटी-दिल्ली और फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गए थे।

आईआईटी-दिल्ली के कपड़ा और फाइबर इंजीनियरिंग विभाग के शोधकर्ताओं द्वारा शुरू किया गया स्टार्टअप स्वात्रिक, भारतीय घरेलू कपड़ा और परिधान उद्योगों में स्मार्ट और फंक्शनल उत्पादों की नई और प्रतिस्पर्धी श्रेणियों के व्यावसायीकरण में मदद करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक विकसित करने का काम कर रहा है।

26 जनवरी 2002 को, भारतीय नागरिकों को पूरे वर्ष अपना राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अनुमति प्रदान कर दी गई। इसके बाद 23 जनवरी 2004 को एक ऐतिहासिक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने माना कि पूर्ण मान-सम्मान के साथ स्वतंत्र रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है।

भारत की विविध जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए ध्वज के कपड़े डिजाइन और



विकसित करना एक बड़ी चुनौती है। ध्वज के लिए सामग्रियों का चयन और डिजायन विशेष रूप से किये जाने की आवश्यकता है ताकि वजन भी कम रहे और बहुत अधिक गर्मी, बहुत अधिक ठंड अथवा भारी बरसात में भी तिरंगा पूरी मजबूती और आन-बान-शान से फहराता रहे।

स्वात्रिक के मेंटर और आईआईटी-दिल्ली के कपड़ा एवं फाइबर इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. बिपिन कुमार ने कहा, 'यह समय की आवश्यकता है कि ध्वज निर्माताओं को ध्वज की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए उचित मानकों और विषय के गंभीर ज्ञान अथवा तकनीकी धागा-तंतु के कौशल से यथोचित सहयोग दिया जाए ताकि झंडे के कपड़ों की गुणवत्ता में वांछित सुधार आए।'

गौरतलब है कि फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया एक गैर-सरकारी संगठन है, जो सोसाइटी रजिस्ट्रेशन ऐक्ट-1980 के तहत पंजीकृत है। संस्था का सपना है कि अधिक से अधिक भारतीयों के हाथ में तिरंगा हो और उनके मन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गर्व की अनुभूति भी हो।

आईआईटी-दिल्ली से समझौता करने के बाद फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सीईओ मेजर जनरल (रि.) अशीम कोहली ने अपने संबोधन में कहा,÷हम सदैव अच्छी क्वालिटी के ध्वज हासिल करने की चुनौती का सामना करते रहे हैं। यह वाकई हमारे लिए गर्व का पल है कि आईआईटी-दिल्ली के विशेषज्ञ उचित तकनीकी का विकास कर रहे हैं, जो हमारे देश के सम्मान के लिए गौरवशाली होगा।

इस सहयोग की सराहना करते हुए आईआईटी-दिल्ली के निदेशक प्रो. रामगोपाल राव ने कहा, ÷सूती वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में भारत के ग्लोबल लीडर बनने की अपार संभावनाएं हैं। आईआईटी-दिल्ली में कपड़ा और फाइबर इंजीनियरिंग विभाग लगातार स्मार्ट और फंक्शनल कपड़ा परियोजनाओं के क्षेत्र में काम कर रहा है, 'मेक इन इंडिया' प्रौद्योगिकियों के माध्यम से जियो-टेक्सटाइल, रक्षा, खेल से संबंधित वस्त्र, स्मार्ट वियरेबल्स, चिकित्सा, कंपोजिट्स, परिवहन, सुरक्षा पैकेजिंग समेत संपूर्ण भारतीय टेक्सटाइल उद्योग को सशक्त बनाने के लिए नेशनल टेक्सटाइल्स मिशन को सहयोग दे रहा है।

## छत्तीसगढ़ राज्य देश के दूसरे राज्यों के लिए मिसाल रहा है

# बिजली महंगी होने से उद्योगों की टूट सकती है कमर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर छत्तीसगढ़ राज्य में प्रगति की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। समय-समय पर प्रदेश सरकार की ओर से जारी होने वाली औद्योगिक नीतियां इस बात का प्रमाण हैं कि उद्योगों का प्रोत्साहन उनकी प्राथमिकताओं में शामिल हैं। सरकार की औद्योगिक नीतियों का ही परिणाम हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना के बाद से औद्योगिक प्रगति और निवेश की दृष्टि से भी मजबूत होता गया।

ऊर्जा क्षेत्र की ही बात करें, तो इसमें छत्तीसगढ़ राज्य देश के दूसरे राज्यों के लिए मिसाल रहा है। प्रदेश के गर्भ में छुपे अकूत कोयले के भंडार और बारहों महीने जल से भरी रहने वाली नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों से ऊर्जा क्षेत्र को निरंतर गति मिली और यह प्रदेश 'पावर सरप्लस' स्टेट का दर्जा रखता है। ग्रामीण क्षेत्रों तक विद्युत की चौबीसों घंटे आपूर्ति की गारंटी और व्यवसाय के अनुकूल माहौल के कारण उद्यमियों ने निवेश को प्राथमिकता दी।

हालांकि नवीकरणीय खरीद प्रतिज्ञापत्र (आर.पी.ओ.) के मामले में कहें तो ऐसा लगता है कि यदि आर.पी.ओ. की नई दरें राज्य में लागू हो जाती हैं तो फिर उद्योगों के लिए संकटों का नया दौर शुरू हो जाएगा। संकट यह होगा कि राज्य में बिजली की दरें महंगी हो जाएंगी। महंगी बिजली दरों के कारण औद्योगिक उत्पादों की कीमतों में इजाफा होगा जिससे महंगाई दर में और भी बढ़ोत्तरी हो जाएगी। देश पहले ही महंगे पेट्रोल-डीजल के कारण बेतहाशा महंगाई झेल रहा है। ऐसे में यदि औद्योगिक उत्पादन पर असर हुआ तो इसका प्रत्यक्ष नकारात्मक प्रभाव नागरिकों के रोजगार पर होगा।

ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार ने हाल ही में नवीकरणीय खरीद प्रतिज्ञापत्र (आर.पी.ओ.) पर नई दरों का एलान किया है। यह दरें लगभग 22 फीसदी के आसपास है। आर.पी.ओ. का संबंध देश में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने से है। चूंकि आर.पी.ओ. समवर्ती सूची का मसला है इसलिए केंद्र ने नई दरों के एलान के साथ ही राज्य सरकारों के विवेक पर यह छोड़ दिया है कि वे राज्य में उत्पादित होने वाली नवीकरणीय ऊर्जा के अनुपात में आर.पी.ओ. की दरें तय करें।

केंद्र की नई दरों के बाद छत्तीसगढ़ ने आर.पी.ओ. की ठीक वहीं दरें जस की तस निर्धारित कर दी हैं जो दरें केंद्र की थीं। यानी राज्य सरकार का कहना है कि प्रदेश के कैप्टिव ऊर्जा संयंत्रों को 21.8 फीसदी की दर से नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (आर.ई.सी.) खरीद करना होगा।

आर.ई.सी. की खरीद राज्य सरकारों की ओर से इसलिए अनिवार्य की जाती है ताकि वे अपने राज्य को हरित राज्य बनाने के मानकों पर तैयार कर सकें। यह भी तथ्य है कि इस पूरे प्रकरण में ज्यादातर राज्यों को कोई राजस्व नहीं मिलता। छत्तीसगढ़ राज्य का लगभग 50 फीसदी क्षेत्रफल घने जंगलों से घिरा है। ऐसे में ही इस राज्य में नवीकरणीय विद्युत के उत्पादन की संभावनाएं पहले ही कम हैं। राज्य के शेष क्षेत्रफल में नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की स्थापना की संभावित क्षमता का जो आंकलन है वह लगभग 1.8 फीसदी बैठता है।

पड़ोसी राज्य ओडीशा की स्थिति को देखें तो वहां नवीकरणीय ऊर्जा की संभावित क्षमता का आंकलन 2.69 प्रतिशत के आसपास है जबकि ओडीशा ने अपने यहां कैप्टिव ऊर्जा संयंत्रों के लिए आर.पी.ओ. की दरें 3 फीसदी के आसपास निर्धारित की है। निवेशकों की दृष्टि से आर.पी.ओ. की यह दरें अत्यंत आकर्षक हैं और राज्य में निवेश के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

तार्किक दृष्टि से देखें तो यदि छत्तीसगढ़ में किसी कैप्टिव ऊर्जा संयंत्र को अपनी उत्पादन क्षमता के अनुपात में नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र की खरीद करनी है तो वह 1.8 फीसदी के अनुपातिक दर पर या अधिक से अधिक इसके दोगुने दर पर खरीद करे तो कैप्टिव ऊर्जा संयंत्र इसके वित्तीय परिणामों को आसानी से झेल जाएंगे। जबकि 21.8 फीसदी के अतार्किक दर से यदि आर.ई.सी. की खरीद की जाए तो न सिर्फ राज्य से बड़ा राजस्व दूसरे प्रदेशों को चला जाएगा बल्कि राज्य में बिजली की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि हो जाएगी।

छत्तीसगढ़ राज्य में आर.पी.ओ. की दरों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी से यह आशंका है कि सी.पी.पी. तालाबंदी की स्थिति में पहुंच जाएंगे। इससे ऊर्जा संयंत्रों में नियोजित हजारों लोगों के समक्ष रोजगार का संकट उत्पन्न हो सकता है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में ऊर्जा संयंत्र पहले ही विद्युत शुल्क, जल शुल्क, निगम शुल्क सहित राज्य के अन्य करों के रूप में बड़ी राशि राजस्व के रूप में योगदान करते हैं। 21.8 फीसदी का आर.पी.ओ. का अतिरिक्त बोझ कैप्टिव ऊर्जा संयंत्रों की कमर तोड़ देगा।

भारत ने वर्ष 2022 तक 175 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही अनेक नीतियां क्रियान्वित की गई हैं जिससे अर्थव्यवस्था में इस नवीकरणीय ऊर्जा की मांग पैदा करने का वातावरण विकसित किया जा सके। एक महत्वपूर्ण मानक के रूप में, बिजली अधिनियम 2003 में यह स्थापित किया गया है कि विद्युत आधारित उद्योग, जिनमें ऐसे उद्योग भी शामिल हैं जिनके पास स्वयं का कैप्टिव विद्युत संयंत्र है, वे नवीकरणीय खरीद प्रतिज्ञापत्र (आर.पी.ओ.) से बंधे होंगे। उद्योग के लिए या तो निर्दिष्ट नवीकरणीय ऊर्जा (आर.ई.) स्त्रोत से बिजली खरीदना जरूरी है या फिर उन्हें बाजार से नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (आर.ई.सी.) क्रय करना आवश्यक है।

# पंचायत सचिव और रोजगार सहायक के खिलाफ लामबंद हुए ग्रामीण

## सचिव और रोजगार सहायक को हटाने की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले के बावड़ी ग्राम पंचायत में निवासरत ग्रामीण पंचायत सचिव ओर रोजगार सहायक के खिलाफ लामबंद हो गए है। इसमे ग्रामीणों ने 2 साल से मजदूरी भुगतान नही करने सहित प्रधामंत्री आवास निर्माण की क़िस्त नही देने का आरोप पंचायत सचिव ओर रोजगार सहायक पर लगाते हुए दोनों को पंचायत से हटाने की मांग ग्रामीणों ने कलेक्टर से की है। जानकारी के अनुसार जिले के नारायणपुर विकासखंड अंतर्गत बावड़ी ग्राम पंचायत में 2019-20 में मनरेगा के तहत डबरी निर्माण, भूमि समतलीकरण, द्वितीय श्रेणी सड़क निर्माण कार्य करवाया गया था। इसमे बावड़ी ग्राम पंचायत मनरेगा जॉब कार्डधारी मजदूरी से निर्माण कार्य करवाया गया था। बावड़ी ग्राम पंचायत में हुए मनरेगा के निर्माण कार्य का मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नही जो पाया है। इसमे मजदूरी की मांग पंचायत सचिव ओर रोजगार सहायक को करने पर राशि नही आने बहाना कर पल्ला झाड़ लेते है। इससे मजदूर प्रत्येक माह ग्राम पंचायत बावड़ी के कार्यालय पहुचकर मजदूरी की मांग करते है। लेकिन पंचायत सचिव ओर रोजगार सहायक राशि नही आने का बहाना कर हर बार मजदूरी भुगतान से पल्ला झाड़ लेते है। इससे 2 साल बीतने के बावजूद मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नही हो पाया है। वही 2017-18 प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बावड़ी 25 आवास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इससे ग्रामीण हितग्राहियों ने आवास निर्माण का कार्य शुरू करवाया था। इसमे आवास निर्माण का कार्य पूर्ण होने पर हितग्राहियों को 15-15 हजार रुपए की राशि प्रदान की जानी थी। लेकिन हितग्राहियो को मात्र 3-3 हजार रुपये बस प्रदान किए गए। इसके बाद शेष राशि प्रदान करने में कोई रुचि नही दिखाई जा रही है। वही पंचायत सचिव ओर रोजगार सहायक द्वारा ग्राम पंचायत के कार्यो में कोई ध्यान नही देने कारण ग्रामीण परेशानियों का सामान करने के लिए मजबूर हो गए है। इन समस्याओं के निजात के ग्रामीण पंचायत सचिव ओर रोजगार सहायक के खिलाफ लामबंद हो गए है। इससे बावड़ी ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर मजदूरी भुगतान करने सहित पंचायत सचिव व रोजगार सहायक को हटाने की मांग की है। इसमे ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है।

# पेंशनर कर्मचारी संघ भवन पर मनमानी पूर्वक होटल संचालक ने किया कब्जा



पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ संघ ने संघ के भवन पर होटल के संचालक द्वारा बलात कब्जा करने का आरोप लगाया है। संघ ने बताया कि नगर के बीचोबीच स्थित पेंशनर कर्मचारी संघ भवन सन 1989 में कर्मचारी संघ ने संघ की मदद से भवन निर्माण कराया था, जिसे कुछ सालों के लिए सरस्वती शिशु मंदिर को किराये पर दिया गया था। सरस्वती शिशु मंदिर को हटा कर कर्मचारियों ने पेंशनर ऑफिस के नाम से उस भवन का नाम रखा और संचालित किया जा रहा था। कुछ माह बाद नगर पंचायत के सामने आनंद होटल को नगर पंचायत ने हटा दिया। जिसके बाद आनंद होटल संचालक ने पेंशनर भवन के सामने मनमानी होटल संचालित की जा रही है। 15 अगस्त को देखते हुए पेंशनर कर्मचारियों संघ ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि ध्वजारोहण के स्थल पर दीवाल बना दिया गया है, जो कि अपराध है। सामने 15 अगस्त आने वाला है, हर साल ध्वजारोहण किया जाता रहा है। लेकिन इस बार ध्वजारोहण चबूतरा को ही अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। अब हम ध्वजारोहण करे तो कहा करे। हमारी प्रशासन से मांग है कि 15 अगस्त से पहले अवैध अतिक्रमण को हटाया जाए ताकि 15 अगस्त में हम ध्वजारोहण कर सकें। संघ के जिला अध्यक्ष नरहर सिंह ठाकुर ने कहा कि यदि 15 अगस्त से पूर्व उक्त स्थल को खाली करा के संघ के सुपुर्द नहीं किया जाता है, तो संघ आंदोलन को बाध्य हो जाएगी।



# मलेरिया मुक्त अभियान के चौथे चरण को सफल बनाने स्वास्थ्य विभाग के सम्पूर्ण अमले ने झोंकी ताकत

■ नदी-नाले एवं दुर्गम रास्ते भी नहीं कर पा रही है अधिकारी-कर्मचारियों के उत्साह को कम

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के अन्तर्गत बस्तर जिले को मलेरिया से मुक्ति प्रदान करने हेतु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के चैथे चरण को सफल बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों के अलावा मितानीन तक के मैदानी अमले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी सम्पूर्ण ताकत झोंक दिया है। बारिश के अलावा नदी, नालें पहाड़ एवं दुर्गम रास्ते भी इस अभियान को सफल बनाने पूरे मनोयोग से कार्य कर रहे अधिकारी-कर्मचारियों की उत्साह को कम नहीं कर पा रही है। चैथे चरण के अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी जिले के अतिसंवेदनशील एवं सुदूर वनांचल के ग्रामों में नदी, नालों एवं पहाड़ो को पार करते हुए पहुंचकर ग्रामीणों की मलेरिया जांच कर रहे है। अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा मलेरिया जांच में पॉजिटिव पाये जाने वाले मरीजों को मलेरिया रोधी दवा का वितरण एवं इसके बचाव हेतु आवश्यक सुझाव भी दिया जा रहा है।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि बस्तर जिले के मलेरिया मुक्त बनाने हेतु मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ के चैथे चरण का अभियान 15 जून से प्रारंभ किया गया है, जो 31 जुलाई तक निरंतर चलेगी। उल्लेखनीय है कि बस्तर जिले में मलेरिया मुक्त अभियान के प्रथम चरण में 5 हजार 203, द्वितीय चरण में 4 हजार 909 एवं तृतीय चरण में 1818 मलेरिया के पॉजिटिव प्रकरण पाये गए हैं। चौथे चरण के इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के 162 टीम के द्वारा 1 लाख 46 हजार 677 जनसंख्या वाले 149 पहुंचविहीन अतिसंवेदनशील ग्रामों के 1 लाख 19 हजार 218 लोगों की मलेरिया जांच की जा चुकी है। इसके में से 1333 लोग मलेरिया पॉजिटिव पाए गए जिनका त्वरित ईलाज किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के सर्वे के दौरान जिले के 283 घरों में मच्छरों के लार्वा भी पाया गया, जिसे नष्ट करने की कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दवाई एवं मच्छरदानी के वितरण के अलावा आम लोगों को मलेरिया के उपायों के संबंध में भी जानकारी दी जा रही है।

### मिलिंग क्षमता के अनुरूप कार्य नहीं करने पर मिलर को कलेक्टर ने

**जगदलपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में जिला बस्तर में समर्थन मूल्य पर कुल 142618.64 मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई। खरीदी धान का निराकरण जिले के पंजीकृत 27 राईस मिलरों के द्वारा कस्टम मिलिंग के माध्यम से किया जा रहा है। जिसमें कुछ मिलरों द्वारा अपनी मिलिंग क्षमता के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है, ऐसे राईस मिलरों पर विभाग के द्वारा जांच की जा रही है। इसी तारतम्य में खाद्य विभाग के द्वारा धनपुंजी स्थित अरवा राईस मिल मेसर्स हनुमान राईस मिल में जांच की गई। जांच में मेसर्स हनुमान राईस मिल, धनपुंजी विकासखण्ड जगदलपुर के प्रोप्राइटर अर्जुन कुमार गुप्ता के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 मेकं 48 हजार क्विंटल धान उठाव हेतु अनुबंध कराया गया है। अनुबंध के विरूद्ध केवल 21 हजार 807.87 क्विंटल धान का उठाव किया गया और 13 हजार 534.58 क्विंटल चांवल सीएमआर जमा किया गया। चुंकि फर्म की क्षमता 4 टन प्रति घंटा है क्षमता अनुसार कस्टम मिलिंग की कार्य प्रतिशत 25 प्रतिशत से कम होने पर खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा मेसर्स हनुमान राईस मिल में जांच की गई।

# लोककला, पुरातत्व शिल्पकला, देवस्थल, संस्कृति भाषा संवर्धन तथा अभिलेखीकरण हेतु बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल की अध्यक्षता में बस्तर की लोक कला,लोक गीत, लोक नृत्य एवं बस्तर की स्थानीय भाषा हल्बी, गोंडी, भतरी तथा बस्तर की शिल्प के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु इन विधा के जानकारों की बैठक जिला कार्यालय के प्रेरणा हॉल में अभिलेखीकरण हेतु विस्तृत चर्चा की गई। ज्ञात हो कि बस्तर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष लखेश्वर बघेल के मंशानुसार एवं उनके निर्देश के तहत संभाग के सातों जिलों में आदिवासी विकास विभाग को नोडल अधिकारी बनाकर इस कार्य शीघ्र पूर्ण कराने हेतु जिम्मेदारी दी गई है।

कलेक्टर बंसल ने कहा शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधि विधा के जानकार अशासकीय एवं शासकीय व्यक्ति सभी मिलकर इस कार्य को अंजाम तक पंहुचाएं, जिससे बस्तर की लोककला, संस्कृति, भाषा का संवर्धन एवं संरक्षण हो सके और आगामी पीढ़ी तक यह सुरक्षित तथा लिपिबद्ध होकर पहुंचे एवं देश-दुनिया तक इसका परिचय कराया जा सके। उन्होंने कहा कि आसना में निमार्णाधीन बादल सरथा में संस्कृति से संबंधित विधाओं का प्रदर्शन एवं फिल्मांकन भी किया जाना है उस हेतु भी आप सभी को कार्य करने की आवश्यकता है। इस हेतु शासन स्तर से आर्थिक रूप से एवं अन्य रूप से पूर्ण सहयोग किया जावेगा। बैठक में उपस्थित विभिन्न विधाओं के जानकार लोगों से सुझाव भी लिए गए।

बैठक में उपायुक्त आदिवासी विकास विभाग विवेक दलेला ने बताय कि पूर्व में गठित जनजाति संस्कृति को संरक्षित करने एवं अभिलेखीकरण करने हेतु 05 समितियां बनाई गई हैं। इन समितियों के कार्यों की जानकारी संकलित कर कलेक्टर निदेर्शानुसार कार्य योजना तैयार कर दो सप्ताह में प्रस्तुत की जाएगी। इस कार्य को पूर्ण करने हेतु विधा के जानकार लखेश्वर खुदराम, डा.रूपेन्द्र कवि हिडमो वट्टी, भरत गंगादित्य, राजेंद्र सिंह, बलदेव कश्यप, बुधराम करटाम. तथा उपस्थित अन्य लोगों ने भी अपने विचार एवं सुझाव दिए। कार्यक्रम में मुरिया समाज, धुरवा समाज, कोया समाज, हल्बा समाज, मुण्डा समाज के प्रमुख व्यक्तियों के साथ अनेक विधा जानकार उपस्थित थे।

# किरंदुल में बारिश के चलते गिरी गजराज कैम्प प्राथमिक शाला की बाउंड्रीवाल



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरंदुल वार्ड क्रमांक 03 गजराज प्राथमिक शाला की बाउंड्रीवाल गिर गई।आपकों बता दें नगर में हो रही लगातार बारिश से आज सुबह 09 बजे विद्यालय की बाउंड्रीवाल गिरकर पूरी तरह धराशायी हो गई जिससे विद्यालय के पीछे स्थित निर्मल राम साहू नामक व्यक्ति के घर की दीवारों में दरारें आ गई एवं एडवेस्टर शीट टूट गई मौके पर पार्षद रामकिशोर पहुंचकर इसकी जानकारी पटवारी को दिया।पटवारी हेमन्त देवांगन द्वारा घटना स्थल का मुआयना कर प्रकरण बनाकर तहसील कार्यालय भेजा गया।

# कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा बैंक ऋण के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



वित्तीय वर्ष 2021-22 प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम हेतु विनिर्माण एवं सेवा से संबंधित क्रियाकलाप पात्र होंगे। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में विनिर्माण एवं सेवा के अतिरिक्त व्यवसाय क्रियाकलाप भी पात्र है। 2021-22 हेतु सीमित लक्ष्य है। अतः पहले आओ पहले पाओ तथा बैंक के समव्यवहार पर आवेदन अनुशंसित किए जायेगें।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोण्डागांव के महाप्रबंधक अजीत टोप्पो ने जानकारी देते हुए बताया, की शहरी क्षेत्र के निवासियों को विशेष सलाह दी जाती है, कि वे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत् कृपया खादी बोर्ड तथा खादी आयोग में आवेदकों के आवेदन हेतु अधिकृत किया गया है, जब कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र दोनों हितग्राही पात्र होगें।

**जिसके लिए आवश्यक दस्तावेज :** 1.आधार कार्ड/ मतदान पत्र, 2. पासपोर्ट साइज दो फ़ोटो, 3. न्यूनतम आठवीं पास हो , 4. आरक्षित वर्ग के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र , 5. निवास प्रमाण पत्र , 6. आय प्रमाण पत्र अधिकतम 3.00 लाख तक हो, 7. नगर पालिका / नगर पंचायत / ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र , 8. प्रोजेक्ट रिपोर्ट ( परियोजना प्रतिवेदन) , 9. निर्धारित प्ररूप में शपथ पत्र , 10. सामान्य वर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष तक ।

# जनपद पंचायत की सामान्य सभा की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापुर
www.dailypioneer.com



बृजबती मरकाम अध्यक्ष जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर की अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष सुनाराम तेता,मुख्यकार्यपालन अधिकारी उत्तम सिंह पंचारी( डिप्टी कलेक्टर) सभी जनपद सदस्य एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक सम्पन हुई।

लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदारों के माध्यम से कराये जा रहे कार्यो को समय सीमा में पूर्ण नहीं कराने एवं गुणवत्ता विहिन होने की बात को लेकर जनपद सदस्यों द्वारा नाराजगी प्रगट करते हुए, गुणवत्ता पूर्ण एवं समय सीमा में कार्य पूर्ण करने की मांग की।

सदस्यों द्वारा विद्युत विभाग से हो रही समस्याओं को भी जल्द दुरुस्त करने की मांग की गई। समाज कल्याण विभाग से 65 हितग्राहियों का सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्विकृत किया गया है। जिसमें से दो हितग्राही नक्सल पिड़ीत है। सभी 65 हितग्राहियों को माह जुलाई 2021से पेंशन मिलना प्रारंभ हो जायेगा।इसी प्रकार राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत तीन हितग्राहियों को 20--20 हजार रुपए अनुदान राशि स्वीकृत की गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी द्वारा माह सितम्बर अक्टूबर में कोविड की तीसरी लहर आने की संभावना ?प्रगट की। इसके बचाव के लिए वेक्शिन के दोनों डोज लगवाने, भीड़ भाड़ वाले इलाके में जाने से बचने ,मास्क नियमित लगाने और लगातार साबून से हाथ धोते रहने का सुझाव दिया गया। 15 वें वित्त आयोग से जनपद पंचायत को मिलने वाली 15व राशि से 36 कार्यो का 99 लाख रुपए का जनपद पंचायत के अनुमोदन से तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति के पश्चात कायार्देश जारी किया गया है।

## टूटी गेट व जाली की बाउंड्रीवाल भी है गिरने की कगार पर

# अपनी बदहाली पर आंसू बहाता कुढ़ारगांव पंचायत का गोठान

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com





जिले के ग्राम पंचायत कुढ़ारगांव में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना गोठान का हाल बेहाल है । गोठान का संचालन सिर्फ कागजों में अच्छे तरीके से किया जा रहा है जमीनी हकीकत कुछ और ही बया करती नजर आ रही है । गोठान को देखकर लगता है कि गोठान में महीनों से कोई देख रेख करने वाला नही है ।

गोठान का गेट टूटकर गिरा पड़ा है वही लगभग 4 लाख की लागत से लगाया गया जाली का बाउंड्रीवाल भी गिरने की कगार पर है । गोठान के अंदर घुसते ही तराजू टंगा हुआ है जो गोबर का इंतजार करता नजर आ रहा है वही गोठान गायों के इंतजार में आंसू बहाती दिखाई पड़ रही है । जिस उद्देश्य को लेकर सरकार ने ग्राम पंचायतों में गोठान का निर्माण करवाया है उस उद्देश्य को फलिता लगाने में ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव ने कोई कसर नही छोड़ी है । पंचायत में गोठान का निर्माण कराके जिम्मेदार भूल गए है जिस वजह से गोठान का हाल बेहाल है । वही जिम्मेदार अधिकारी जो ग्राम पंचायतों का दौरा कर गोठान का बखान करते है क्या उनका दौरा भी नाम का है क्या ।

सूचना

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल, मोवा, रायपुर में **एक्सरे-टेक्निशियन** कोर्स करने हेतु इच्छुक छात्र/छात्राएं जल्द से जल्द संपर्क करें। चयनित छात्र के फीस का 50% प्रतिशत स्कॉलरशिप श्री बालाजी मेडीकल फाउंडेशन द्वारा वहन किया जावेगा। **स्थान सीमित है।**

संपर्क 7471130598

# रासायनिक खाद, बीज के कमी को लेकर 26 जुलाई को भाजपा किसान मोर्चा का विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन

## समस्याओं के तत्काल समाधान हेतु कलेक्टर, एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




प्रदेश में उपजे रासायनिक खाद, बीज के प्रायोजित षड्यंत्र के वजह से बनी कमी व उनकी वितरण प्रणाली के अव्यवस्था से जूझ रहे किसान भाइयों की समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आगामी दिन सोमवार 26 जुलाई को पूरे प्रदेश में विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी। भाजपा किसान मोर्चा के बैनर तले यह विशाल धरना प्रदर्शन प्रदेश के सभी 90 विधानसभाओं में एक साथ आयोजित किया जायेगा। जिसकी पूर्व तैयारियों का जायजा व किये जाने वाले कार्यों के रूपरेखा के संबंध में दिनांक 23 जुलाई दिन शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय बलौदाबाजार में आवश्यक बैठक आहुत की गई। जिसमें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, विधायक व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, संगठन प्रभारी मोतीराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ. सनम जांगड़े, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य द्वय डॉ. अजय राव, सुरेंद्र टिकरिहा, भाजपा नेता योगेश चंद्राकर, सहित बेदराम जांगड़े, श्यामबाई साहू विशेष रूप से शामिल थे।

जिला कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के किसानों को खाद की कमी से जूझना पड़ रहा है, एक ओर सोसायटी में खाद नहीं मिल रही है और दूसरी ओर खुले बाज़ार में खाद की ऊँचे दामों में बिक्री हो रही है। यह सब कांग्रेस सरकार की गलत नीति व नीयत की वजह से हो रहा है। किसानों की आवाज बन कर भारतीय जनता पार्टी ने धरना आंदोलन की रुपरेखा बनाई है। जिसमें भाजपा के समस्त मोर्चा, प्रकोष्ठ, मंडल व जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हो, उक्त धरना में स्वयं के व्यय से कार्यक्रम स्थल तक पहुँचे कार्यकर्ता, यह हमारा नैतिक दायित्व है, अग्रवाल ने प्रदेश संगठन प्रभारी व राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश के बात को दोहराते हुए कहा कि उनके द्वारा सक्रिय बूथ, सक्रिय मंडल, सशक्त विधानसभा का नारा दिया गया जिसे हमें बखूबी निभाना है। विधायक व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने बैठक में निर्देश दिए कि 24 जुलाई को मंडल में आयोजित बैठक में धरना की रूपरेखा तय कर ली जाए, ष्हमारी शक्ति का प्रदर्शन ही शासनध्प्रशासन पर दबाव बनाएगाष् जिससे किसान भाइयों की समस्या का समाधान हम करने में सफ्ल होंगे, हर कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने जुट जाएं जिसका यश भी उसे ही मिलेगा, एक मजबूत विपक्ष की भागीदारी बूथ स्तर तक सुनिश्चित करना है।

# बंद रहने के चार माह बाद 26 जुलाई से फिर से खुलेंगी आंगनबाड़ी केन्द्र



पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

आंगनबाड़ी केन्द्र चार महीने बंद रहने के बाद सोमवार 26 जुलाई से फिर से खुलेंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 26 जुलाई से जिले की सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों को फिर से शुरू करने के सशर्त निर्देश दिये गये हैं। इस दौरान बच्चों को दोपहर का गरम भोजन एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के संचालन के निर्देश कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए केन्द्र संचालन करने के निर्देश दिया गया है। केन्द्र संचालन के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी एल.आर. कच्छप द्वारा जूम मीटिंग के द्वारा सभी परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षकों को दिशा निर्देश की जानकारी देते हुए इनका पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इस क्रम में सेक्टर स्तर पर पर्यवेक्षक द्वारा 24 जुलाई को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ और सहायिकाओं को प्रशिक्षण दी जायेगी। जो आंगनबाड़ी केन्द्र कंटेनमेंट जोन क्षेत्र में आते है अथवा जिला प्रशासन द्वारा बंद करने का निर्णय लिया गया है, उन क्षेत्र में आंगनबाड़ी संचालित नहीं होगा। आंगनबाड़ी केन्द्रों को सेनेटाईज करने, 3-6 वर्ष के अधिकतम 15 बच्चों की उपस्थिति आंगनबाड़ी भवन में रहेगी। साथ ही सामाजिक दूरियों का पालन करने के निर्देश दिए गए है तथा केन्द्र में बच्चों को भेजने हेतु पालकों की सहमति लिए जाने के निर्देश भी दिए गए है। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 के कारण 22.मार्च 2021 से आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन बंद है। आंगनबाड़ी केन्द्र बंद होने से कुपोषण में बढ़ोतरी हो सकती है जिसे देखते हुए शासन द्वारा कोविड-19 के दिशा निर्देश का पालन करते हुए 26 जुलाई से आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किया जावेगा।

# सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुपूर्णिमा मनाया गया




पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

डॉ. अम्बेडकर बाल कल्याण समिति नेवरा द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. वि. नेवरा में महर्षि वेदव्यास के जन्मदिन के पावन अवसर पर गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में समिति के अध्यक्ष पवन अग्रवाल तथा अध्यक्ष के रूप में समिति के कोषाध्यक्ष अजय शर्मा रहे! कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा डा. हेडगेवार, भारतमाता व श्रीगुरुजी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया! आचार्य मनीष कुमार पटेल ने भजन प्रस्तुत किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि सनातन काल से भारत में गुरु परम्परा है सभी को गुरु के सानिध्य में रहकर शिक्षा ग्रहण करना होता है! अतिथियों द्वारा इस अवसर पर विद्यालय के आचार्यों को श्रीफल व कलम से सम्मानित किया गया! इस अवसर पर सत्र 2020-21 में विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता में तरूण वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त बहिन दुर्गा साहू को साहित्य व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया व शुभकामनाएँ देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की!

# फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए सामूहिक दवा सेवन जारी, 4 दिनों में 10 लाख 61 हजार से अधिक लोगों ने किया दवाइयों का सेवन

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




जिलें में 19 जुलाई से हाथी पाव, फाइलेरिया रोग के रोकथाम हेतु सामूहिक दवा सेवन गतिविधि जारी है, जो कि 24 जुलाई तक चलेगा। जिलें में 4 दिनों में कुल 10 लाख 61 हजार 178 लोगों द्वारा दवाई का सेवन किया जा चुका है। इस संबंध में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने बताया कि 19 से 21जुलाई तक फाइलेरिया दवा सेवन गतिविधि में फ़ाइलेरिया हेतु लक्षित वर्ग को डीईसी एवं कृमि नाशक गोली एल्बेंडाजोल दी जा रही है। कुल 6 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 19 जुलाई को बूथ का आयोजन हुआ था जबकि 20 से 22 जुलाई तक टीमों द्वारा गृह भ्रमण कर दवा का सेवन करवाया जा रहा है। 23 और 24 जुलाई को माप अप राउंड द्वारा छूटे हुए लोगों तक पहुंचा जाएगा।

इसके लिए जिले में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन एवं आंगनवाड़ी कार्यकताओं से 2 हजार 807 टीम दवा सेवन गतिविधि हेतु बनाये गए हैं। नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार प्रेमी ने जानकारी देतें हुए बताया किविकासखंड बलौदाबाजार में 2 लाख 6 हजार,कसडोल 2 लाख 25 हजार, बिलाईगढ़ 1लाख 90 हजार,पलारी1 लाख 90 हजार,सिमगा 1 लाख 40 एवं भाटापारा में 1 लाख 7 हजार लोगों ने दवाई का सेवन कर लिया है। उन्होंने आगें बताया कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के द्वारा होता है जो कि गंदे पानी में पनपता है,अतः बचाव के लिए इन मच्छरों को न पनपने दिया जाए और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। डॉ प्रेमी ने बताया कि गत वर्ष जिले में लिम्फे टिक फाइलेरिया के 291एवं हाइड्रोसिल के 236 प्रकरण मिले है। यह दवा एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों,गर्भवती महिलाओं, अति वृद्ध एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को नहीं दी जानी है।

## चंद्रशेखर आजाद, बाल गंगाधर तिलक, एवं बिसाहू दास की पुण्यतिथि कांग्रेस कार्यालय में मनाया

**सरायपाली।** शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा लोकमान्य बाल गंगा तिलक व अमर शहीद चन्दशेखर अजाद ,व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.बिसाहु दास महंत कि पुण्यतिथि कांग्रेस कार्यालय ,संजय नगर मे मनाया गया।इस अवसर पर आर.एन.आदित्य ,आधिवक्ता, अध्यक्ष, शहर कांग्रेस कमेटी , फिरोज खान ,प्रभारी महामंत्री, संत लाल बारिक जिला अध्यक्ष इंटक, आरिफ अली पिकीं ,जिला अध्यक्ष, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ, सेवा शंकर पाणीग्राही ,उपाध्यक्ष, तिरिथ कुमारी मानिकपुरी , अध्यक्ष, महिला कांग्रेस ग्रामीण, मोहसीन मेमन , उपाध्यक्ष, कांग्रेस नेता संदिप अग्रवाल ,महामंत्री वसीम हुसैन विनोद चौहान ,एल्डरमैन, इन्द्र डडसेना, मिडिया प्रभारी, इंटक, देवदर्शन कानुनगो, मिडिया प्रभारी, कांग्रेस शहर, पुरुषोत्तम यादव कांग्रेस नेता, अमित आहुजा नासिक खान ,सलमा मेमन भुनेश्वर साहु ,सचिव, प्रकाश साहु ,गोपाल बरिहा , रिक्कू लव आदित्य किर्ती दास , गोल्डी सिंह हर्ष बग्गा, समस्त कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# मंत्री लखमा के बयान पर कड़ी निंदा व्यक्त की पुष्प लता चौहान ने

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जिला महामंत्री पुष्पलता चौहान ने छत्तीसगढ़ मंत्री कवासी लखमा द्वारा भाजपा छत्तीसगढ़ प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी को फूलन देवी की संज्ञा देने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेसियों के द्वारा महिलाओं का अपमान करना आम बात है। जनता को गुमराह कर झूठे घोषणा पत्र के द्वारा सत्ता में आई सरकार के नेताओ से महिलाओं का सम्मान करने की मंशा रखना गलत होगा। भाजपा नेत्री पुष्पलता चौहान ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिले के ग्राम महामंद में छत्तीसगढ़ की बेटी दुर्गा साहू के साथ हुए अनाचार एवं मौत की घटना पर सरकार के मंत्रियों द्वारा घटना की कोई संज्ञान नहीं लिया गया ।भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जिला महामंत्री चौहान ने आगे बताया कि इसी तरह प्रदेश की बहन बेटियों से दुष्कर्म की घटनाएं घट रही है और पुलिस अपराधियों को बचाने में लगी हुई है ।विगत दिनों जिला मुख्यालय से लगे हुए ग्राम बेलसोंडा की एक कॉलेज की छात्रा को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दिया गया ,अपराधियों में कानून का कोई भय भी दिखाई नहीं दे रहा है । एवं कोमाखान में एक नाबालिग बेटी से आनाचार करने वाले आरोपी अभी तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं ।इन सभी उदाहरणों से स्पष्ट है कि प्रदेश की सरकार निरंकुश हो गई है उन्हें प्रदेश की आम जनता खासकर आदिवासी महिलाओं बेटियों के सुरक्षा की कोई चिंता नहीं है ।शराब माफियाओं के संरक्षण में गली मोहल्ले में बेतहाशा शराब की बिक्री हो रही है ,पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल बना हुआ है ।आम लोगों को अपनी बहन बेटियों की सुरक्षा के प्रति दहशत का माहौल बना हुआ है। इससे यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस शासन में महिलाओं का सुरक्षा एवं सम्मान नहीं होता।

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व जिला महामंत्री पुष्पलता चौहान ने मंत्री लखमा के बयान पर कड़ी निंदा व्यक्त की और कहा कि अगर कांग्रेसियों में शिष्टाचार हो तो वह लखमा को पार्टी से तत्काल निष्कासित करें।

## राजस्व परिवार सिमगा तहसील ने पटवारी स्व- अजय अनंत के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित किया

**तिल्दा नेवरा।** पटवारी अजय अनंत असामयिक निधन पर सिमगा तहसील कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित समस्त राजस्व परिवार सिमगा तहसील के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित विभिन्न वर्गों के गणमान्य लोगों ने शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और उनके शोकाकुल परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त कर आत्मा को चरणों में स्थान देने एवं उनके परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई।। इस अवसर पर शोक व्यक्त करने वालो में प्रमुख रूप से एस.डी. एम. धनीराम रात्रे , तहसीलदार ममता ठाकुर तथा सिमगा ब्लाक के समस्त आर . आई,, पटवारी , लिपिक , चपरासी, चेयरमेन, कोटवार एवं समस्त राजस्व परिवार सिमगा तहसील उपस्थित थे।

# साग सब्जी बेचकर महिलाएं हो रही है आर्थिक रूप से सशक्त

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सुराजी गांव के तहत बाड़ी विकास के सकारात्मक परिणाम मिलनें लगें है। जिलें के पलारी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा में संचालित गौठान में बाड़ी का विकास किया गया। जिसका संचालन गाँव के ही एकता महिला स्व सहायता समूह के द्वारा किया जा रहा हैं। जिन्होंने 8 माह के भीतर कुल 50 हजार रुपये की सब्जी का विक्रय किया है। जिससें महिला स्व सहायता समूह को 30 हजार की शुद्ध आमदनी प्राप्त हुई है। एकता महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष दुरपती सोनवानी ने बताया कि हमारे समूह से कुल 12 महिलाएं जुड़ी हुई है। जो कि किसानी परिवार एवं गरीब परिवार से संबंधित है। हम सभी ने आपस मे मिलकर परस्पर सहयोग कराते हुए गौठान के बाड़ी में हल्दी,लौकी,कोचई,जिमी कांदा,भाटा और करेला एवं टमाटर का बोआई किये थे। जिसे बेचकर एवं खेती में हुए खर्च को काटकर 8 महीनों में 30 हजार रुपये की शुद्ध आदमनी हुई है। जिसे हमनें 12 सदस्यों में बराबर बांटे है। दुरपती सोनवानी ने आगें बताया कि लॉकडाउन के विकट परिस्थितियों में बाड़ी में सब्जी उत्पादन हमारे अतिरिक्त आमदनी का जरिया बना। इससे आर्थिक रूप से सशक्त होने में मदद मिल रही है। समूह की सचिव लता सोनवानी ने बताया कि हमें जिला पंचायत से बाड़ी विकास हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है।

## इस समय कम उत्पादन और चारा की बेलगाम होती कीमत

# सरसों ने लगाई सरपट दौड़, चोकर चुस्त, पैरा बेलगाम

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



35 हजार लीटर दूध उत्पादन वाला अपना ब्लॉक, इस समय कम उत्पादन और चारा की बेलगाम होती कीमत जैसी प्रतिकूल स्थिति का सामना कर रहा है। बाजार और घरेलू मांग तो है लेकिन अब अनुकूल स्थितियों के लिए कम से कम नवंबर तक इंतजार करना होगा।

डेयरी संचालक पूरी तरह संकट के घेरे में फंस चुके हैं। एक तरफ चारा की रोज बढ़त ले रही कीमत हलकान कर रही है तो, दूसरी तरफ कमजोर होता दूध उत्पादन संकट को बढ़ा रहा है। उपाय हाथ में था, कीमत और आहार की मात्रा बढ़ाने का, लेकिन दोनों ही फैसले व्यावहारिक दृष्टिकोण से सही नहीं माने गए, लिहाजा अब केवल अनुकूल समय का इंतजार है, जो तीन माह बाद ही आएगा।

**पैरा कट्टी में गर्मी :** पशु आहार में आसान उपलब्धता वाली सामग्री पैरा कट्टी अव्वल नंबर पर रखी जा रही है। माह भर पहले तक एक रुपए 50 पैसे किलो पर मिल रहा पैरा कट्टी, अब तीन रुपए किलो पर पहुंच गया है। सरसों और बिनौला खली में 25 त्न तक की तेजी आ गई है। गेहूं चोकर और कोढ़ा की कीमत, खरीदी क्षमता से बाहर जाती नजर आने लगी है। लगभग सभी पशु आहार में कीमत इसी तरह बढ़ चुकी है।

**मौसम की दगाबाजी :** डेयरी फार्म संचालकों को उम्मीद थी कि मौसम का साथ मिलेगा लेकिन यह उम्मीद पूरी नहीं हुई। भरपूर बारिश के नहीं होने से हरा चारा के मैदान, हरियाली से दूर हैं। लिहाजा मवेशियों को फॉर्म पर ही उपलब्ध होने वाले चारा पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है। जहां पहले से ही चारा खरीदी की मात्रा घटाई जा चुकी है। ऐसे में दूध का भरपूर उत्पादन, सपने देखने जैसा ही है।

**यह भी बड़ी वजह :** मानसून की दस्तक और फिर ब्रेक। यह स्थिति मच्छर और मक्खियों के लिए पूरी तरह अनुकूल है। इनकी बढ़ती संख्या मवेशियों को परेशान कर रही है। स्वच्छता का ध्यान तो रखा जा रहा है लेकिन सारे उपाय ढेर होते जा रहे हैं। इसका असर कम होते दूध उत्पादन के रूप में सामने आ रहा है क्योंकि आराम का समय नहीं मिल रहा है।

**फैसला जो पड़ रहा भारी :** लॉकडाउन के दूसरे दौर में बाजार की अनुपलब्धता के बाद दूध उत्पादन घटाने का फैसला अब गलत लगने लगा है, हालांकि पशुपालन विभाग ने इस फैसले को बेहद घातक बताया था लेकिन सलाह नहीं मानी। अब कहा जा रहा है कि सलाह मान ली होती तो यह दिन नहीं आते और बाजार की भरपूर मांग ना केवल पूरी की जा सकती बल्कि उत्पादन की गति भी सामान्य बनी रहती।

# धर्मांतरण के विरोध में सर्व हिन्दू समाज द्वारा राज्यपाल के नाम ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश में हो रहे धर्मांतरण के विरोध में सर्व हिन्दू समाज सिमगा क्षेत्र द्वारा माननिय राज्य पाल, मुख्यमंत्री ,मुख्य सचिव महोदय , जिलाधीस एवं पुलिस अधीक्षक महोदय व सिमगा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौप गया और धर्मांतरण को बढ़ावा देने वालो के ऊपर कड़ी कार्यवाही की मांग की प्रदेश में लगातार मिशनरियों द्वारा अंचल एवं शहरी लोगों में रोगपीड़ति एवं गरीबी कि झेल रहे लोगों का फायदा उठाकर दिकभ्रमित करके मतांतरित करा रहे हैं जो दिन प्रति दिन तेज हो रहा है पहले वनांचल क्षेत्र में धर्मांतरण की खबरें आती थी अब शहरों में भी शिक्षित लोग भी भ्रमजाल में फसकर धर्मांतरित हो जाते हैं पिछले दिनों राज्यसभा सांसद राम विचार नेताम ने गृहमंत्री अमित शाह से हस्तक्षेप की मांग की है.छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण का मुद्दा अब और गरमा गया है. पिछले दिनों से वायरल सुकमा एसपी के पत्र का हवाला देते हुए बीजेपी से राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है.इस बीच संघ के विभाग के धर्मजागरण संयोजक सनत पांडेय जी, माननीय संघ चालक चिम्मन देवांगन , राहुल योगेश साहू (खण्ड कार्यवाह) , गगन शर्मा (धर्मजागरण सयोंजक) , सूरज माली (भजयुमो महामंत्री) पुखराज साहू जिला (शाररिक प्रमुख) , केवल साहू (महाविद्यालीन प्रमुख) , आशीष साहू झिरिया , सुरेंद्र माली , अंकित पांडेय , महेंद्र रजक, अभिषेक शर्मा , अमन पांडेय , पोषण साहू बेमता, धनंजय सोनकर , श्रीराम सोनकर, राजा साहू , कमलेश वर्मा, आदि हिन्दू कार्यकर्ता ज्ञापन देने पहुँचे।

# नूतन चौक पर चक्का जाम होते ही नगर निगम के अधिकारियों की खुली आंख

## आनन-फानन में आरंभ कराया सड़क का मरम्मत कार्य

■ **जल्द ही टेंडर निकालने का भी दिया आश्वासन**

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम की नींद भी आंदोलनों के बाद ही खुलती है, यह बात एक बार फिर साबित हुई।

ऐसा ही सरकंडा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 65 संत नामदेव नगर के नागरिकों को करना पड़ा । सरकंडा क्षेत्र में नूतन चौक से इमली भांठा तक जाने वाली सड़क सालों से बेहद जर्जर है। वार्ड के भाजपा पार्षद श्याम साहू पिछले कुछ सालों से लगातार इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं लेकिन नगर निगम के अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी।

बताया जा रहा है कि इस सड़क के निर्माण के लिए 26 लाख का टेंडर भी हो चुका था लेकिन भाजपा पार्षद का वार्ड होने की वजह से सौतेला व्यवहार करते हुए वह राशि कहीं और ट्रांसफर कर दी गई । नगर निगम का 40 बार चक्कर लगाने से थक चुके पार्षद श्याम साहू की अगुवाई में शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे स्थानीय नागरिकों ने नूतन चौक पर चक्का जाम कर दिया। वे सड़क निर्माण के साथ सड़क किनारे बिछे पाइप लाइन की लीकेज की मरम्मत की भी मांग कर रहे थे। अब तक इन मांगों को अनसुना कर रहे अधिकारी चक्का जाम की खबर लगते ही भागे भागे मौके पर पहुंचे। सरकंडा थाना प्रभारी जेपी गुप्ता की टीम के साथ नगर निगम के उपायुक्त खजांची कुमार भी मौके पर पहुंच गए और आंदोलनकारियों से बातचीत के बाद तुरंत ही इस सड़क के मरम्मत का काम भी शुरू कर दिया। साथ ही उन्हें आश्वासन भी दिया गया कि जल्द ही इस सड़क का टेंडर निकाल कर सड़क पुनरुद्धार का कार्य किया जाएगा। बेहतर होता यह कार्य पहले कर लिया जाता तो ना तो यहां के नागरिकों को चक्का जाम करना पड़ता है और ना ही इससे राहगीरों को परेशानी होती। लेकिन शायद इसी कार्यशैली की वजह से ही बिलासपुर नगर निगम हमेशा आलोचनाओं का शिकार होता रहा है और उसकी यह कार्यप्रणाली फिलहाल बदलती नजर नहीं आ रही।





पुरुषोत्तम ने छत्तीसगढ़ को किया गौरवान्वित

# इंटरनेशनल फैलोशिप के लिए हुआ चयन, इडली में लेंगे 9 महीना का प्रशिक्षण

**सरायपाली।** ग्राम तोषगाँव वैसे तो गांधीवादी स्व .जयदेव सतपथी के नाम व उनके द्वारा चलाये गए गांधी पदयात्रा जो आजादी के पहले से आयोजित की जा रही थी व आज भी उनके पुत्र विद्याभूषण सतपथी द्वारा निरंतर जारी है व इस क्षेत्र का पहला ऐसा ग्राम है जहां से सर्वाधिक युवक शासकीय नौकरियों के साथ साथ ऊँचे पदों पर भी शोभायमान है । इस गांव को सर्वाधिक शिक्षित ग्राम भी कहा जाता है । इसी वजह से इस गांव का राजनीति में भी अच्छा व गहरा प्रभाव है । इस ग्राम से आये दिनों उपलब्धियों की कोई न कोई सुखद खबर आती रही है । इसी तारतम्य में फिर एक खबर जो तोषगाँव सरायपाली के साथ साथ पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित कर देने वाली है ।



तोषगाँव निवासी शिक्षक श्यामसुंदर साहू जो वर्तमान में हाईस्कूल भंवरपुर में शिक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं उनके पुत्र पुरुषोत्तम साहू को प्रतिष्ठित सैंडविच ट्रेनिंग शैक्षिक कार्यक्रम ( एसटीईपी ) के लिए चयनित किया गया है । यह एक महत्वपूर्ण व प्रतिष्ठित संस्था है जो विकासशील देशों के प्रतिभाशाली युवाओं को उनके वैज्ञानिक व शोधकर्ताओं की क्षमता को बढ़ाने व प्रोत्साहित किये जाने का काम करता है । इसके लिए चयनित युवाओं को इटली ने 9 महीने का प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलता है।

# 8 क्विंटल अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त, सिघोडा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ उडिसा बार्डर अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट रेहटीखोल थाना सिंघोडा मे उडिसा की ओर से आने वाले वाहनो की चेकिंग हेतु बल लगाकर चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच उडिसा की ओर से आ रही एम एच पासिंग आयशर 1110 वाहन को रोकने का इशारा किया गया जो अपने वाहन को न रोककर तेजी से सरायपाली की ओर भगा दिया बार्डर पर तैनात जवानो द्वारा थाना प्रभारी सिंघोडा को सूचित करने पर थाना सिंघोडा स्टाफ के द्वारा उक्त वाहन को थाना के सामने रोकने का प्रयास किया गया जो वाहन चालक अपने वाहन को न रोककर सरायपाली की ओर तेजी से भागने लगा जिसे रोकने हेतु हाईवे पेट्रोलिंग को सूचना देने पर ग्राम छुईपाली मे एन एच 53 रोड को ब्लाक किया गया वाहन चालक द्वारा रोड ब्लाक देखकर अपने वाहन को ग्राम खरखरी की ओर भगा दिया गया।

जिसका पीछा कर ग्राम खरखरी मे रोका गया वाहन चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम शुभम साहू पिता रूपचन्द्र साहू उम्र 27 साल साकिन प्लाट नंबर 69 गोधानी रोड़ जिंगाबाई तकली गायत्री नगर सचिन लेआउट थाना मनकापुर जिला नागपुर हॉल मुकाम कांति रोड उपलबाड़ी चुड़ा कम्पनी के पास थाना कपिल नगर जिला नागपुर महाराष्ट्र का रहने वाला बताया एवं पूछताछ पर वाहन आयशर 1110 क्रमांक एम एच 46 एफ 1882 मे धान भूसी कनकी बोरियो के नीचे छिपाकर गांजा परिवहन करना स्वीकार किया वाहन की तलाशी लेने पर वाहन के पीछे डाला मे धान भूसी कनकी बोरियो के नीचे 27 नग प्लास्टिक बोरियो मे भरा हुआ कुल 160 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ मिला।आरोपी के विरूद्ध थाना सिंघोडा के द्वारा एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपी शुभम साहू पिता रूपचन्द्र साहू उम्र 27 साल साकिन प्लाट नंबर 69 गोधानी रोड़ जिंगाबाई तकली गायत्री नगर सचिन लेआउट थाना मनकापुर जिला नागपुर हॉल मुकाम कांति रोड उपलबाड़ी चुड़ा कम्पनी के पास थाना कपिल नगर जिला नागपुर महाराष्ट्र के कब्जे से 160 पैकेट मे भरा हुआ 08 क्विंटल अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त कर कार्यवाही किया गया है।




# भाजपा मंडल लवन एवं अनुसूचित प्रकोष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को सौंपे आवेदन



पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के साथ प्रदेश में हो रहे अत्याचार को लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा निकालते हुए 13 बिंदुओ पर अपनी मांग रखते हुए। लिखित में आवेदन छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार लवन को ज्ञापन सौंपकर अपनी विरोध जाहिर किये।आवेदन सौंपने से पूर्व भाजपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ पदाधिकारियो एवं भाजपा मंडल लवन के पदाधिकारियों ने रैली निकालकर छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल सरकार के विरुद्ध नारेबाजी कर रैली निकाल कर विरोध जताया। आवेदन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अनुसूचित भाजपा प्रकोष्ठ से बंसी लाल चेलक, पूर्व जनपद सदस्य बलौदाबाजार विजय गोयल, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयुक्त संयोजक पारस ताम्रकार, युवा भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यादव, युवा नेता हर प्रसाद साहू, धन्नू लाल बंजारे, लखेश्वर प्रसाद घृतलहरे, रोहित कुमार साहू, सुनाराम वर्मा, पार्थ कुमार वर्मा, रमण कुमार साहू, पांडू लाल डहरिया सहित सैकड़ों पदाधिकरियों ने रैली में शामिल होकर तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को आवेदन सौंपे।

# निर्वाचित पदाधिकारियों ने अध्यक्ष पर मनमानी करने का आरोप लगाया

पायनियर संवाददाता < मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

चेंम्बर के निर्वाचित पदाधिकारियों में जमकर नाराजगी, निर्वाचित पदाधिकारियों ने अध्यक्ष पर मनमानी करने का आरोप लगाया। पैरलल संघटन खड़ा करने की बात करते हुये अंसवैधानिक नियुक्तियों के विरोध में कोर्ट में जाने की बात कही। कोरिया जिले में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा की गई नियुक्तियों को आज निर्वाचित पदाधिकारियों एवं उनकी टीम ने सिरे से खारिज करते हुए इसे दुर्भावनापूर्ण निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि यह सभी नियुक्तियां चेंबर संविधान के खिलाफ है एवं नियुक्तियों से पहले स्थानीय व्यापारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों से कोई राय मशविरा नहीं किया गया। इसी कोरिया जिले के वह सभी चेंबर व्यापारी जिन्होंने मतदान करके अपना प्रतिनिधि चुना था अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। जिस टीम को जिले के चेंबर सदस्यों ने नकारा था उन्हीं को प्रदेश अध्यक्ष श्री परवानी ने पैराशूट नियुक्तियां करके व्यापारियों पर थोपने का प्रयास किया है। जिससे कोरिया जिले के सभी चेंबर सदस्य एवं व्यापारी काफी आक्रोशित हैं।



ज्ञात हो कि लगभग 5 वर्ष पूर्व भी अमर परवानी जब प्रदेश अध्यक्ष थे तो उन्होंने कोरिया जिले की कार्यकारिणी के साथ कुछ ऐसा ही मिलता जुलता कृत्य किया था। जिसका कोरिया के व्यापारियों ने चुनाव में मुंहतोड़ जवाब दिया और लगातार दो बार वर्तमान निर्वाचित टीम को अपना प्रतिनिधि चुना है। निर्वाचित टीम के सदस्यों ने उक्त पैराशूट नियुक्तियों को नकारते हुए इस निर्णय के खिलाफ शीघ्र ही न्यायालय में जाने की बात कही. इस अवसर पर पंकज जैन( प्रदेश उपाध्यक्ष निर्वाचित) संजीव ताम्रकर ( प्रदेश मंत्री निर्वाचित) राकेश अग्रवाल पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, मनीष अग्रवाल पूर्व जिला संयोजक, गणेश सराफ पूर्व जिला कोषाध्यक्ष, मंसूर मेमन पूर्व जिला उद्योग अध्यक्ष, मनोहर भाई खोडियार, विनय अग्रवाल समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भूपेश बघेल सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों का शोषण कर कांग्रेस हाई कमान को पाल रहा है : रमल कोर्राम

**भानुप्रतापपुर।** वर्तमान कांग्रेस सरकार 2018 के विधानसभा चुनाव में किसानों के विकास के लिए बड़े बड़े वादा किया गया था इसलिए किसानों ने भी कांग्रेस को प्रचण्ड रूप से बहुमत दे कर कांग्रेस सरकार बनाया गया।मगर सत्ता में काबिज होते ही हर तरह से किसानों का शोषण करने में लगे हैं धान खरीदी टाइम आता है तो समितियों में बारदाना कमी कर किसानों को व्यपारियो से बारदाना अधिक दामों में खरीदी करने में मजबूर कर व्यपारियो से कमीशन ले कर हाई कमान को खुश करने में लगे रहे और वर्तमान समय में किसानों को खाद का जरूरत है तो समितियों में खाद की कमी कर निजी दुकानों में खाद उपलब्ध कर किसानों को अधिक दामों में खरीदी करने पर मजबूर कर रहा है और निजी दुकानदारों से कमीशन लेकर कांग्रेस हाईकमान के जेब में पैसा डालने में लगे हैं और समितियों को माध्यम बना कर वर्मीकम्पोस्ट खाद किसानों के पर्ची में 2 से 5 बोरी कर्ज लिखा गया है जबकि छेत्र के किसानों को वर्मीकम्पोस्ट खाद नहीं दिया जा रहा है।



# सिद्धेश्वरी सिंह ने किया बाबा भोलेनाथ की नगरी तुर्रीधाम में वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

वर्तमान समय में पूरे देश में जहां पर्यावरण को सुरक्षित करने की दिशा में सरकारों द्वारा वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है, तथा शासकीय स्तर पर भी प्रत्येक विभागों में एक लक्ष्य निर्धारित कर वृक्षारोपण के कार्य को किया जा रहा है, तो इसी श्रृंखला में शक्ति रियासत की राजकुमारी, छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा कार्यसमिति की सदस्य तथा नगरपालिका शक्ति की पार्षद सिद्धेश्वरी सिंह ने 23 जुलाई को इसी वृक्षारोपण की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए शक्ति विकासखंड के पवित्र बाबा भोलेनाथ की नगरी तुर्री धाम के खाली पड़े स्थानों पर वृक्षारोपण का कार्य किया,इस दौरान सुश्री सिद्धेश्वरी सिंह ने लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आज के समय में हमारा पर्यावरण प्रदूषित होते जा रहा है तथा विगत कोविड-19 काल हमने देखा है कि कैसे लोगों को कृत्रिम ऑक्सीजन की आवश्यकता पड़ी है,एवं अगर हमारे आसपास पेड़ पौधे पर्याप्त संख्या में रहेंगे तो हमें कृत्रिम ऑक्सीजन की बजाय पेड़ों से ही ऑक्सीजन प्राप्त होगी अतः वृक्षारोपण निरंतर करें तथा वृक्षों को संरक्षण भी दें इस दौरान सिद्धेश्वरी सिंह के साथ आसपास के क्षेत्र के लोगों ने भी उनके इस कार्य में योगदान देते हुए वृक्षारोपण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया साथ ही इस अवसर पर रोहित दोहरे भी प्रमुख रूप से मौजूद थे, तथा सभी ने वृक्षारोपण कर वृक्षों को संरक्षण देने का संकल्प लिया।



# शक्ति शहर के गेवाड़ीन कॉलोनी में बन रहा महालक्ष्मी जी का भव्य मंदिर

**शक्ति।** शहर के स्टेशन रोड स्थित गेवाड़ीन कॉलोनी में श्री महालक्ष्मी जी का मंदिर श्री महालक्ष्मी सेवा समिति शक्ति द्वारा निर्माण करवाया जा रहा है, तथा इस भव्य मंदिर का निर्माण जहां देश के प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट एवं इंजीनियरों की देखरेख में हो रहा है, तो वहीं श्री महालक्ष्मी सेवा समिति शक्ति के सदस्य पंकज महाराज, एवं बंटू अग्रवाल ने भक्त जनों एवं आम नागरिकों से श्री महालक्ष्मी मंदिर निर्माण में यथासंभव आर्थिक सहयोग करने का भी आग्रह करते हुए किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए पंकज महाराज के मोबाइल नंबर- 7489393439 एवं बंटू अग्रवाल के मोबाइल नंबर-9303822255 पर संपर्क करने का आग्रह किया है, उल्लेखित हो की शक्ति शहर की गेवाड़ीन कॉलोनी में निर्माणाधीन श्री महालक्ष्मी मंदिर के निर्माण के लिए लोग मुक्त हस्त से आगे आकर सहयोग कर रहे हैं,एवं इस मंदिर में भगवान श्री खाटू श्याम जी, रानी सती दादी जी झुन्झनू वाली, भगवान श्री हनुमान जी एवं शिवजी अभी मंदिर बनाया जाएगा।

# गुरु की महत्ता ही छात्र को शिष्य बना देने से है

पायनियर संवाददाता < मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

गुरु से यह अपेक्षा रहती है वह शिक्षा ग्रहण करने आए शिक्षार्थी (छात्र) को शिष्य बना दे। गुरु की महत्ता ही छात्र को शिष्य बना देने से है। छात्र होना एक अवस्था है। छात्र वह है जो गुरु के सानिध्य में रहता है। छात्र का अर्थ ही है वह जो गुरु पर छत्र (छाता) लगाकर उसके पीछे चलता है। गुरुकुल में गुरु के पीछे उनके छात्र 'छत्र' उठा कर चलते थे। शिष्य होना एक गुण है जिसे शिष्यत्व कहते हैं। शिष्य का अर्थ है जो सीखने को राजी हुआ, जो झुकने को तैयार हो जिससे उसका जीवन उत्कर्ष की ओर जाए। उक्त आशय के उद्गार श्री राम मंदिर में आयोजित गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री राम मंदिर के महंत पंडित ओम नारायण द्विवेदी ने व्यक्त किए. राम मंदिर परिसर में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने गुरु आश्रम पहुंचकर अपने गुरुदेव की पूजा कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। कई स्थानों पर भंडारा प्रसाद का भी वितरण किया गया जहाँ काफी संख्या में लोग शामिल हुए। मनेंद्रगढ़ के श्री राम मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर मंदिर के महंत ओम नारायण द्विवेदी के शिष्य काफी संख्या में इकट्ठा हुए। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा होने लगी। दोपहर तक मंदिरों में भक्त पहुंचते रहे। इस दौरान काफी संख्या में भक्तों ने गुरु दीक्षा भी ली। इस दौरान मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन किया गया।



# कलेक्टर ने की सीएसआर एवं एससीए अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल ने कलेक्टोरेट जगदलपुर के प्रेरणा कक्ष में बस्तर जिले में सीएसआर एवं विशेष केन्द्रीय सहायता योजना अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो की समीक्षा बैठक लेकर प्रगतिरत कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रगतिरत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त ढ़ग से पूरा कराने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी को दिए। बंसल ने अधिकारियों को इन दोनों मदों के पुराने स्वीकृत कार्यों को तत्काल पूरा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने बस्तर विश्वविद्यालय में 100 सीटर बालक छात्रावास भवन निर्माण, हाटगुड़ा में ट्रांजिस्ट हॉस्टल निर्माण, जगदलपुर शहर के सिटी ग्राउण्ड एवं हाता ग्राउण्ड का निर्माण, नगरनार में बाजार शेड निर्माण सहित विभिन्न कार्यो की समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने जगदलपुर शहर के इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम एवं क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में चल रहे निर्माण कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को दिए। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को जगदलपुर शहर के पंडरीपानी में स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स के निर्माण कराने के भी निर्देश दिए। बंसल ने जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी को बस्तर विश्वविद्यालय में चर रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन करने के निर्देश भी दिए। बैठक में निर्माण कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूरा करने हेतु समय-सीमा भी तय किया गया। इस दौरान सहायक कलेक्टर सुरूचि सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी गोकुल रावटे सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।




## कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम चन्द्र एवं भक्त गुहा निषाद राज की पूजा अर्चना कर किया गया

# सम्मान समारोह एवं निषाद समाज की सामाजिक बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

निषाद समाज दल्ली राजहरा द्वारा निषाद भवन मे सम्मान समारोह एवं बालोद जिला निषाद समाज की सामाजिक बैठक का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त एम आर निषाद एवं विशेष अतिथि गुंडरदेही विधानसभा के विधायक व संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद थे। इनके नगर आगमन पर निषाद समाज द्वारा जोरदार स्वागत कर जैन भवन चौक से गाजे-बाजे के साथ भ्रमण करते हुए निषाद भवन पहुंचे। इस पूर्व एम आर निषाद का वीर नारायण सिंह चौक में मां झरन मैया मछुआ समिति के सदस्यो द्वारा भव्य स्वागत किया गया।





कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान श्री राम चन्द्र एवं भक्त गुहा निषाद राज की पूजा अर्चना कर किया गया। स्वागत गीत धनेश्वरी निषाद, उत्तरा निषाद एवं कल्याणी निषाद द्वारा प्रस्तुत किया गया । स्वागत भाषण निषाद समाज दल्ली राजहरा के संरक्षक एवं मछुआ नीति निर्धारण समिति के सदस्य काशी राम निषाद ने दिया । निषाद समाज दल्ली राजहरा के अध्यक्ष घनश्याम पारकर ने अपने उदबोधन में एम आर निषाद निषाद एवं सदस्यों द्वारा बनाया गया नई मछुआ नीति को मछुआरों के हित मे अच्छी नीति बताया ।समाज के विकास में आरक्षण पर जोर दिया। बताया गया कि जिस प्रकार कुछ राज्यों में केवट, धीवर को अनुसूचित जनजाति आरक्षण लाभ का मिल रहा है उसी प्रकार छत्तीसगढ़ मे केवट, धीवर, मल्लाह जाति को मांझी समुदाय में शामिल करके आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एम आर निषाद के समक्ष अपनी बात रखी। बालोद जिला निषाद समाज के सचिव राजेन्द्र निषाद ने अपने उदबोधन में समाज में एकता एवं शिक्षा पर जोर दिया । कार्यक्रम के विशेष अतिथि संसदीय सचिव कुंवर निषाद ने कर्म को श्रेष्ठ बताते कहा कि अच्छे कर्म करोगे तो आपके नाम से परिवार एवं समाज को जाना जाएगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एम आर निषाद ने मछुआ समुदाय आरक्षण के मांग के लिए समिति गठित किया गया है। समिति जो तय करेगी उसी के अनुसार शासन के समक्ष बात रखी जाएगी। जिसमें सामाजिक समस्या के निराकरण पर चर्चा हुई। इस कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से बालोद तहसील से घनाराम निषाद, डौण्डी से असाढु राम निषाद, घोठिया से तीरथ निषाद, फिरतु राम निषाद भरोसा निषाद , गैदलाल , तरूण पारकर , सुखसागर निषाद, सूरजभान निषाद, निषाद समाज दल्ली राजहरा के कोषाध्यक्ष ढालसिह निषाद, श्री राम निषाद, जोहन निषाद, देवप्रसाद निषाद, विमल निषाद, वार्ड नं 4 की पार्षद प्रमिला पारकर, वार्ड नं 5 के पार्षद जनक निषाद, पूर्व पार्षद मूलचंद निषाद, भगउ निषाद, देवधर सोनवानी , सिकन्दर सोनवानी, शिशुपाल निषाद, राजुल विनायक, मंगल निषाद, भागवत निषाद, शत्रुघ्न निषाद, तामेश्वर निषाद सुशीला निषाद, कौशिल्या निषाद, रम्होतीन निषाद, रामेश्वरी कैवर्त्य, रेखा पारकर, सती निषाद, सुमित्रा बाई सहित समाज के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

संपादकीय

# विपक्षी एकता

## ममता का प्रयास

**ममता** बनर्जी विपक्षी नेताओं से मिलने की योजना बना रही हैं ताकि भाजपा के खिलाफ एकजुट मोर्चा तैयार किया जा सके। यदि संसद सत्र के समय कोई मुख्यमंत्री पांच दिन दिल्ली यात्रा करता तो लोगों की त्यौरियां चढ़ जातीं, लेकिन ये पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हैं। देश की राजधानी में उनकी यात्रा का उद्देश्य विपक्ष को तैयार करने का आह्वान है ताकि वह एकजुट होकर 2024 में भाजपा का मुकाबला कर सके। अप्रैल में एक रैली में ममता ने कहा था, 'मैं एक पैर से बंगाल जीतूंगी और दो पैरों से दिल्ली।' निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल की सत्ता में वापसी के बाद उनकी पहली दिल्ली यात्रा ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। उन्होंने अपने लिए देश में भाजपा-विरोधी शक्तियों को एकजुट करने का लक्ष्य रखा है, हालांकि यह काम आसान नहीं है। इस दिशा में उनका पिछला प्रयास विफल हुआ था। याद किया जा सकता है कि 19 जनवरी, 2019 के ममता बनर्जी ने कोलकाता में एक विशाल रैली आयोजित की थी जिसमें 25 राष्ट्रीय व क्षेत्रीय विपक्षी राजनीतिक दलों ने भाग लिया था और उन्होंने वहां संभावित 'महागठबंधन' की नीव डाली थी। लेकिन यह विचार ज्यादा लंबा नहीं चला और आम चुनाव में शानदार विजय के साथ नरेन्द्र मोदी की सत्ता में वापसी हुई। ममता बनर्जी की अपनी विजय ने उनमें अब एक नई प्रतिबद्धता पैदा की है। गुरुवार को उनके वर्चुअल संबोधन को अनेक विपक्षी नेताओं ने देखा जिसमें ममता बनर्जी ने एक संयुक्त मोर्चे की कल्पना की है। उनका नारा है '2024 में खेला होबे' और अब वे कोलकाता के बजाय दिल्ली में अपने कदम बढ़ाएंगी। उनके पहले चंद्रबाबू नायडू और स्वर्गीय जयललिता ने राज्य की राजधानियों से निकल कर राष्ट्रीय मामलों में भूमिका निभाने का प्रयास किया था, पर उन्होंने कभी सामने आकर उस तरह नेतृत्व नहीं किया था जैसा ममता बनर्जी करना चाहती हैं। लेकिन विपक्ष को अपने आंतरिक मतभेदों से बाहर निकलना हे जो निकट अतीत की तुलना में अधिक हैं। पेगासस मामले ने उनको आश्चर्यचकित कर दिया है कि कोई उनके सारे कामकाज पर नजर रख सकता है। कोविड-विरोधी टीकाकरण नीति की अधूरी प्रगति ने भी राज्यों के नेताओं को परेशान किया है। केन्द्र ने जोर दिया है कि वैश्विक महामारी के दौरान आक्सीजन की कमी से कोई मौत नहीं हुई थी। इसने राज्यों को अजीब स्थिति में डाल दिया है क्योंकि वे इसके विपरीत कोई प्रमाण नहीं दे पा रहे हैं। बढ़ती कीमतों और मुद्रास्फीति ने सत्ता-विरोधी लहर को हवा दी है। ऐसे में ममता बनर्जी की सत्ता में वापसी अंधेरे में बिजली चमकने की तरह है। उनकी विजय ने विपक्षी नेताओं को उनके चारों ओर एकजुट किया है। 2019 के उलट इस बार उनके पास तीन साल का समय है और 2024 की तैयारी करने के लिए उनके सामने 2022 के उत्तर प्रदेश चुनाव तथा राष्ट्रपति चुनाव के रूप में दो चुनौतियां हैं। संयुक्त विपक्ष उत्तर प्रदेश में भाजपा को परेशान कर सकता है और राष्ट्रपति चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। भाजपा द्वारा उत्तर प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन न केवल प्रभुत्व के दृष्टिकोण से जरूरी होगा, बल्कि इससे सहयोगी विकल्प तलाशने से भी विरत होंगे। इससे अगले राष्ट्रपति के रूप में अपना उम्मीदवार चुनने के लिए काफी वोट भी मिलेंगे। लेकिन ममता बनर्जी संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार के रूप में एक वरिष्ठ नेता चुनना चाहती हैं जिसका राष्ट्रीय कद हो और वह उनको क्षेत्रीय पहचान से मुक्ति दिला कर सभी क्षेत्रों से समर्थन दिला सके जिसमें तटस्थ रहने वाले क्षेत्रीय क्षत्रप भी शामिल हैं।

# नेपाली प्रधानमंत्री के समक्ष चुनौतियां

### नेपाल में राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने के साथ ही ओली की गलतियां सुधारना तथा भारत के संबंधों में आई समस्यायें दूर करना देउबा के लिए जरूरी है।



**ऋषि गुप्ता**
(लेखक जेएनयू में शोधार्थी हैं)



**नेपाली** राजनीति में आये अनेक आश्चर्यजनक परिवर्तनों के बाद आखिरकार नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा को 13 जुलाई को लोकतांत्रिक नेपाल के तेरहवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। नेपाली सर्वोच्च न्यायालय ने इससे एक दिन पहले पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली द्वारा 21 मई को संसद भंग करने को असंवैधानिक घोषित करते हुए रद्द कर दिया था। न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 76-5 के अंतर्गत 24 घंटे में विपक्षी नेता देउबा को प्रधानमंत्री नियुक्त करने का आदेश दिया था। देउबा को 275 सदस्यों के सदन में 165 मत प्राप्त हुए हैं और वे स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने में सफल हुए हैं। माओवादियों और जनता समाजवादी पार्टी ने सरकार का समर्थन किया है। इसके साथ ही ओली की यूएमएल पार्टी के नेपाल-खनल गुट के 22 सदस्यों ने देउबा के पक्ष में वोट दिया। उनका समर्थन करने वालों में ओली के आठ समर्थक भी शामिल हैं। यह घमंडी ओली की आंखें खोलने वाला एक और प्रकरण है जो अपने पद पर बने रहने के लिए संविधान के दुरुपयोग तथा राष्ट्रपति से मिलीभगत का लाभ उठा रहे थे।

नेपाल में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करना जरूरी है। अपने डेढ़ साल के शासनकाल में शेर बहादुर देउबा को राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ ही अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटना होगा तथा कोविड-19 के कारण पैदा बेरोजगारी की स्थिति में सुधार लाना होगा। हालांकि, संविधान के अंतर्गत दो साल तक देउबा सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता है, पर उनको अपनी आंतरिक व्यवस्था ठीक करनी होगी क्योंकि तीन बड़ी पार्टियां सरकार का समर्थन कर रही हैं। फिलहाल पांच सदस्यों वाली एक कैबिनेट का गठन किया गया है तथा अभी महत्वपूर्ण मंत्रालयों का वितरण किया जाना बाकी है जिनमें विदेश मंत्रालय भी शामिल है। देउबा को माओवादियों को शांत रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, खासकर प्रचंड का लक्ष्य सर्वोच्च पद पर पहुंचना है। उल्लेखनीय है कि माओवादियों ने 2017 के संसदीय चुनाव तथा स्थानीय निकाय चुनाव में यूएमएल के साथ इस तथ्य के बावजूद गठबंधन किया था कि वे नेपाली कांग्रेस के साथ सरकार में थे। इसलिए आने वाले महीनों में प्रचंड के साथ सत्ता की साझेदारी बनाए रखना नेपाल सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण आयाम होगा।

नेपाल के लिए भारत के साथ संबंधों को पुनर्जीवित करना भी जरूरी है। 19 जुलाई को विश्वास मत प्राप्त करने के फौरन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनको बधाई संदेश ट्वीट करते हुए कहा था कि 'मैं आपके साथ सभी क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट साझेदारी को बढ़ाने तथा दोनों देशों की जनता के बीच गहरे संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करने की उम्मीद कर रहा हूं।' इस ट्वीट के बाद दोनों नेताओं में टेलीफोन पर बातचीत भी हुई। भारत में बहुत से लोगों की नजर में यह नेपाल के साथ संबंध सुधारने की अच्छी शुरुआत हो सकती है क्योंकि ओली के शासनकाल में द्विपक्षीय संबंध सबसे निचले स्तर तक पहुंच गए थे। पिछले साल ओली ने राजनीतिक लाभ उठाने के लिए भारत-विरोधी रणनीति अपनाई थी। उन्होंने एकपक्षीय रूप से कालापानी क्षेत्र में भारत के संप्रभु क्षेत्रों को नेपाल के आधिकारिक राजनीतिक मानचित्र में शामिल कर दिया था। हालांकि, ओली ने दावा किया था कि भारत के साथ मुद्दों का समाधान कर लिया गया है, पर सीमा विवाद दोनों देशों के बीच विवादास्पद मुद्दा बना हुआ है। देखना होगा कि देउबा इसका समाधान करना चाहते हैं या नहीं।

नेपाली कांग्रेस ने ओली द्वारा उस संविधान संशोधन का समर्थन किया था जिसमें भारतीय क्षेत्रों को नेपाल के राजनीतिक मानचित्र में शामिल किया गया था। इसलिए भारत को नेपाल के साथ राजनयिक पहल करने में सावधानी बरतनी होगी क्योंकि सीमा विवाद के मामले पर नेपाली कांग्रेस का दृष्टिकोण संभवतः ओली के दृष्टिकोण से अलग न हो। इसके साथ ही नेपाली राजनीति में भारत-विरोधी व अति-राष्ट्रवादी तत्व एक प्रेरक की भूमिका अदा करते हैं और ये जनादेश को प्रभावित करते हैं। आशंका है कि देउबा भी इसी रास्ते पर चल सकते हैं। हालांकि, ओली की विदाई के बाद भारत के प्रसन्न होने के अनेक कारण हैं। लेकिन नेपाल के प्रति भारत की नीति अधिक सक्रिय होनी चाहिए और इसमें केवल वहां की घटनाओं को दर्ज करने से आगे बढ़ने की जरूरत है। भारत-नेपाल के बीच वर्तमान व्यापार घाटा अक्सर भारतीय सद्भावना के खिलाफकाम करता है। इसके साथ ही नेपाल में भारत का निवेश चीन से प्रतियोगिता में कम नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देउबा के साथ टेलीफोन वार्ता में नेपाल को कोविड-19 टीके देने का वादा किया है। भारत में अप्रैल में कोरोनावायरस वैश्विक महामारी की दूसरी लहर आने के बाद भारत ने नेपाल को भेजे जाने वाले टीकों पर रोक लगा दी थी। अतः इसे चुनौतीपूर्ण समय में नेपाल के साथ भारत की नीति में स्वागत योग्य परिवर्तन के रूप में देखा जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को गठबंधन की मजबूरियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, देउबा के सामने नेपाल के राजनीतिक व विदेशी मामलों में चीन की भारी दखलंदाजी से मुक्ति पाने का रास्ता है और वे भारत के संबंध बेहतर बना सकते हैं। जनता में ओली की छवि चीन के ऐसे मित्र की थी जो तिब्बत और भारत संबंधी मामलों में बीजिंग के हित साध रहे थे। लेकिन देउबा पर कम्युनिस्ट विचारधारा का कोई बोझ नहीं है। इसलिए वे भारत के साथ सहयोग के रास्ते पर चल कर नेपाल का विकास सुनिश्चित कर सकते हैं। लेकिन उनके गठबंधन साझीदार प्रचंड का झुकाव चीन की ओर है।

2017 में नेपाली कांग्रेस के साथ ऐसे ही गठबंधन के समय प्रचंड ने देउबा को चीन की बेल्ट एंड रोड पहल पर हस्ताक्षर के लिए मना लिया था जिससे भारत बहुत गुस्सा था। 6 जुलाई को प्रचंड ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और विश्व राजनीतिक पार्टियों के सम्मेलन में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी तथा उसके नेता शी जिनपिंग के साथ एकजुटता प्रदर्शित की। यह आयोजन चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की सौवीं वर्षगांठ के अवसर पर किया गया था। प्रचंड ने चीन को क्लीन चिट देते हुए दावा किया था कि वह बहुत उदार देश है। उन्होंने कहा था कि चीन 'वैश्विक समृद्धि और शांति में योगदान कर रहा' है तथा वह 'नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, टकरावों के शांतिपूर्ण समाधान तथा वैश्विक समानता और न्याय में योगदान के साथ ही नेपाल समेत विकासशील देशों में अत्यधिक प्रशंसा प्राप्त कर रहा है।' ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री देउबा के सामने अपने कार्यकाल में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने की चुनौती का सामना करना होगा। उनके सामने प्रचंड का विश्वास बनाए रखने, नई दिल्ली के साथ द्विपक्षीय संबंधों में सुधार, भारत से कोविड वैक्सीनों की समुचित प्राप्ति सुनिश्चित करने तथा नेपाल की आंतरिक राजनीति में हस्तक्षेप करने वाले चीनी तत्वों से मुक्ति पाने की भी कठिन चुनौतियां हैं।

# देश में रणनीतिक अध्ययनों का महत्व

> अंतर्राष्ट्रीय राजनीति की घटनाओं से कोई भी अलग नहीं है, चाहे वह व्यक्ति हो या देश, वैश्विक राजनीतिक व्यवस्था को समझना समय की अत्यधिक आवश्यकता है।

**राजेश खरात**
(लेखक मुंबई विविद्यालय में मानविकी के संकायाध्यक्ष हैं)



**कोविड** -19, आतंकवाद, सीमा विवाद, राजनीतिक अस्थिरता, धार्मिक अतिवाद, जलवायु परिवर्तन आदि की चुनौतियों का सामना कर रही एक अशांत विश्व व्यवस्था में, हो सेकता है दुनिया पिछले दशकों की तुलना में अधिक शांतिपूर्ण प्रतीत होती हो। फिर भी, वर्तमान में राष्ट्रों के बीच और उनके बीच तनाव कहीं अधिक है। दो विश्व युद्धों से लेकर शीत युद्ध, वैश्वीकरण से लेकर महान मंदी तक, विश्व व्यवस्था में भारी परिवर्तन हुए हैं। हालांकि, शीर्ष खिताब के लिए मुकाबला जस का तस बना हुआ है। यद्यपि चल रहे दशक ने अब तक विश्व स्तर पर युद्ध जैसी स्थिति से बचा है, अफ्रीका, पश्चिम एशिया और दुनिया के अन्य हिस्सों में संघर्षों ने वैश्विक समुदाय को एक या दूसरे तरीके से प्रभावित किया है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति की घटनाओं से कोई भी अलग नहीं है, चाहे वह व्यक्ति हो या देश, वैश्विक राजनीतिक व्यवस्था को समझना समय की अत्यधिक आवश्यकता है। राजनीतिक वैज्ञानिकों ने समकालीन अंतरराष्ट्रीय राजनीति की अपनी समझ के अनुसार राजनीति, राज्य, सत्ता, व्यवस्था और शासन को सिद्धांत, अवधारणा, तर्क और परिभाषित किया है। इस बीच, इसने बाकी दुनिया के साथ लगभग हर देश के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों को प्रभावित किया है। कूटनीति, विदेश नीति, रणनीति, भू-राजनीतिक विश्लेषकों और स्थिति की रणनीतिक समझ के माध्यम से इसकी बारीकी से जांच की जरूरत है। जबकि राजनयिक समुदाय के सदस्य, खुफिया एजेंसियां, राजनीतिक नेता/प्रवक्ता और पत्रकार स्थिति का आकलन करने में सबसे आगे रहते हैं, समर्पित संस्थान इन एजेंसियों या व्यक्तियों को मुद्दों से निपटने के लिए बेहतर तैयार करने में मदद करते हैं।

20वीं शताब्दी के पूर्वार्ध तक, भारत ने खुद को दक्षिण एशिया क्षेत्र के केंद्र के रूप में पाया, जो भूमि से घिरे देशों (भूटान और नेपाल), छोटे द्वीप राष्ट्रों (मालदीव और श्रीलंका) और राजनीतिक रूप से अस्थिर म्यांमार और पाकिस्तान से घिरा हुआ था। अगले दरवाजे चीन का रूप। इस पृष्ठभूमि के बीच, भारत ने विश्व मामलों के लिए भारतीय परिषद, इंडियन स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज की स्थापना की, जिसके बाद कई अन्य स्वतंत्र थिंक टैंक अंतरराष्ट्रीय राजनीति की घटनाओं को समझने और राष्ट्रीय हित का पीछा करते हुए शामिल जोखिमों का आकलन करने में



सरकार की मदद करने के लिए काम कर रहे थे। तब से, सरकार ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के मुद्दों और भारत-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ संबंधों के अध्ययन और शोध के लिए विद्वानों को प्रशिक्षित करने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों में सार्वजनिक थिंक टैंक और अनुसंधान केंद्र स्थापित किए हैं। चीन के पुनरुत्थान के साथ, अपनी क्षेत्रीय शक्ति की स्थिति को मजबूत करने और एशिया में विशेष रूप से भारत-प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीतिक उपस्थिति को मजबूत करने के लिए भारत की चुनौती दोगुनी हो गई है। सहयोग करने के लिए सामान्य आधार की विफलता के कारण क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधनों के टूटने का जोखिम है। इस स्थिति में, विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों की जोखिमों का आकलन करने और संभावित समाधानों के साथ आने में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है जो राष्ट्रीय उद्देश्य को आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में मदद कर सकते हैं। हाल ही में एक भाषण में, मुंबई विश्वविद्यालय में नए स्थापित स्कूल ऑफ इंटरनेशनल रिलेशंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज का उद्घाटन करते हुए, भारतीय सेना प्रमुख, जनरल मनोज मुकुंद नरवने ने कहा कि एक गौरवशाली अतीत के स्वदेशी विचारों को आत्मसात करने में नए सिरे से रुचि है। यह, आज की गतिशील वैश्विक विश्व व्यवस्था में हमारे देश के बढ़ते कद के साथ, हमें भारत के वैश्विक रणनीतिक विचारों और विचारकों की एक प्राचीन विरासत से मूल्यवान सबक लेने की इच्छा रखता है।

जबकि भारत के राजनयिक और रक्षा समुदाय भारत के विकास, प्रगति, सुरक्षा और सुरक्षा के लिए एक अभेद्य रणनीतिक योजना तैयार करने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं, भारत को भी अंतरराष्ट्रीय और रणनीतिक अध्ययनों में युवा दिमाग पैदा करने की जरूरत है। हालाँकि, इस विषय को पूरे भारत के विश्वविद्यालयों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है। जैसा कि सेना प्रमुख ने कहा था कि भारत महान रणनीतिक विचारकों और विद्वानों की भूमि है, और चाणक्य, मनु, तिरुवल्लूर जैसे विचारकों और आधुनिक समय में के सुब्रमण्यम के साथ, भारत को इस ज्ञान को विकसित करने और वापस लेने की जरूरत है।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध और रणनीतिक अध्ययन संघ लोक सेवा आयोग, राज्य सेवा आयोग या कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और कैरियर उन्मुख परीक्षाओं के महत्वपूर्ण घटक हैं। उत्तर भारत में जेएनयू, पूर्व में जादवपुर विश्वविद्यालय और दक्षिण में पांडिचेरी विश्वविद्यालय, अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन के स्कूलों की मेजबानी करता है, मुंबई भारतीय नौसेना के पश्चिमी नौसेना कमान का मुख्यालय है और मुंबई विश्वविद्यालय, पुणे मुख्यालय से संबद्ध नौसेना युद्ध कॉलेज है। भारतीय सेना की दक्षिणी कमान, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग, मुंबई विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संबंध और सामरिक अध्ययन स्कूल की स्थापना, भारत में रणनीतिक अध्ययन का भविष्य सशस्त्र बलों, विचारकों, शोध विद्वानों, शिक्षाविदों और पत्रकारों को अध्ययन और चर्चा करने के लिए एक साथ लाता है। मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस, आईडीएसए, नई दिल्ली, यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूट, सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (सीएलएडब्ल्यूएस) और सेंटर फॉर एयरपावर स्टडीज जैसे प्रमुख थिंक टैंक के केंद्र के रूप में भारत के साथ, विश्वविद्यालय स्तर पर एक सक्रिय बुनियादी ढांचा सामरिक समुदाय की भावी पीढ़ियों को पढ़ाने और प्रशिक्षण देने में भारत को अपने राष्ट्रीय हितों की तलाश करने और उन्हें सुरक्षित करने में मदद मिलेगी।

## फरमाया



**भाजपा** कोरोना से बड़ा वायरस लेकर चल रही है जिसका उद्देश्य लोकतंत्र के तीन स्तम्भों यथा, चुनाव, न्यायपालिका और मीडिया को खत्म करना है।

**ममता बनर्जी**–
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल



**किसी** भी राज्य ने आक्सीजन से होने वाली मरीजों की मौतों का आंकड़ा नहीं भेजा। केंद्र का जवाब राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा भेजे गए आंकड़ों पर आधारित है।

– **संबित पात्रा**
भाजपा प्रवक्ता



**आक्सीजन** आपूर्ति के अभाव को लेकर अस्पतालों, मरीजों व उनके परिवारों की ओर से शिकायतों की बाढ़ सी आ गई थी।

–**मनीष सिसोदिया**
उपमुख्यमंत्री दिल्ली

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### मीडिया को डराने का प्रयास

**कोरोना** महामारी की दूसरी लहर में जो भी विसंगतियां तथा लापरवाहीयां हुई, भास्कर ने साहस के साथ रिपोर्टिंग कर राष्ट्र को अवगत कराया। चाहे अहमदाबाद हो या दिल्ली, जयपुर हो या यूपी, सभी दूर की जो असलियत थी, जिसकी जांबाज रिपोर्टिंग की। प्रसिद्ध पत्रकार रवीश कुमार ने भी अपने प्राइमटाइम कार्यक्रम में दैनिक भास्कर तथा गुजरात के दिव्य भास्कर की रिपोर्टिंग का हवाला देकर, अखबार की द्वारा की गई साहसिक रिपोर्टिंग की तारीफ की थी। जिसका खामियाजा भास्कर समूह पर आयकर के छापे हैं, जो बदले की भावना तथा सच्चाई की आवाज को दबाने वाला कदम है। सांच को आंच नहीं, अब इस कहावत को बदलकर, हमारे लोकतंत्र में सांच बोलेगा / लिखेगा, उस पर छापे पड़ेंगे। क्योंकि जनता मरे तो मरे, लेकिन सरकार की छवि खराब ना हो! चाहे जो तकलीफ आए भास्कर समूह को अपना साहसिक पत्रकारिता का अभियान दूने उत्साह के साथ जारी रखना चाहिए। एक अखबार का कर्तव्य है कि जनता के हित में उसकी धार ऐसे छापों से कुंद ना हो। भले ही सरकार छापे मारकर डराए, अगर कोई गलत काम नहीं किया तो फिर क्या डरना !

– **विषधर खरा**, उज्जैन

### सिंधु सीमा से जंतर-मंतर

**26 जनवरी** पर दिल्ली की बॉर्डर पर बैठे किसानों ने जो कुछ लाल किले पर जाकर किया था उसे सारा देश शर्मिंदा हुआ था इन किसानों ने लाल किले की प्राचीर पर जहां देश का तिरंगा शान से लहराता है वहां सिख धर्म का झंडा फहरा कर देश का एवं संविधान का अपमान किया था क्योंकि किसी धर्म विशेष का झंडा राष्ट्रीय झंडे के आगे फैहराना उसका अपमान करना है अतः ऐसा नहीं होना चाहिए इसके कारण पूरा ही देश किसान आंदोलन पर थू-थू करने लगा था वे तथाकथित किसान जिन्होंने वहां पुलिस पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिशें की थी एवं पुलिस जवानों को वहां मौजूद खाई में गिरा दिया था वही किसान अब एक बार फिर संगठित होकर देश की संसद पर प्रदर्शन करने के बहाने देश का माहौल फिर से खराब करने की योजना बना रहे हैं। अतः एक बात और कह दूं इस किसान आंदोलन में अधिकतर पंजाब एवं हरियाणा के किसान है जो तथाकथित खालिस्तान आंदोलन से जुड़े हुए हैं जो एक अलग राष्ट्र की मांग काफी समय से कर रहा है यह किसान 23 से 9 अगस्त तक यहां आंदोलन प्रदर्शन करने की मांग सरकार से कर रहे हैं। पिछले समय इन नकली किसानों ने जो हंगामा लाल किले पर किया था वहीं अब जंतर मंतर पर करना चाहते हैं।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### प्रकृति से सबक

**यह** हमेशा से कहा जाता है, भौतिक दुनिया में विकास और समृद्धि के लिए, प्रकृति का विनाश हमें कड़ी टक्कर देगा। यहां तक कि, भारतीय राष्ट्रपिता ने भी उचित ठहराया, प्रकृति हमारी जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त देती है, हमारे लालच को नहीं। चीन, कैलीफोर्निया ने जो बीज बोया है, वह अब तबाही और संकट की फसल काट रहा है। अधिक विकसित और शक्तिशाली बनने की दौड़ में हम अपने विनाश की पटकथा लिख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के गंभीर मुद्दे हमेशा सुर्खियों में रहे हैं, लेकिन उस पर किए गए वादे कभी काम में नहीं आए। चाहे वह कैलिफोर्निया की आग हो या चीन में बाढ़, असामयिक प्राकृतिक घटनाओं ने अपनी शक्ति दिखाई है। न्यूटन ने गति के तीसरे नियम को सही ढंग से रेखांकित किया गया है।हर क्रिया की समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। भारत भी जलवायु परिवर्तन की इन अभूतपूर्व समस्याओं से अछूता नहीं है। क्या इसे हम अपने कर्मों का परिणाम कहें या सिर्फ एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराए।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

## क्विक न्यूज

### कलेक्टर ने किया मुरता रनबोड़ एवं गिधवा परसदा का दौरा



**बेमेतरा।** शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का जायजा लेने कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने कल विकासखण्ड नवागढ़ के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने धान उपार्जन के केन्द्र रनबोड़ मे अतिशीघ्र धान उठाव करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात मुरता खाद्य भण्डारण व्यवस्था का जायजा लिये व अधिकारियों को खाद्य के उचित रखरखाव के निर्देश दिए। मुरता सोसायटी के निरीक्षण के दौरान किसानों ने अपने बीच कलेक्टर को पाकर ग्रामीण खुश हुए। इसके बाद जिलाधीश ने गिधवा-परसदा पक्षी विहार का मुआयना कर प्राकृतिक संरक्षण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नवागढ़ विश्वास राव मस्के, जनपद पंचयत सीईओ एन एल , बीईओ लोकनाथ बांधे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी चतुर्वेदी, उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने आदर्श गौठान का किया निरीक्षण, स्वसहायता समूहों के सदस्यों से चर्चा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने किया प्रोत्साहित

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



प्रभारी मंत्री बनने के बाद उमेश पटेल का पहली बार बालोद आगमन हुआ। जिसे लेकर कांग्रेसियों में भारी उत्साह नज़र आया। क्षेत्रीय विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने प्रभारी मंत्री का जोरदार स्वागत किया। पुरुर से लेकर बालोद जिला मुख्यालय तक प्रभारी मंत्री के वाहन के साथ काफिला नज़र आया। वही युवाओं ने भी ग्राम झलमला स्तिथ गँगामैय्या मंदिर के सामने प्रभारी मंत्री उमेश पटेल का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया और बालोद नगर तक बाइक रैली भी निकाली। अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान प्रदेश के उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री उमेश पटेल बालोद विकासखण्ड के ग्राम चरोटा के आदर्श गौठान का निरीक्षण कर वहाँ संचालित विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने वहाँ स्व-सहायता समूहों के सदस्यों से चर्चा कर उनके कार्यों की सराहना की और उन्हें आत्मनिर्भर बनने प्रोत्साहित किया। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने गौठान परिसर में स्वसहायता समूह द्वारा गोधन न्याय योजना के तहत खरीदे गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन, विक्रय तथा केचुआ की उपलब्धता की जानकारी ली। समूह की सदस्यों ने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन पश्चात विक्रय से उन्हें आमदनी प्राप्त हो रहा है। केचुआ पर्याप्त उपलब्ध है। उनके द्वारा केचुआ का उत्पादन तथा विक्रय किया जाता है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि गौठान से अब तक दो लाख रूपए से अधिक के वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय कर लिया गया है।

**प्रभारी मंत्री ने समूह की सदस्यों को आत्मनिर्भर बनने किया प्रोत्साहित-** प्रभारी मंत्री उमेश पटेल ने गौठान परिसर में डबरी में मछलीपालन कार्य का अवलोकन किया। समूह के सदस्यों ने डबरी में पॉच लाख मछली बीज डालने की जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को मछली पालन हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मछली पालन आमदनी का अच्छा जरिया बनेगा। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने जय गंगा मैय्या स्वसहायता समूह द्वारा किए जा रहे कड़कनाथ मुर्गीपालन का अवलोकन किया। समूह की सदस्यों ने बताया कि अब तक 51 हजार 925 रूपए का कड़कनाथ मुर्गी व अण्डा का विक्रय कर लिया गया है, जिससे उन्हें लगभग 41 हजार रूपए का आमदनी हुआ है। उन्होंने गौठान परिसर में कान्हा स्वसहायता समूह द्वारा किए जा रहे पशुपालन कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने गाय को गुड़ तथा हरा चारा खिलाया। समूह के सदस्यों ने बताया कि उन्नत नस्ल की बारह गायें हैं, जिससे प्रतिदिन दुध विक्रय से आमदनी प्राप्त हो रहा है। प्रभारी मंत्री ने गौठान परिसर में तुलसी स्वसहायता समूह द्वारा निर्मित विभिन्न सामग्रियों का अवलोकन किया। उन्होंने गौठान परिसर में स्वसहायता समूहों द्वारा किए जा रहे विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों की सराहना की और समूह की सदस्यों को आत्मनिर्भर बनने प्रोत्साहित किया। इस दौरान महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़ियाँ, संसदीय सचिव व गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, संजारी-बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सोनादेवी देशलहरा, बालोद नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, जिला पंचायत सीईओ डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि इस अवसर पर मौजूद थे।

**प्रभारी मंत्री ने अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का किया निरीक्षण-** जिले के प्रभारी मंत्री उमेश पटेल और महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया ने जिला मुख्यालय बालोद के आमापारा में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय के शिक्षको ने प्रभारी मंत्री व अतिथि उमेश पटेल का फूल की वर्षा कर और ताली बजाकर स्वागत किया। श्री पटेल ने वहां स्मार्ट क्लासरूम, लाइब्रेरी, साईस लेब्रोटरी, रोबोटिक्स लैब, ऑडिटोरियम आदि का अवलोकन किया। उन्होंने वहां संचालित ऑनलाइन स्मार्ट क्लासरूम में विद्यार्थियों से पढ़ाई के संबंध में चर्चा की।

# भिलाई के होनहार मुक्केबाजों का जूनियर मेन नेशनल मुक्केबाजी हेतु चयन



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने सदैव ही खेलों के संवर्धन हेतु प्रयास किया है। जिसके फलस्वरूप भिलाई से अनेक खेल प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर भिलाई का नाम रोशन किया है। इसी क्रम में सोनीपत, हरियाणा में 26 जुलाई से 31 जुलाई, 2021 के मध्य जूनियर मेन नेशनल मुक्केबाजी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्टील प्लांट स्पोर्टस् बोर्ड (एसपीएसबी) की ओर से मुक्केबाजी टीम इस प्रतियोगिता में भाग लेने जा रही है। इस प्रतियोगिता हेतु सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्कृष्ट कोच द्वारा प्रशिक्षित 3 होनहार बच्चों का चयन इस राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता हेतु किया गया है। इनमें 48 किलोग्राम वर्ग में हैप्पी पब्लिक स्कूल, वैशाली नगर के 11 वीं के छात्र हर्ष सिन्हा, 52 किलोग्राम वर्ग में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल, सेक्टर-6 के 12 वीं के छात्र रोहित कुमार सोना तथा 63 किलोग्राम वर्ग में विवेकानन्द विद्यापीठ, सेक्टर-2 के 10 वीं के छात्र ब्रजेष गुप्ता का चयन जूनियर मेन नेषनल मुक्केबाजी हेतु स्टील प्लांट स्पोर्टस् बोर्ड (एसपीएसबी) की मुक्केबाजी टीम में किया गया। सेल-बीएसपी के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधा विभाग के उप महाप्रबंधक तथा पूर्व ओलंपियन राजेन्द्र प्रसाद ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ये तीनों खिलाड़ी 24 जुलाई, 2021 को सोनीपत, हरियाणा के लिये रवाना होंगे। हमें विश्वास है कि वे अपने-अपने वर्ग में बेहतर प्रदर्शन कर भिलाई का नाम रोशन करेंगे। इसके साथ ही इस्पात परिवार के इस उपलब्धि पर संयंत्र के उच्च प्रबंधन ने भी खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दी है।

# प्रधान आरक्षक प्रदीप एवं सुरेश सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत





पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री अरविंद कुजुर एवं अति. पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री विमल कुमार बैस द्वारा बेमेतरा जिले में कार्यरत प्रधान आरक्षक प्रदीप तिवारी एवं सुरेश राजपूत को प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक ÷अ'' वर्ग की योग्यता सूची वर्ष 2020 में लाये गये थे, जिन्हे प्रधान आरक्षक की पी.पी. कोर्स उत्तीर्ण करने के पश्चात सहायक उप निरीक्षक अ वर्ग के पद पर ( विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत पदोन्नति प्राप्त प्रधान आरक्षक को ) स्टार व कैप लगाकर पदोन्नत किया गया। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा अरविंद कुजुर द्वारा पदोन्नत हुए सहायक उप निरीक्षक प्रदीप तिवारी एवं सुरेश राजपूत को शुभकामनाए देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

इसके साथ ही उन्होने कहा कि पदोन्नति के साथ ङ्क साथ पदोन्नत हुए सहायक उप निरीक्षक के उत्तरदायित्व में बढोत्तरी हुई है, इसी उत्तरदायित्व के अनुरूप अपने दक्षता एवं निष्ठा का पूर्ण ईमान जोदारी से उपयोग करते हुए समाज में कानून तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। अति. पुलिस अधीक्षक श्री विमल कुमार बैस द्वारा भी पदोन्नति प्राप्त सहायक उप निरीक्षक को शुभकामनायें देते हुए बेमेतरा जिले की पुलिसिंग एवं आने वाली परिस्थितियों में सामन्जस्य बनाकर कार्य करने हेतु बताया गया। इस कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक वैभव मिश्रा एसआरसी स्थापना लिपिक लुमेश देवांगन व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय सिंधु सभा ने किया तुलसी पौधा वितरण




पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भारतीय सिंधु सभा दल्ली राजहरा के द्वारा तुलसी पौधा वितरण का कार्यक्रम किया गया । महिला समिति की अध्यक्ष साक्षी खटवानी के द्वारा जानकारी दी गई कि भारतीय सिंधु सभा हर साल पौधारोपण का कार्यक्रम करता है इस साल तुलसी के पौधों का वितरण नीतू करतारी के गुरु दरबार में गुरु पूर्णिमा दिन शुक्रवार तारीख 22 जुलाई 2021 किया गया। इस कार्यक्रम में मंजू लालवानी, ज्योति लालवानी, पूजाओटवानी, संगीता कुकरेजा, पारी साहनी, बबीता उदासी, कविता तलरेजा, कौशल्या माधवानी, मुख्य रूप से उपस्थित थी। सभी ने खुशी खुशी तुलसी माता को आदर सहित ग्रहण किया तथा अच्छे से देखभाल व पूजा पाठ करने का संकल्प लिया साक्षी खटवानी ने बताया कि हर एक घर में तुलसी माता का होना घर के दुख दर्द क्लेश को हर लेता है।

# शिक्षक ने सोशल मीडिया में आपत्ति जनक टिप्पणी की संघ ने कलेक्टर को कार्यवाही के लिए सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ थानखमरिया
www.dailypioneer.com



पिछले दिनों जिला अजाक्स संघ ने जिला कबीरधाम के डी ई ओ के. एल. महिलांगे के स्थानांतरण पश्चात उनके स्थान पर नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी के स्वागत में जिला अजाक्स संघ कबीरधाम द्वारा सौजन्य भेट कर उनका अभिनंदन किया गया था। जिसका फोटो सहित समाचार प्रकाशित हुआ था। उक्त समाचार का उपहास करते हुए विकास खण्ड स.लोहारा के बीजाबैरागी स्कूल में पदस्थ एक शिक्षक ने सोसल मीडिया( वाट्सएप ग्रुप )में अवांछित एवं भद्दी टीप्पणी किया गया था। जिससे खिन्न होकर जिला अजाक्स संघ के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देकर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की गई है। विदित हो की इसी सप्ताह में श्री राकेश पाण्डेय जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम के पद पर पदस्थ हुए है। जिनके स्वागत भेंट के लिए जिला अजाक्स संघ कबीरधाम के पदाधिकारियों ने भेट किया। इस अवसर का समाचार पत्र में फोटो सहित समाचार प्रकाशित हुआ था। उक्त समाचार का स्क्रीन शॉट अंश शिक्षक संघ स.लोहारा के ग्रुप में भी प्रसारित हुआ। इसी ग्रुप में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला-बीजाबैरागी, विकासखण्ड स.लोहारा में पदस्थ एक शिक्षक द्वारा घोड़े और घास की उपमा देते हुए परिहास कर भद्दी एवं अशोभनीय टीप्पणी किया गया,इससे नाराज अजाक्स समिति के जिला अध्यक्ष जिरधन नवरंग के मार्गदर्शन में पदाधिकारियो ने बड़ी संख्या में कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर उक्त शिक्षक के ऊपर विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। जिला अजाक्स संघ के अध्यक्ष ने विज्ञप्ति में कहा कि ज्ञापन पर उचित एवं त्वरित कार्यवाही न होने की स्थिति में पुलिस में एफ.आई.आर. दर्ज कर यथोचित कानूनी कार्यवाही का मार्ग अपनाएंगे।

# हर मोर्चे पे विफल हुई मोदी सरकार : फिरोज खान

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत पांडातराई अध्यक्ष फिरोज खान ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पे अब तक विफल ही साबित है जिस तरह से बढ़ती महँगाई को अब तक काबू नही कर सकी दिनों दिन पेट्रोल डीजल के बढ़ते मूल्य से सभी जरूरी सुविधाओं के दाम में बेतहाशा बढ़ोतरी से आम जनता का बुरा हाल है बढ़ती महँगाई से आमजनों का कमर टूट चुकी है लेकिन इसके विपरीत केंद की सरकार आँख मूंदकर तमाशबीन बनी हुई है केंद्र की मोदी की सरकार ने सत्ता पाने के लिए गरीब जनता को अच्छे दिनों और हर तरह से जरूरी सुविधाओं को उपलब्ध कराने के वादे से सत्ता में आई लेकिन अब तक देखा जाए तो इसके उलट सिर्फ महँगाई ही दोगुना बढ़ गयी जिससे गरीब वर्गो को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**बेरोजगारी चरम पर नवजवानों में बढ़ रहा आक्रोश-** जिस तरह केंद्र की मोदी सरकार ने अच्छे दिनों का वादा करके आयी उसमे प्रमुख रूप से बेरोजगारो को रोजगार देने का वादा करके आयी हर साल करोड़ो युवाओं को रोज़गार उपलब्ध होने का वादा करके आयी लेकिन अब बेरोजगारी दर कम होने के बजाय बढ़ती ही जा रही है पढ़े लिखे डिग्री धारी नवजवानों को मोदी सरकार द्वारा पकौड़े तलने की सलाह देती है इस तरह बेतुका बयान से युवाओं में आक्रोश है वे अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहे है पढ़े लिखे बेरोजगार युवक बेरोजगारी के कारण मानसिक अवसाद ग्रस्त हो रहे है।

# जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा अब 31 जुलाई तक

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

परिवार नियोजन के स्थाई साधन नसबंदी को लेकर जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा अब 31 जुलाई तक मनाया जाएगा। कोविड महामारी के विषम परिस्थितियों में अधिक से अधिक लोगों को परिवार नियोजन का लाभ मिले, इसे देखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, भारत सरकार की ओर से राज्यों को 31 जुलाई तक उक्त पखवाड़ा मनाने का निर्देश दिया गया है। इससे पूर्व 11 जुलाई से 24 जुलाई तक परिवार नियोजन के स्थाई साधन नसबंदी को लेकर जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े का दूसरा चरण आयोजित किया जाना था। इसके अंतर्गत पंजीकृत इच्छुक लाभार्थियों ( महिला -पुरुष) की जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में नसबंदी की सुविधा दी जा रही थी। निर्देश के बाद अब 31 जुलाई तक उक्त सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजित रखने के अस्थाई साधनों जैसे-कंडोम, माला एन, अंतरा इंजेक्शन और छाया टेबलेट को अपनाने के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ सीबीएस बंजारे ने बताया, वर्तमान समय में कोविड महामारी का प्रभाव है। जिसको ध्यान में रखते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए के लिए इस वर्ष जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए कई तरह की गतिविधियां की जा रही हैं। यह आयोजन दो चरणों में संचालित हो रहा है। पहला चरण 27 जून से 10 जुलाई तक दंपत्ति सम्पर्क पखवाड़े के रूप में मनाया गया। जिसमें परिवार नियोजन के महत्त्व के बारे में गांवों में जागरूकता का प्रयास किया गया।

# आकाशीय बिजली ने छीना सुहाग तो मिला अनुकम्पा नियुक्ति का सहारा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार द्वारा मानवीय सहानुभूति को ध्यान मे रखते हुए अनुकम्पा नियुक्ति मे 10 प्रतिशत के सीमा बन्धन को 31 मई 2021 की स्थिति मे समाप्त कर दिये जाने से प्रदेश के दिवंगत शासकीय कर्मचारियों/अधिकारियों के स्वजनों को अनुकम्पा नियुक्ति का रास्ता खुल गया है। बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला घोठा मे पदस्थ सहायक शिक्षक स्व. शैलेन्द्र कुमार डाहिरे की 20 मई 2021 को उनके गृह ग्राम चकलाकुण्डा मे आकाशीय बिजली गिरने से असमय मौत हो गई। द्रौपदी नवागढ़ के एक निजी स्कूल मे बतौर शिक्षिका की नौकरी कर रही थी। ऐसे समय मे उनके परिवार के समक्ष भरण-पोषण की समस्या खड़ी हो गई। लगभग 32 वर्षीय शिक्षक स्व. शैलेन्द्र के परिवार मे पत्नी के अलावा एक पुत्री एवं एक पुत्र है। बेटी 5 वर्ष की है एवं बेटा 7 वर्ष का है। सास-ससुर सहित उनका संयुक्त परिवार है।

## यूआरएम ने जीरो डिस्चार्ज का लक्ष्य पाया

# सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, जीरो वाटर डिस्चार्ज प्लांट बनने की दिशा में एक कदम और आगे

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com





अपशिष्ट जल प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) ने स्केल रिमूवल फिल्टर से अपने प्रमुख बैकवाश पानी को जीरो लिक्विड डिस्चार्ज यूनिट बनाने के लिए रिसाईकिल करना प्रारंभ कर दिया है। यूआरएम में हाल ही में दो अलग-अलग इकाइयों में अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाई गई थी, ताकि आंतरिक संसाधनों के साथ फिल्टर से प्राइमरी सेटलिंग टैंक तक बैकवाश पानी को रिसाइकिल किया जा सके। विश्व स्तरीय रेल बनाने वाले यूआरएम के अपने जल उपचार संयंत्र हैं जो कि री-हीटिंग फर्नेस और मिल की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न गुणवत्ता वाले पानी की आपूर्ति कर रहा है। सिस्टम की आवश्यकता के अनुसार, स्केल रिमूवल फिल्टर (एसआरएफ) और हाईडेक फिल्टर को उनके कुशल संचालन के लिए प्रत्येक शिफ्ट में नियमित रूप से साफ (बैक वॉश) किया जाता है। इन फिल्टरों का बैक वॉश वॉटर आउटलेट-बी के जरिए प्लांट के बाहर जाता है। हाल ही में, कुछ विचार-मंथन और चर्चा के बाद, यूआरएम टीम ने इस पानी को सिस्टम में वापस लाने के लिए एक प्रक्रिया प्रारंभ करने और स्थापित करने का निर्णय लिया। डायरेक्ट कूलिंग वॉटर सर्किट (डब्ल्यूटीपी-3) का हाईडेक फिल्टर बैकवाश वॉटर जो रेन वाटर स्टॉर्म ड्रेन में जा रहा था, उसे सेकेंडरी सेटलमेंट टैंक में डायवर्ट कर दिया गया है। यह फिल्टर लाइन में उच्च अवशिष्ट दबाव के कारण संभव हो पाया। इसी तरह इनडायरेक्ट कूलिंग वॉटर सर्किट (डब्ल्यूटीपी-4) का हाईडेक फिल्टर बैकवाश वॉटर जो रेन वाटर स्टॉर्म ड्रेन में जा रहा था, उसे ओवरहेड फिलिंग सम्प में डायवर्ट कर दिया गया है। यहां से इस पानी को प्रेशर सैंड फिल्टर के जरिए फिल्टर किया जा रहा है और फिल्टर की बैकवाशिंग में उपयोग के लिए ओवरहेड टैंकों में भेजा जा रहा है। स्केल रिमूवल फिल्टर के बैकवाश पानी की एक बड़ी मात्रा को नए सिरे से रूट करना एक बड़ी चुनौती थी क्योंकि इसमें बारीक स्केल थे और अवशिष्ट दबाव बहुत मामूली था। बैक वाश वाटर का अतिरिक्त भार उठाने के लिए डब्ल्यूटीपी-1 की क्षमता का आकलन करने के लिए विस्तृत इंजीनियरिंग की गई। क्षेत्र का कंटूरिंग किया गया और सर्वेक्षण बिंदुओं को चिह्नित किया गया। विभिन्न ले-आउट का अध्ययन किया गया और न्यूनतम मोड़ और लंबाई वाले विकल्प का स्केल रिमूवल फिल्टर से डब्ल्यूटीपी-1 प्राथमिक सेटलिंग टैंक तक 80 मीटर लंबाई व 300 मिमी व्यास वाले पाइप बिछाने के लिए चुना गया। सभी 8 नग स्केल रिमूवल फिल्टर बैक वॉश आउटलेट इस पाइप से जोड़ा गया और पानी के डायवर्जन के लिए उपयुक्त स्थानों पर वाल्व लगाए गए हैं। प्लांट के सिविल इंजीनियरिंग विभाग (सीईडी) ने कार्य के निष्पादन के लिए सभी सहायता प्रदान की, जैसे कि बहुत कम समय में जमीन की खुदाई और कंक्रीट को तोड़ना। पाइप की एक समान ढाल बनाए रखने के लिए ध्यान रखा गया और ऊर्जा के नुकसान को कम करने के लिए सभी मोड़ पर विशेष ध्यान दिया गया। यह प्रयोग सफल साबित हुआ और लगभग 80 घन मीटर प्रति घंटा पानी अब केवल गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से रिसाईकिल किया जाता है। इस अतिरिक्त पानी ने जल उपचार संयंत्रों में मेकअप वाटर की आवश्यकता को काफी कम कर दिया है। इसके लिए, एक और मॉडीफिकेशन की आवश्यकता थी और सीधे कूलिंग वाटर के हेडर से ओवरहेड फिलिंग टैंक पाइप तक 120 मीटर लंबाई तथा 80 मिमी व्यास वाले पाइप की व्यवस्था की गई।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, बालोद (छ.ग.)**

नि.सू.क्र.06/ले.शा./(निविदा)/का.अ./लो.स्वा.यां.वि.खंड/2021 बालोद, दिनांक 19.07.2021

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //**

एकीकृत एकल पंजीयन के तहत ''द'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से 'प्रपत्र-एफ' (लम्पसम) में निम्न विवरण अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।
**कार्य का विवरण**-काष्ठागार वन परिसर बालोद में पेयजल व्यवस्था अंतर्गत 60 कि.ली. क्षमता 12 मी. स्टेजिंग के आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी का डिजाईन ड्राईंग सहित निर्माण का सम्पूर्ण कार्य।
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु खण्ड कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 02.08.2021, समय 5.30 बजे तक।
निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 04.08.2021, समय 5.30 बजे तक।

| निविदा क्र. /दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनु.लागत ''रु. लाख'' |
|---|---|---|
| 06<br>19.06.2021 | काष्ठागार वन परिसर बालोद में पेयजल व्यवस्था अंतर्गत 60 कि.ली. क्षमता 12 मी. स्टेजिंग के आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी का डिजाईन ड्राइंग सहित निर्माण का सम्पूर्ण कार्य। | 11.03 |

उपरोक्त कार्य की निविदा में भाग लेने की पात्रता, सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज के अन्य आवश्यक जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.स्वा.यां.खण्ड बालोद से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड**
**बालोद (छ.ग.)**

जी-62268/3

## क्विक न्यूज

### मंत्री पटेल के पहल से ग्राम वासियों में हर्ष



**रायगढ़।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री खरसिया विधायक उमेश पटेल के विशेष पहल से ग्राम पंचायत डोंगीतराई के आश्रित ग्राम हरदीझरिया में सब स्टेशन स्वीकृत होने से अंचलवासियों में हर्ष व्याप्त है। अब बिजली की समस्या से मुक्ति मिलने की उम्मीद से लोगों में भारी राहत देखी जा रही है। रायगढ़ जिला सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम पटेल ने बताया कि कुछ दिनों पहले ग्राम डोंगीतराई, कोड़ातराई, चारभांठा, लेबड़ा, कछार, जैमुड़ा एवं नवापारा के लोगों द्वारा मंत्री उमेश पटेल के पास जाकर अपने गांव में बिजली की आंख मिचौली एवं लो वोल्टेज की समस्या से अवगत कराते हुए सब स्टेशन की मांग की थी जिसे गंभीरता से लेते हुए मंत्री उमेश पटेल ने उनकी समस्याओं को सुना और सार्थक पहल करते हुए संबंधित विभागों से पहल कर सब स्टेशन स्वीकृत कराया गया जिससे ग्रामीणों में विशेष रूप से राहत एवं प्रसन्नता का भाव है।

### 5 किलो गांजा एवं मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**सक्ती।** जांजगीर-चांपा जिला कलेक्टर एवं आबकारी सहायक आयुक्त विकास गोस्वामी के मार्गदर्शन में वृत्त सक्ती के प्रभारी आबकारी निरीक्षक छबि लाल पटेल द्वारा 22 जुलाई को गश्त के दौरान सक्ति मालखरौदा रोड में सोनादुला सकर्रा के पास नाकाबंदी कर इंतजार करने के बाद एक संदिग्ध मोटरसाइकिल में सवार दो व्यक्तियों को पकड़ने में सफलता अर्जित की, तथा यह दोनों व्यक्ति आबकारी विभाग के अधिकारियों को देखकर भागने की कोशिश किए किंतु इनको पकड़ लिया गया जिसमें दुर्गा सिंह निषाद एवं दिनेश यादव दोनों प्लास्टिक की बोरी में करीब 5 किलो गांजे को मोटरसाइकिल के बीच में सीट में रखकर ला रहे थे जिन्हें पकड़कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है उपरोक्त कार्यवाही में आबकारी विभाग वृत्त समिति के अन्य कर्मचारियों का भी सराहनीय योगदान रहा।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिहरीद में संकुल स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

**सक्ती।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिहरीद(मालखरौदा) में संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे समन्वयक शिक्षक श्यामसुंदर तिवारी द्वारा कोरोना काल में बंद पड़े गरीब विद्यार्थियों के बस्ते कैसे खुले, मोहल्ला मे विद्यालय संचालित करने, नव संकुल प्रभारी प्राचार्य हाई स्कूल पिहरीद को चार्ज दायित्व प्रदान किया गया।

# गांव तभी होंगे सुरक्षित जब वहां सबको लगेंगे टीके : कलेक्टर

- सारंगढ़ और लैलूंगा के कम टीकाकरण वाले दो-दो सेक्टरों में महा टीकाकरण अभियान का द्वितीय चरण
- टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने सरपंचों को मिला जिम्मा

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह ने शुक्रवार को कोविड टीकाकरण के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी विकासखण्डों के सरपंच व सचिवों से बात की। इसमें मुख्यतरू ऐसे गांव शामिल थे जहां टीकाकरण की दर कम है। कलेक्टर ने इन गांव के प्रतिनिधियों के चर्चा कर कम टीका लगने के कारणों की समीक्षा की और इन गांवों में टीकाकरण तेजी से पूरा करने के लिए जरूरी निर्देश भी दिए। इस दौरान सभी ब्लॉकों से शत-प्रतिशत टीकाकृत गांवों के सरपंच व सचिवों को भी उनकी रणनीति व अनुभव साझा करने के लिए जोड़ा गया था। जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल भी इस वर्चुअल मीटिंग में शामिल हुए। 24 जुलाई को सारंगढ़ व लैलूंगा के कम टीकाकरण वाले दो-दो सेक्टरों में पुनरू महा टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा।

कलेक्टर ने सभी सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड महामारी को नियंत्रित करने के लिए टीकाकरण ही सबसे महत्वपूर्ण उपाय है। कोविड के चलते कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। बुजुर्ग से लेकर जवान सभी इसकी चपेट में आये हैं। ऐसे में जल्द सभी लोगों का टीकाकरण करवा कर हम लोगों को सुरक्षित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहली लहर के मुकाबले बुजुर्ग इस लहर में कम प्रभावित हुए हैं, इसका कारण उन्हें टीका लगना रहा। उन्होंने कहा कि टीकाकरण करवाकर हम लोगों की जान बचा सकते है और आज के समय में इससे बड़ा कोई दूसरा काम नहीं हो सकता है। सभी को इसमें पूरी सहभागिता निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि टीका लगाने के बाद भी यदि किसी को कोविड होता है तो उसके अस्पताल पहुंचने की संभावनाएं न्यूनतम हो जाती हैं। कलेक्टर ने सरपंचों से कहा कि 26 जून को जिले में टीकाकरण महाअभियान चलाया गया। जिसमें 1 लाख 43 हजार टीके लगे। उस एक दिन करीब 150 से अधिक पंचायतों में शत-प्रतिशत टीकाकरण पूरा हुआ। आज की स्थिति में लगभग 250 पंचायतें पूर्ण टीकाकृत है। प्रदेश में पहला लक्ष्य अनुसार पूर्ण टीकाकृत विकासखंड भी जिले का ही तमनार बना है वहीं किरोड़ीमल नगर पहला पूरा टीका लगाने वाला नगरीय निकाय है। ऐसे में बाकी पंचायतों को भी पीछे नहीं रहना है। आप सभी अपने गांवों में लोगों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि कोविड की आगामी संभावित लहर से निपटने गांव तभी सुरक्षित होंगे जब वहां सभी पात्र लोगों को टीका लग जाएगा।

# भाजपा किसान मोर्चा द्वारा 26 जुलाई को विधानसभा मुख्यालयों में होगा किसानों की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के निर्देशानुसार 26 जुलाई को जांजगीर-चांपा जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों के विधानसभा मुख्यालयों में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा जिले में वर्तमान में किसानों को खाद- बीज सहित अन्य समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक किया जाएगा, तथा उक्तआशय के धरना- प्रदर्शन कार्यक्रम को लेकर 24 जुलाई को जांजगीर-चांपा जिले के सभी विधानसभा मुख्यालयों में संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा एवं मोर्चा प्रकोष्ठों के मंडल पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों की एक बैठक तैयारियों के सिलसिले में आयोजित की गई, जिसमें विस्तारपूर्वक 26 जुलाई को होने वाले धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को लेकर अधिक से अधिक संख्या में किसान भाइयों एवं नागरिकों को विधानसभा मुख्यालयों में पहुंचने का आग्रह किया गया, साथ ही भाजपा जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा एवं भाजपा किसान मोर्चा जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष धनंजय सिंह के मार्गदर्शन में 23 जुलाई को भी जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में एक आवश्यक बैठक आहूत कर धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा संपन्न हुई, तथा 26 जुलाई के धरना-प्रदर्शन को लेकर प्रत्येक मंडलों के बूथ स्तर तक सभी मोर्चा- प्रकोष्ठों के लोगों को एवं किसान भाइयों को अधिक से अधिक संख्या में लाने का आग्रह किया गया है, साथ ही भाजपा जांजगीर-चांपा जिला किसान मोर्चा का कहना है कि वर्तमान में किसानों को राज्य सरकार द्वारा खाद- बीज सहित उनके कृषि कार्यों में विभिन्न प्रकार की आ रही परेशानियों को देखते हुए यह धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया है, तथा भाजपा द्वारा विगत दिनों जिला मुख्यालय में भी ऐसे ही समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम हो चुका चुका है, एवं 26 जुलाई के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रदेश एवं जिले के प्रमुख वक्ता गण सभी विधानसभा मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर किसानों की समस्याओं से लोगों को अवगत कराएंगे, साथ ही 26 जुलाई के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा एवं किसान मोर्चा के जिला मंडल तथा बूथ स्तर तक के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रियता के साथ जुटे हुए हैं, एवं भाजपा जांजगीर-चांपा जिला ने सभी जांजगीर-चांपा जिले के मोर्चा, प्रकोष्ठ शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अधिक से अधिक संख्या में इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया है।

## आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के अपराध में जामगांव का युवक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



पति की मारपीट, प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के मामले में पुलिस ने जांच उपरांत पति के खिलाफ हत्या के लिए दुष्प्रेरित का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार जामगांव कोलाईबहाल में रहने वाला उमेश सहिस पिता जलप्रसाद सहिस उम्र 20 साल एक साल पहले हिमगिर, सुन्दरगढ़ (ओडिशा) की मुस्कान जामडुलिया को प्रेमजाल में फंसाकर उसको घर से भागकर अपने घर ले आया था, जिसे मुस्कान के माता पिता जामगांव आकर वापस घर ले गए थे। उसके बाद उमेश और उसके गांव के लोग दोनों की शादी करेंगे कहकर मुस्कान को जामगांव लेकर आये थे, जहां उमेश उसे पत्नी बनाकर रखा था। कुछ दिनों बाद ही मुस्कान को उमेश सहिस मारपीट करने पर मुस्कान अपने माता-पिता को बताई थी। करीब डेढ़ साल तक साथ रहने के बाद उमेश सहिस की मारपीट, प्रताड़ना से तंग आकर 22 जुलाई को मुस्कान जामगांव कोलाईबहाल में फांसी लगा ली, जिसे उसके ससुरालवाले केजीएच लेकर आए। डॉक्टर मुस्कान को मौत होना बताया। मर्ग जांच पर मृतिका के मायकेवालों के कथन पर उसका पति उमेश सहिस के लड़ाई झगड़ा, मारपीट करने से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेना पाए जाने से पर आरोपी उमेश सहिस पर धारा 306 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है।

## घर घुसकर महिला से छेड़खानी, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

घर घुसकर महिला से छेड़खानी करने वाले युवक को फरार होनें से पहले पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। घटना घरघोड़ा थाना क्षेत्र की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 22 जुलाई को थाना घरघोड़ा में महिला द्वारा ग्राम कुडुमकेला के दिले साव के विरूद्ध घर घुसकर छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि इनका मकान सड़क किनारे है। 21 जुलाई की शाम के कुडुमकेला का दिले साव और एक व्यक्ति घर आये थे। घरवालों के कहने पर दोनों को महिला खाना खिलाई, रात्रि करीब 10 बजे दोनों घर चले गए थे कि रात्रि करीब 11.30 बजे दिले साव दिवाल फांदकर महिला के कमरे अन्दर घुस आया और सोये अवस्था में उसके साथ छेड़खानी करने लगा महिला जागी और शोर मचाई तो दिले साव घर से निकल कर भागा। पीड़िता के रिपोर्ट पर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह द्वारा आरोपी के विरूद्ध धारा 354, 354-क,457 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

अपराध कायमी पश्चात थाना प्रभारी थाने से सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम के हमराह आरक्षक विरेन्द्र भगत, नंद कुमार पैकरा, नरेन्द्र कुमार पैकरा, दीपक भगत को आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए रवाना किये जिनके द्वारा आरोपी दिलेश्वर उर्फ दिले साव पिता खुशी राम साव उम्र 33 वर्ष निवासी कुडुमकेला थाना घरघोड़ा को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी गांव से फरार होने की फिराक में था, जिसे छेड़खानी के अजमानतीय अपराध में गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



## पूरे अंचल में 24 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



24 जुलाई को महर्षि वेदव्यास जी की जन्म जयंती को गुरु पूर्णिमा पर्व के रूप में हर्षोल्लास के साथ शक्ति शहर सहित पूरे अंचल में मनाया गया, इस अवसर पर शक्ति शहर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार, शहर के पुराना स्टेट बैंक के पीछे स्थित पराशक्ति ज्योतिष पीठ के महामंडलेश्वर पंडित भरत दुबे जी महाराज, शहर के श्री राधा कृष्ण मंदिर में अद्वैत प्रथामंडल एवं मित्र क्लब शक्ति द्वारा स्वामी अग्निशिखा जी महाराज की मौजूदगी में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया, इस अवसर पर जहां गुरुजनों से लोगों ने आशीर्वाद ग्रहण किया तो वहीं गुरु की महत्ता पर भी इस दिन लोगों ने प्रकाश डालते हुए गुरु की प्रेरणा से ही जीवन में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने की बात कही, वहीं सरस्वती शिशु मंदिर शक्ति के कार्यक्रम में गुरुजनों का विद्यालय परिवार के छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्प एवं उपहार भेंट कर सम्मान किया गया, तो वहीं विद्यालय के बच्चों ने भी गुरु पूर्णिमा पर अपनी सुंदर रचनाएं एवं संदेश प्रस्तुत किए, इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के पदाधिकारी एवं विद्यालय के शिक्षक/ शिक्षिकाएं सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे, साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ही दोपहर समय संगीत का कार्यक्रम भी रखा गया।

## रमेश सिंघानिया की प्रथम सजल संग्रह अवसर नहीं प्रतीक्षा करता का लोकार्पण समारोह 25 को शक्ति में

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय कवि संगम जांजगीर चांपा एवं सांस्कृतिक विकास मंच शक्ति के द्वारा संयुक्त रूप से आगामी 25 जुलाई को दोपहर 3.00 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शक्ति के सभागार में अंचल के प्रसिद्ध साहित्यकार रमेश सिंघानिया के प्रथम सजल संग्रह अवसर नहीं प्रतीक्षा करता का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया है, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर, कार्यक्रम की अध्यक्षता सांस्कृतिक विकास मंच शक्ति के अध्यक्ष एल.आर.जायसवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कवि संगम जांजगीर-चांपा के संभागीय संयोजक विजय राठौर, सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय कुमार अग्रवाल, नगर पालिका शक्ति की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा दादू जायसवाल, सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंध कारिणी समिति शक्ति के अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला खनिज न्यास निधि के सदस्य श्यामसुंदर अग्रवाल एवं राष्ट्रीय कवि संगम के प्रदेश मंत्री दिनेश रोहित चतुर्वेदी प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे, राष्ट्रीय कवि संगम जांजगीर-चांपा के अध्यक्ष सुरेश पैगवार एवं सांस्कृतिक विकास मंच शक्ति के सचिव भगत राम साहू ने समस्त बंधुओं को इस लोकार्पण अवसर पर शामिल होने का आग्रह किया है, उल्लेखित हो की शक्ति अंचल सहित पूरे जिले में एक प्रतिष्ठित साहित्यकार के रूप में बाखूबी शहर के रमेश सिंघानिया काफी लोकप्रिय हैं, एवं उन्होंने अपनी विभिन्न रचनाओं तथा ओजस्वी भाषणों से जन जन के बीच अपनी प्रसिद्धि हासिल की है, एवं वह निरंतर छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न मंचों पर अपनी सुंदर रचनाओं की प्रस्तुति दे चुके हैं, साथ ही साहित्य के क्षेत्र में काफी लंबे दशकों से कार्य कर रहे हैं,तथा रमेश सिंघानिया की इस प्रथम सजल संग्रह के लोकार्पण अवसर को लेकर क्षेत्र के साहित्यकारों ने भी उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की है, साथ ही रमेश सिंघानिया शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान स्थापित किए हुए हैं।

# भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला जांजगीर-चांपा की प्रथम एवं कामकाजी बैठक का आयोजन भा.ज.पा कार्यालय जांजगीर में संपन्न हुआ। जिसमें भा.ज.पा प्रदेश महामंत्री नारायण चंदेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाएं सक्रियता से कार्य खड़ा करें। गांव-गांव में संपर्क करें उनकी समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करें, हौसले से कार्य करें, संगठन को मजबूत बनायें तथा भा.ज.पा की महिला मोर्चा को बूथ स्तर तक लेकर जाए तथा प्रत्येक बूथ में 10-10 महिलाओं को सक्रिय करें, जिले के 26 मंडल एवं 6 विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं की टीम खड़ा करें जिला महिला मोर्चा प्रभारी श्यामबाई साहू ने महिला मोर्चा की आगामी कार्ययोजना पर प्रकाश डाला तथा कार्य को क्रियान्वित करने हेतु योजना पर चर्चा की। महिला मोर्चा सह प्रभारी विभा गौरहा ने अपने उद्बोधन में प्रदेश महिला मोर्चा के 4 मुद्दों की चर्चा की। जिसके तहत शराब बंदी, आवास योजना, स्वसहायता समूह आदि विषयों पर राज्य सरकार की वादाखिलाफी को लेकर आंदोलन करने को तैयार रहने को कहा। अकलतरा विधायक सौरभ सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा मात्र शक्ति अपनी सक्रियता से बूथ स्तर तक महिलाओं को संगठीत करें। उन्होंने बिहार चुनाव का उल्लेख करते हुये कहा की महिलाओं के समर्थन से ही बिहार में भाजपा सत्ता में आई है। महिला मोर्चा को कांग्रेस सरकार के विरूद्ध शराब बंदी को लेकर किये गये झूठे वादे को जन-जन तक ले जाना चाहिये। बेलतरा विधायक एवं जिला प्रभारी रजनीश सिंह ने महिलाओं को संगठित होकर जिले प्रत्येक बूथ में महिलाओं के बीच संगठन खड़ा करें तथा कांग्रेस की जनविरोधी नितियों को जन-जन तक पहुंचायें। कांग्रेस की झूठे वादे और वादाखिलाफी के विरूद्ध जनजागरण अभियान चलायें। भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चन्द्रा ने अपने संबोधन में कहा की महिला मोर्चा अपने संगठन का विस्तार प्रत्येक बूथ तक ले जावे तथा सामुहिक प्रयत्न से महिला मोर्चा को सक्रिय, सशक्त और ऊर्जावान बनाये तथा निरंतर रजनात्मक कार्य में सहभागी बन भाजपा की नितियों को जन-जन तक पहुंचाएं। सशक्त भाजपा ही देश का शुदृण भविष्य है। राष्ट्रहित में महिला मोर्चा को सक्रियता से संगठनात्मक कार्य को तीव्र कर बूथ स्तर तक ले जाएं। पूर्व सांसद कमला देवी पाटले ने महिलाओं को प्रेरित करते हुये कहा की महिला मोर्चा को सक्रियता से निरंतर कार्य करना चाहिये। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रजनी सत्तू साहू ने महिला मोर्चा को बूथ स्तर तक ले जाने एवं कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नितियों को जन-जन तक पहुंचाकर कांग्रेस सरकार के चरित्र को उजागर करें। कामकाजी बैठक का संचालन जिला महामंत्री मोहन कुमारी एवं संतोषी दुबे ने किया। इस कामकाजी प्रथम बैठक में प्रशांत सिंह, कमलेश जांगड़े, संतोषी सिंह, उषा राठौर, विद्या सिदार, साहू, मधु राठौर, तिलेश्वरी साहू, संतोषी साहू, यंत्रा साहू, पूजा राठौर मंडल अध्यक्षगण व महिला मोर्चा की कार्यकर्ता बहने उपस्थित थी।

## ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यो के लिए जाना पड़ रहा जिला मुख्यालय

**मुंगेली/जरहागांव।** लंबे समय के इंतजार के बाद जरहागांव अमोरा को उप तहसील का दर्जा तो मिल गया किंतु आज भी अधिकारियों की अनुपस्थिति के चलते वहा के ग्रामीणों को हर छोटे से छोटे कार्यो के लिए जिला मुख्यालय का मुंह ताकना पड़ता है, जिसको लेकर जरहागांव ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष रामचंद्र साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। ज्ञात हो उपतहसील ब्लाक पथरिया के ग्राम अमोरा को भाजपा शासनकाल में उपतहसील का दर्जा दिया गया है। किंतु उक्त उपतहसील भवन हेतु अमलीकापा के ग्रामवासियों के द्वारा पटवारी कार्यालय को अस्थायी तौर पर उपतहसील कार्यालय का संचालन हेतु व्यवस्था किया गया , जिसमें महज 10-15 दिन ही नायब तहसीलदार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके बाद आज दिनांक तक का ही कार्यालय खाली है और ना ही नायब तहसीलदार बैठ रहे हैं। जिससे उपतहसील अमोल के ग्राम पंचायतों के ग्रामवासियो का राजस्व संबंधी कार्य के लिए ग्रामवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## 118 धान उपार्जन केन्द्रों में हुआ शत-प्रतिशत धान का उठाव

**रायगढ़।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 के संबंध में जिला खाद्य अधिकारी जी.पी.राठिया से मिली जानकारी अनुसार जिले के 110 सेवा सहकारी समितियों के 134 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 533510.04 मे.टन धान की खरीदी की गई है जिसका निराकरण जिले के पंजीकृत राईस मिलरों को डीओ जारी कर कस्टम मिलिंग कराकर चावल जमा का कार्य किया जा रहा है एवं जिला विपणन कार्यालय से परिवहनकर्ताओं को टीओ जारी कर संग्रहण केन्द्रों में संग्रहित किया जा रहा है। वर्तमान में 134 धान उपार्जन केन्द्रों में से 118 धान उपार्जन केन्द्रों का शत-प्रतिशत धान उठाव कर लिया गया है तथा 15 धान उपार्जन केन्द्रों में कुल 1304 मे.टन धान निराकरण हेतु शेष है। जिसका जिला स्तरीय दल गठन कर समितिवार निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सेवा सहकारी समिति मर्यादित खड़गांव 180 विकासखण्ड धरमजयगढ़ का प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गई है तथा शेष 15 समितियों के धान का निराकरण की कार्यवाही जारी है। जिन समितियों के द्वारा धान का निराकरण कार्य पूर्ण नहीं किया जायेगा उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक की अनुशंसा से टीसीएल कॉलेज के नवीन भवन निर्माण हेतु 5 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

विधायक नारायण चंदेल की अनुशंसा से जिले के अग्रणी महाविद्यालय शा. टीसीएल स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर के नवीन भवन निर्माण हेतु शासन द्वारा 05 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत किया गया है। जिसकी पहली किस्त की राशि 1 करोड़ रुपये शासन द्वारा प्रदान कर दिया गया है। विगत अनेक वर्षो से क्षेत्रीय विधायक नारायण चंदेल द्वारा सतत रूप से उच्च शिक्षा मंत्री, उच्च शिक्षा सचिव तथा मुख्यमंत्री से मिलकर जांजगीर जिले के अग्रणी महाविद्यालय होने के बावजूद यहां का भवन बहुत पुराना, जर्जर एवम जीर्ण-शीर्ण हो गया था इस पर विधायक चंदेल ने अनेकों बार



उच्च शिक्षा मंत्री, उच्च शिक्षा सचिव व मुख्यमंत्री जी से प्रत्यक्ष मिलकर व ज्ञापन देकर तथा विधानसभा में प्रश्न व विभिन्न माध्यमों से सदन में इस विषय को उठाकर नवीन भवन निर्माण हेतु इस विषय को सदन में रखा। विधानसभा में उच्च शिक्षा मंत्री ने इस पर आश्वासन दिया भी दिया था,टीसीएल कॉलेज के नवीन भवन निर्माण को स्वीकृति आज ही शासन द्वारा परिपत्र जारी कर 01 करोड़ की पहली किस्त की राशि जारी किया गया है। जिसकी सूचना टीसीएल कॉलेज व विधायक नारायण चंदेल को प्राप्त हुआ है। इसी तरह शासकीय एम.एम.आर. स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा में अधीक्षिका आवास निर्माण हेतु 15 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई है, जांजगीर टीसीएल कॉलेज के नवीन भवन निर्माण किए जाने की मांग पूरे अंचल के छात्र -छात्राओं की बहुत पुरानी मांग थी। इस बीच छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक नारायण चंदेल के कार्यालय में पहुंचकर उन्हें भेंट कर नवीन भवन निर्माण किए जाने की मांग किया था, जिस पर विधायक नारायण चंदेल ने उन्हें आश्वासन दिया था। टीसीएल कॉलेज के नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त होने पर छात्र-छात्राओं व नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक चंदेल एवं उच्च शिक्षा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## फोटो वायरल करने धमकाकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



नाबालिग किशोरी को प्रेम जाल में फंसा कर बिना बताए मोबाइल पर नाबालिक की फोटो खींचकर वायरल करने की धमकी देते हुए शारीरिक शोषण करने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित पास्को एक्ट की धाराओं में आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। पूरा मामला सरिया थाना क्षेत्र का है जहां नाबालिग और आरोपी के बीच पिछले 3 सालों से प्रेम प्रसंग था तभी आरोपी सनी चौहान ने नाबालिग को बिना बताए अपने मोबाइल पर फोटो खींच लिया और वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग को अपने घर बुलाता था और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया करता था। 15-16 जुलाई की रात करीब 11 -12 बजे शनि घर के पास आकर ÷बाहर आओ तुम्हारा फोटो को तुम्हारे सामने डीलिट कर दुंगा÷ बोल कर बुलाया और अपने साथ अपने पुराने घर में ले गया, जहां दुष्कर्म किया और घटना किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया। पीडिता अपनी मां को घटना बताई और थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता की रिपोर्ट पर शनि चौहान पिता मेन्हा चौहान उम्र 19 साल निवासी ग्राम बरमपुर थाना सरिया के विरूद्ध दर्ज की गई है।

# बीसी सखी, डीजी पे की दीदीयों ने एक साल में 43 करोड़ का लेनदेन किया ग्रामीणों से, कलेक्टर ने किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तत्वाधान में बीसी सखी एवं डीजीपे का एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया। कलेक्टर महादेव कावरे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.एस.मण्डावी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीसी सखी एवं डीजीपे के दीदीयों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए दूरस्थ अंचल के लोगों तक पेंशन, मनरेगा एवं अन्य राशियों का भुगतान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एनआरएलएम के जिला मिशन प्रबंधक विजय शरण प्रसाद, सीएससी के प्रबंधक विश्वजी पण्डा, बीसी सखी की दीदीयां उपस्थित थी। 01 अप्रैल 2021 से 20 जुलाई 2021 तक बीसी सखी एवं डीजीपे के दीदीयों ने 9 करोड़ 85 लाख का लेन-देन किया गया है। इसी प्रकार अब बीसीसखी एवं डीजीपे के दीदीयों ने 32 करोड़ 83 लाख का लेन-देन किया है।

**कलेक्टर ने की सराहना** – कलेक्टर ने अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोग कार्य को देखकर बेहद खुशी हो रही है। बीसी सखियों से दूरस्थ अंचल के क्षेत्रों के लोगों तक लेन-देन की सुविधा बेहतर तरीके से पहुंचाई रही है। एक प्रकार से चलता फिरता बैंक कि तरह कार्य कर रही हैं। इसका सार्थक लाभ लोगों को मिल रहा है, वे लोग बैंक तक नहीं जा सकते उन लोगों तक आप राशि पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि जशपुर जिले में इसकी विशेष आवश्यकता है। इसका एक लाभ और भी है कि लोगों को बैंकों और एटीएम में लाईन लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है और उनका काम सरल तरीके से हो जाता है। उन्होंने ने कहा कि बीसी सखी दीदीयाँ ग्रामीण के क्षेत्र लोगो को भली-भांति जानती हैं और एक दूसरे से परिचित रहते हैं। संबंधित गांव के निवासी होने के कारण बीसी सखी डीजी पे की दीदीयों को गांव के लोग विश्वास भी करते है और लेन देन करने में आसानी होती है और उनका विश्वास भी आप लोगों के प्रति ज्यादा होता है।

**जाति निवास और पेन कार्ड भी** – उन्होंने कहा कि डीजी पे के माध्यम से दीदीयां आय-जाति, निवास, आधार कार्ड, पेन कार्ड का भी कार्य कर रही है यह जानकर बेहद ही खुशी हुई उन्होंने और भी लोगों को बीसी सखी के इस कार्य में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि गांव के लोगों को शहरों तक आने की आवश्यकता न पड़े। आज का जमाना टेक्नोलॉजी का जमाना है। इसकी जानकारी होने से लोगों को कार्य करने में आसानी होती है।



## सीईओ मंडावी ने दी बधाई

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के. एस.मण्डावी ने बीसी सखियों को अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीसी सखी द्वारा पहुंच विहीन क्षेत्रों के लोगों तक सेवाएं दी जा रही हैं। मजदूरी, पेंशन, भुगतान में बीसी सखी के द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि और अधिक लोगों तक अपनी सेवाएं पहुंचाएं ताकि इसका लाभ अधिक से अधिक लोग उठा सकें। कोरोना सं मण के दौरान भी बीसीसखी के द्वारा कोरोना के मापदण्डों का पालन करते हुए लोगों तक राशि पहुंचाने का कार्य किया गया है। एक दिवसीय प्रशिक्षण में कांसाबेल विकासखंड की बीसी सखी दीदी कौशिल्या विश्वकर्मा ने अपनी अनुभव साझा करते हुए कहा कि आज उन्होंने 6 करोड़ से अधिक का लेन देन करके अच्छा मुनाफा उन्हें मिला है। इसके लिए उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की। पत्थलगांव विकासखंड के बीसी सखी सरिता ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे दुरस्थ अंचल के गांव तक पहुंचकर दिव्यांगजनों, वृद्धजन और मनरेगा के मजदूरों को पॉस मशीन से उनके राशि का भुगतान घर जाकर करती है। उन्हें बहुत खुशी मिलती है। घर जाकर पैसा देने से बड़े बुजुर्ग, दिव्यांगजनों का आर्शीवाद मिलता है जिससे बेहद खुशी मिलती है और इसका कोई मोल नहीं है। उन्होंने कहा कि 01 मई 2020 से लगभग 2 करोड़ 75 लाख के लेन देन का कार्य कर चुकी है इसके साथ ही वे आधार लिंक, आय-जाति निवास, जीवन बीमा राशि और पेंशन का भी भुगतान बेहद अच्छे से कर ले रही है।

## इन्हें किया गया सम्मानित

कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने डीजी पे संचालित करने वाली दीदीयों को सम्मानित किया। इनमें शशिकांता टोप्पो, जुगुमनी बेग, सम्मति मांझी, मलिना तिग्गा शामिल है। साथ ही बीसी सखी संचालित करने वाली दीदीयों को भी सम्मानित किया गया है। जिसमें बेबी गुप्ता, जीनत प्रवीन, कौशल्या विश्वकर्मा, सरिता गुप्ता शामिल है। साथ ही इस अवसर पर बायोमेट्रिक डिवाइस का भी वितरण किया गया। जिसमें कमिल कुजूर, मुक्ति कुजूर, रीमा बाई, आरती सन, राबिया अंसारी, मेनका बेसरा, नीता यादव, पूनम कुजूर, मनीषा भगत, आराधना मिंज, पूजा बाई, रीना साहू, फूलमती यादव, सविता महंत, जसिंता टोप्पो, सीमा यादव, लक्ष्मी बाई, आनंदम कुजूर, सुगरी पैंकरा, इमीरीनिका टोप्पो शामिल हैं।

# कलेक्टर ने गुरूर विकासखंड के गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन और विक्रय की गहन समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com




कलेक्टर जनमेजय महोबे की मैराथन बैठक लगातार जारी हैं। योजनाओं के जमीनी स्तर के क्रियान्वयन को लेकर श्री महोबे एक के बाद जनपद पंचायतों की बैठकें ले रहे है और सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देशित कर रहे हैं। जनमेजय महोबे शनिवार को गुरूर जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में गुरूर विकासखण्ड के सक्रिय गौठानों में गोधन न्याय योजना के तहत खरीदे गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट व सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन और विक्रय की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गौठानों में गोधन न्याय योजना के तहत् क्रय किए गए गोबर से अब तक उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय इस माह के अंत तक शतप्रतिशत सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिन गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन एवं विक्रय की प्रगति अच्छी है, वहां के प्रभारी अधिकारियों की सराहना की और जिन गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन व विक्रय की प्रगति संतोषप्रद नहीं है, वहाँ के प्रभारी अधिकारियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने की हिदायत दी। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि गोधन न्याय योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। मैदानी अधिकारी आपसी समन्वय से इसका क्रियान्वयन जिम्मेदारीपूर्वक करें। वहीं उक्त बैठक में अनुपस्थित ग्राम पंचायत मुड़गहन के सचिव मदन लाल कोवाची को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए।

**गौठानों में आजीविका संवर्धन संबंधी विभिन्न गतिविधियां सतत् रूप से जारी रहे- महोबे**- कलेक्टर ने गौठानों में संचालित किए जा रहे विभिन्न आजीविका संवर्धन संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न गौठानों के परिसर में सब्जी उत्पादन, मुर्गीपालन, तार फेंसिंग निर्माण, दोना पत्तल निर्माण, पेवर ब्लॉक निर्माण, फाइल पेड निर्माण आदि गतिविधियां संचालित की जा रही है। कलेक्टर श्री महोबे ने उक्त गतिविधियों के अतिरिक्त भी अन्य आयमूलक गतिविधियों से स्वसहायता समूहों को जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौठानों में आजीविका संवर्धन संबंधी विभिन्न गतिविधियां सतत् रूप से जारी रहे। उन्होंने गौठानों के चारागाह में मवेशियों के लिए हराचारा उत्पादन की जानकारी ली और कहा कि हराचारा का उत्पादन स्वसहायता समूह के माध्यम से नियमित रूप से किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के संबंध में किसानों को अवगत कराए तथा उन्हें योजना का लाभ लेने प्रेरित करें। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, गुरूर एसडीएम एवं जनपद पंचायत गुरूर के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित श्रीवास्तव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत ठाकुर सहित कृषि, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी, संबंधित गौठानों के नोडल अधिकारी, पंचायत सचिव और सहकारी समिति प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

# आपदा पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना 2010 के अंतर्गत जिला आपदा प्रबंधन समिति के तहत गठित 'कोर ग्रुप' की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत तथा छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा जारी स्टेट प्लॉन आफ एक्शन में दिये गये निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के.विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में ÷आपदा पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना 2010÷ के अंतर्गत जिला आपदा प्रबंधन समिति के तहत गठित कोर ग्रुप की बैठक कोर ग्रुप के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ठाकुर प्रथम अपर जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित की गई। उक्त बैठक में कोर ग्रुप के सदस्य डॉ. प्रदीप जैन, डॉ. सायबल जाना, पंकज राजपूत अधिवक्ता, बृज्मा जायसवाल अधिवक्ता, गैर सरकारी संगठन/एनजीओ के सदस्य संतोष कुमार खरे एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के सचिव कु. सुमन ध्रुव उपस्थित रहे। उक्त बैठक में कोविड-19 से संबंधित वैक्सिनेशन पर जोर दिया गया। मास्क पहनने की अनिवार्यतः का सख्ती से पालन किये जाने हेतु अनुशंसा किये जाने शासन को निर्देशित किया गया। वैज्ञानिकों के द्वारा कोरोना की तीसरी लहर बच्चों के प्रति अधिक प्रभाव पड़ने का अंदेशा जताया गया है । इस हेतु कमेटी द्वारा शासन को अनुशंसा की गई कि जिले में स्थापित शासकीय, गैरशासकीय अस्पतालों में बच्चों के लिए अलग से चिकित्सा की व्यवस्था एवं पृथक से वार्ड निर्मित किया जाये।

# पिकअप चोरी के आरोपी को लोदाम पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



पिकअप वाहन की चोरी के आरोपी को लोदाम चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामले के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक लोदाम चौकी में 30 जून को लक्ष्मण सिंह पिता महेश सिंह निवासी पोड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 29 जून की रात्रि में यह अपना पिकअप वाहन क्र जे.एच./01/ए.आर./5041 को घर के सामने खड़ा कर सो गया था, रात्रि करीबन 12:30 बजे से प्रातः 05 बजे के मध्य उक्त पिकअप वाहन को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के आरोपियों की सघन पता-तलाश की जा रही थी, पता-तलाश दौरान प्रकरण के आरोपी अमजद आलम पिता जबीर उम्र 25 वर्ष निवासी परसा तेतरटोली को दिनांक 16.07.2021 को मय पिकअप वाहन एवं घटना में प्रयुक्त अल्टो वाहन को जप्त कर रिमाण्ड पर भेजा गया है, साथ ही प्रकरण के अन्य सहयोगी आरोपी दानिश अंसारी उर्फ दानिष महताब पिता इजराईल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सिसई (झारखंड) को लगातार दबिश देकर दिनांक 23.07.2021 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त विवेचना कार्यवाही करने एवं आरोपी की गिरफ्तारी में चैकी प्रभारी लोदाम स.उ.नि. टेकराम सारथी, प्र.आर. 47 भुनेष्वर भगत, आर. 606 पंकज तिर्की, आर. 769 जशवंत मिंज का सराहनीय योगदान रहा।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपाई करेंगे 26 को विधानसभा स्तरीय जंगी धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

भाजपाई अब किसानों की समस्याओं को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ सड़क की लड़ाई लड़ेंगे। 26 जुलाई को जिले में विधानसभा स्तर पर राजिम और देवभोग में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। वर्तमान में व्याप्त खाद, बीज के संकट से किसान परेशान है। राज्य की कांग्रेस सरकार किसानों को खाद, बीज उपलब्ध नहीं करा पा रही है, वहीं जिले के अनेक क्षेत्रों में बिजली कटौती की जा रही है। इन मुद्दों को लेकर आयोजित धरना प्रदर्शन में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राकेश यादव ने जिले के कार्यकर्ताओं से विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन को सफल बनाने का आग्रह करते हुए कहा है कि किसानों के हित में राज्य की सरकार काम नही कर रही है। इसके विरोध में भाजपा के कार्यकर्ताओं को सड़क की लड़ाई लड़नी पड़ेगी।

# आईएएस कावरे ने 12 घंटे में सर्पदंश से मृत परिवार को दी सहायता राशि

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे ने शनिवार कुनकुरी विकासखंड के ग्राम खूटगाँव पहुँचकर सर्पदंश के कारण एक बच्चे की मृत्यु होने पर प्रभावित परिजनों से भेंटकर उन्हें सहायता राशि प्रदान की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कुनकुरी अंजना मिंज, एस. इलियास, एसडीएम रवि राही, नायब तहसीलदार, सरपंच, सचिव सहित ग्रामीण उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि ग्राम खूटगाँव में शनिवार की सुबह 10 वर्षीय रमन राम पिता जयनंदन राम की सर्पदंश के कारण आकस्मिक मृत्यु हो गई। कलेक्टर कावरे ने मामले पर संज्ञान लेते हुए तत्काल सारी प्रक्रिया पूर्ण करा मृतक के घर पहुँचकर सहायता राशि सौपी।

**न्यायालय नजूल तहसीलदार कोंडागांव जिला कोंडागांव (छत्तीसगढ़)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. /20210520010001

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विक्टर डेनियल मसीह समाज निवासी कोंडागांव (सरगीपालपारा) के द्वारा ग्राम कोंडागांव स्थित भूमि खसरा नंबर 626/39क रकबा 0.15 डिसमिल भूमि पर सामाजिक भवन निर्माण किये जाने हेतु स्थाई पट्टे पर मांग किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 07/08/2021 को न्यायालय तहसीलदार नजूल कोंडागांव में किया जाना है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उक्त दिनांक के पूर्व नयायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल तहसीलदार
कोंडागांव

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक**

202107090200023/202107090200023

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-अ-24 सन-2020-21

छुरियाकला प.ह.नं. 00020) (124/1(0.0760 हे.),

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-रोहित कुमार

अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

**ईशतहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित कुमार पिता बल्देव सिन्हा जाति कलार निवासी वार्ड नंबर 1 नगर पंचायत छुरिया तहसील छुरिया द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम छुरिया प.ह.नं. 20 तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 124/1 रकबा 0.096 हे. आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि का टुकड़ा रकबा 0.08 डिसमिल को आवेदक द्वारा शासन हित में भूमि आवत्यजन किए जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ बी-1 व खसरा नक्शा की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 29.07.2021 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति स्वयं, वकील, आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.07.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर

नेहा ध्रुव
तहसीलदार, छुरिया

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक**

202107090200024/202107090200024

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-अ-24 सन-2020-21

छुरियाकला प.ह.नं. 00020),

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-पुन्नी बाई,

अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

**ईशतहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पुन्नी बाई पति रमेश सिंह जाति राजपुत निवासी ग्राम छुरिया तहसील छुरिया द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम छुरिया प.ह.नं. 20 तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 500/1 व 500/2 रकबा क्रमशः 0.203 हे. व 0.069 हे. आवेदिका के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। खसरा नंबर 500/1 का टुकड़ा रकबा लंबाई 78 फिट चौड़ाई 15 फिट व खसरा नंबर 500/2 का टुकड़ा रकबा लंबाई 200 फिट चौड़ाई 20 फिट, लंबाई 62 फिट व चौड़ाई 12 फिट तथा लंबाई 179 फिट व चौड़ाई 12 फिट को आवेदिका द्वारा शासन हित में भूमि अवत्यजन किए जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ बी-1 खसरा नक्शा की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 29.07.2021 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति स्वयं, वकील, आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.07.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर

नेहा ध्रुव
तहसीलदार, छुरिया

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

वार्ड का नाम - गुरू घासी दास
वार्ड क्र. 01, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.07.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2028/24.07.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 716/01, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - कुन्ती बाई साहु W/o तुलाराम साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- थानेश्वर साहु S/o श्री मुरत साहु.

मुहर

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

वार्ड का नाम - रविन्द्रनाथ टैगोर
वार्ड क्र. 40, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.08.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2027/24.07.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 516/40, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - गौतम सांतरा S/o नंदलाल सांतरा, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- पुरनलाल साहु S/o पन्ना लाल साहु.

मुहर

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

वार्ड का नाम - ठाकुर प्यारेलाल
वार्ड क्र. 11, वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23.08.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2032/24.07.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 556/11, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - ललिता बाई देवांगन W/o स्व. अशोक देवांगन, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- शांति बाई निषाद W/o रामचंद्र निषाद.

मुहर

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर**

ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 96/2021-2022
दिनांक 16.07.2021

वार्ड का नाम- भक्त माता कर्मा वार्ड क्र.-67

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भक्त माता कर्मा वार्ड क्र.- 67 वार्ड स्थित भवन/भूमि **बी-33** जो कि निगम अभिलेख में **श्री / श्रीमती मेसर्स स्टारवेली बिल्डर्स इंडिया प्रा. लि. द्वारा डायरेक्टर बेन सिंग यादव S/o शालगराम यादव** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री / श्रीमती मीनाक्षी शर्मा पति श्री सागर कुमार शर्मा** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर**

ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 97/2021-2022
दिनांक 16.07.2021

वार्ड का नाम- भक्त माता कर्मा वार्ड क्र.-67

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भक्त माता कर्मा वार्ड क्र.- 67 वार्ड स्थित भवन/भूमि **बी-35/36** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती मेसर्स स्टारवेली बिल्डर्स इंडिया प्रा. लि. द्वारा डायरेक्टर श्री बेन सिंग यादव पिता शालगराम यादव** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री / श्रीमती मोमिता शर्मा पति सौरभ शर्मा** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 5, रायपुर**

ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्र. 98/2021-2022
दिनांक 16.07.2021

वार्ड का नाम- भक्त माता कर्मा वार्ड क्र.-67

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भक्त माता कर्मा वार्ड क्र.- 67 वार्ड स्थित भवन/भूमि **बी-34** जो कि निगम अभिलेख में **श्री / श्रीमती मेसर्स स्टारवेली बिल्डर्स इंडिया प्रा. लि. बेन सिंग S/o शालगराम यादव** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री / श्रीमती राजश्री शर्मा पति श्री सुजेश कुमार शर्मा** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्रमांक 110/2021-2022

वार्ड का नाम - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्र.-54

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्र.-54 स्थित भवन/भूमि **54/कमल विहार से. 6 भू.क्र. C-72** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती शंकर लाल मडरिया S/o श्री बिसराम मढ़रिया** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती मनीष श्रीवासन S/o भीमसेन श्रीवासन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्रमांक 111/2021-2022

वार्ड का नाम - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्र.-55

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्र. 55 स्थित भवन/भूमि **55/दावड़ा कालोनी म.नं. 05** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती प्रमोद कुमार गावरी S/o टेकचंद गावरी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती गुंजन कुमार दुबे S/o नरेन्द्र कुमार दुबे** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्रमांक 112/2021-2022

वार्ड का नाम - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्र.-55

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड क्र. 55 स्थित भवन/भूमि **55/सिया रेसीडेन्सी भू.क्र. 6** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा W/o स्व. गोविन्द शर्मा** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती प्रणव अंधारे S/o चंद्रकांत रामचंद्र अंधारे** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्रमांक 113/2021-2022

वार्ड का नाम - रानी दुर्गावती वार्ड क्र.-50

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती वार्ड क्र. 50 वार्ड स्थित भवन/भूमि **50/ग्रीन पेराडाईज P-2** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती राजेश कुमार पारवानी S/o प्रताप पारवानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती गुरमीत कौर W/o परमजीत सिंह कालरा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर

जोन कमिश्नर
जोन क्र. -10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, बालोद (छ.ग.)**

नि.सू.क्र. 07/ले.शा./(निविदा)/का.अ./लो.स्वा.यां.वि.खंड/2021 बालोद, दिनांक 19.07.2021

// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //

एकीकृत एकल पंजीयन के तहत ''द'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से ''प्रपत्र-अ'' (प्रतिशत दर) में निम्न विवरण अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का विवरण:**-बालोद जिले के रोड चौड़ीकरण अंतर्गत क्षतिग्रस्त पाईप लाईन के विस्थापन हेतु ग्राम अरकार निपानी-मुजगहन, कन्नेवाड़ा-करहीभदर, एवं जेवरतला-पिनकापार में यू.पी.व्ही.सी. पाईप लाईन के कार्य तथा काष्ठागार वन परिसर बालोद में जी.आई. पाईप लाईन का कार्य। **(सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित, शेड्यूल अनुसार)**

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु खण्ड कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 02.08.2021, समय 5.30 बजे तक। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 04.08.2021, समय 5.30 बजे तक ।

| समूह क्रमांक | ग्राम एवं कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 |
| 01 | वि.खं. गुरूर के ग्राम अरकार में रोड़ चौड़ीकरण अंतर्गत क्षतिग्रस्त 2160 मी. पाईप लाईन का विस्थापन कार्य। | 11.54 |
| 02. | वि.खं. गुरूर के ग्राम निपानी एवं मुजगहन में रोड़ चौड़ीकरण अंतर्गत क्षतिग्रस्त 1800 एवं 1500 मी. पाईप लाईन का विस्थापन कार्य। | 19.44 |
| 03. | वि.खं. गुरूर के ग्राम कन्नेवाड़ा एवं करहीभदर में रोड़ चौड़ीकरण अंतर्गत क्षतिग्रस्त 500 एवं 1950 मी. पाईप लाईन का विस्थापन कार्य। | 17.21 |
| 04. | वि.खं. डौ.लोहारा के ग्राम जेवरतला एवं पिनकापार में रोड़ चौड़ीकरण अंतर्गत क्षतिग्रस्त 3204 एवं 1500 मी. पाईप लाईन का विस्थापन कार्य। **(द्वितीय आमंत्रण)** | 19.29 |
| 05. | काष्ठागार वन परिसर बालोद में जी.आई.पाईप लाईन का कार्य। **(सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित शेड्यूल अनुसार)** | 17.77 |

**टीप:**-उपरोक्त कार्य की निविदा में भाग लेने की पात्रता, समान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य आवश्यक जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.स्वा.यां.खण्ड बालोद से प्राप्त की जा सकती है।

जी-62281/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
बालोद (छ.ग.)

# भाजपा नेता के इशारे पर हरिजन और आदिवासी परिवारों को गांव से बहिष्कृत किया, महिला ने आत्महत्या की कोशिश की

## ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप, कहा खुद और परिजनों ने जमीन हथियाई, सरकारी जमीन में भी किया कब्जा

- रंजिश के चलते ग्राम से बहिष्कृत करवाने का आरोप भी लगाया, कहा जांच में भी महज खानापूर्ति हुई

पायनियर संवाददाता ॰ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com






छुरिया से लगे चिचोला थाना क्षेत्र के ग्राम भंडारपुर के कुछ ग्रामीण भंडारपुर के ही निवासी व छुरिया भाजपा के मंडल अध्यक्ष रविंद्र वैष्णव पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। आरोप है कि रविंद्र इस क्षेत्र में भूमाफिया की तर्ज पर काम कर रहे हैं और पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने अपने और अपने परिजनों के नाम पर कई एकड़ जमीन हथिया ली है। यही नहीं पंचायतों पर दबाव डालकर वे लाखों के पुल-पुलिया और सड़क के निर्माण कार्य भी ले लेते हैं और इनमें भी जमकर भ्रष्टाचार किए जाने की शिकायत है। उनके खिलाफ शिकायतों और आरोपों का लंबी फेहरिस्त है। हाल ही में वे एक हरिजन और आदिवासी परिवार को ग्राम से बहिष्कृत करने को लेकर विवादों में है। यही नहीं इन प्रभावशाली लोगों के दबाव के चलते बेबस एक महिला ने आत्मघाती कदम उठा लिया।

भंडारपुर के ग्रामीण हीरालाल गंधर्व (74) और देवनाथ कंवर (58) सहित कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वर्षों से रविंद्र वैष्णव और उनके परिजनों ने ग्राम और उसके आसपास की एकड़ों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। जब इस कब्जे का विरोध किया गया तो रविंद्र वैष्णव के इशारे पर हीरालाल और देवनाथ को ग्राम से बहिष्कृत कर दिया गया। यही नहीं महिला यशोदिया और उसके परिवार को भी बहिष्कृत किया गया। मानसिक रुप से परेशान यशोदिया ने इस फैसले के चलते 5 जुलाई को कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या करने की कोशिश की। यह मामला जब बढ़ गया तो रविंद्र और दूसरे ग्रामीण पीछे हट गए।

मामला बीते 4 जुलाई का है। देर शाम अचानक ग्राम में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक रविंद्र वैष्णव के इशारे पर आयोजित हुई थी। बैठक में उन जमीनों का मामला उठा जिन्हें पंचायत और ग्रामीणों की सहमति से कुछ ग्रामीणों को छोटे भूखंड दिए गए हैं। इस बीच हीरालाल और देवनाथ ने इस मामले में रविंद्र की खिलाफत करते हुए उसके ही तौर तरीकों पर सवाल उठा दिए और बैठक से चले गए। उन्होंने आरोप लगाया कि रविंद्र वैष्णव ने उनकी भी जमीन हथियाई है और अपने और अपने परिजनों के नाम पर भी कई एकड़ पर अवैध कब्जा किया है जबकि उनमें से कई शासकीय सेवा में हैं। तमतमाए रविंद्र ने अपने रुतबे का इस्तेमाल करते हुए देवनाथ और हीरालाल को गांव से बहिष्कृत करवा दिया।

### पुलिस, प्रशासन भी मददगार

क्षेत्र में अपना प्रभाव रखने वाले रविंद्र वैष्णव दो बार जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष रहे हैं और मौजूदा दौर में उनकी प ी किरण वैष्णव जनपद पंचायत छुरिया की अध्यक्ष हैं। ग्रामीणों के खिलाफ षड़यंत्र करते हुए उन्हें ग्राम से बहिष्कृत करने के खिलाफ ग्रामीणों ने हक की लड़ाई लड़ी। हीरालाल और देवनाथ ने पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, पुलिस चौकी और हरिजन प्रकोष्ठ में शिकायतें दर्ज कराई। इस एवज में कार्रवाई के नाम पर भी महज खानापूर्ति की गई। जबकि किसी भी व्यक्ति को समाज या ग्राम से बहिष्कृत करना गंभीर अपराध है। जांच में ग्राम से बहिष्कार किए जाने के मामले में बगैर किसी के बयान लिए ही मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। पीड़ितों ने बताया कि जांच में महज दिखावा किया गया और बगैर किसी कार्रवाई के ही मामला समेट दिया गया।

### अब आरोपों से भाग रहे

हीरालाल और देवनाथ ने बताया कि उन्हें ग्रामीणों की बैठक में ग्राम से बहिष्कृत करने का फैसला सुनाया गया। सब कुछ रविंद्र वैष्णव के इशारे पर हुआ। लेकिन जब इस मामले की शिकायत की गई तो अब सभी आरोपों से पीछा छुड़ा रहे हैं। दोनों ही पीड़ितों ने इस पूर मामले में रविंद्र वैष्णव, उपसरपंच प्रदीप पटेल, पूर्व सरपंच राजकुमार निषाद और पूर्व पंच दुलार साहू के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराई थी। शिकायतें होने के बाद आरोपी एक दूसरे पर आरोप मढ़ रहे हैं। पीड़ितों ने बताया कि हमें ग्राम में किसी के घर, खेत में काम करने और किसी और को हमारे यहां काम करने देने, बातचीत करने और किसी भी तरह का सहयोग करने पर प्रतिबंध लगाया गया था।

### इतना सताया कि महिला ने आत्महत्या की कोशिश की

हीरालाल और देवनाथ ने बताया कि हमारे परिवारों के अलावा यशोदिया पति शिवलाल साहू के परिवार को भी ग्राम से बहिष्कृत करने का फरमान सुनाया गया था। जब यशोदिया को यह खबर मिली तो इस प्रताड़ना से तंग आकर उसने 5 जुलाई को कीटनाशक पीकर आत्महत्या की कोशिश की। उसे 112 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया पहुंचाया गया। यहां उससे बयान भी लिया गया जिसमें उसने कथिततौर पर रविंद्र वैष्णव व अन्य की प्रताड़ना को आत्महत्या का कारण बताया था। इस शिकायत का उल्लेख भी पीड़ितों ने अपने शिकायतपत्र में किया है। इस मामले में भी राजनीतिक रसूख के चलते रविंद्र वैष्णव के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई।

### रसूख के दम पर हथियाई जमीन

ग्रामीणों का आरोप है कि अपने राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल करते हुए रविंद्र वैष्णव और उनके परिजनों ने उनकी और अन्य लोगों की जमीन पर अवैध रुप से कब्जा कर लिया। यही नहीं आरोप यह भी है कि रविंद्र वैष्णव और उनके परिजनों ने शासकीय भूमि के बड़े हिस्से पर भी कब्जा किया हुआ है। और वन अधिकार समिति बनाकर वनभूमि का पट्टा रविंद्र वैष्णव के परिजनों को दिलवाया गया है। बड़ी बात यह कि इनमें से कई शासकीय सेवा में हैं और पहले से ही पर्याप्त कृषि भूमि के स्वामी हैं। इस मामले में हीरालाल गंधर्व ने पहले ही कई शिकायतें कर रखी हैं।

ग्रामीणों की शिकायत पर हमने गांव जाकर बयान लिया था। हमने सभी से बात की थी। बयान में सामने आया कि ग्रामीणों ने अवैध कब्जा कर किए जा रहे निर्माण कार्य में सहयोग न करने का फैसला लिया था। ग्राम से बहिष्कार का आरोप साबित नहीं हुआ। वहीं आत्महत्या करने वाली महिला ने भी गांव में बयान दिया था कि उसने स्वयं परेशान होकर ऐसा किया था जिसके लिए उसने किसी भी व्यक्ति को दोषी या जिम्मेदार नहीं बताया है।

**-आरएस सेंगर,** प्रभारी, पुलिस चौकी चिचोला

ऐसा कोई मामला नहीं हैं और मामले की जांच जारी है। आने वाले सोमवार को ग्राम में जन चौपाल लगाया जा रहा है। यहां एसडीएम और प्रशासनिक अमला मौजूद रहेगा जिनकी मौजूदगी में मामले की सुनवाई हो जाएगी। इसके अलावा जो आरोप लगा रहे हैं वह स्वयं शासकीय भूमि में अवैध कब्जा किए हुए हैं।

**- रविंद्र वैष्णव,** अध्यक्ष, भाजपा छुरिया मंडल

# पार्षद पुत्र आशीष डोंगरे के खिलाफ एफआईआर

- निगम सामान्य सभा की बजट बैठक में व्यवधान उत्पन्न करने का आरोप

पायनियर संवाददाता ॰ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगर निगम आयुक्त आशुतोष चतुर्वेदी ने लखोली क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 36 की पार्षद सीताबाई डोंगरे के पुत्र आशीष डोंगरे के खिलाफ बजट बैठक में व्यवधान डालने के मामले में शिकायत दर्ज कराई है। निगम की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि नगर निगम की सामान्य सभा की बजट बैठक 7 जुलाई को आहुत की गयी थी। बजट पर सभी उपस्थित पार्षदों से चर्चा में भाग लेने अध्यक्ष द्वारा आमंत्रित किया गया था, किन्तु भाजपा पार्षदों द्वारा बार बार व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा था और सभापति के आसंदी के समक्ष नारेबाजी और हंगामा किया जा रहा था। इसी बीच आशीष डोगरे द्वारा सदन में प्रवेश कर सम्मेलन में व्यवधान उत्पन्न करते हुये सत्ता पक्ष के पार्षदों के साथ धक्का-मुक्की कर नारे लगाये गए। जिससे सत्ता पक्ष के पार्षद सभापति से आशीष डोंगरे को सदन से बाहर कर उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने की मांग की।

सभापति द्वारा सदन की कार्यवाही में व्यवधान पहुचाने वाले आशीष डोंगरे के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने निगम आयुक्त से कहा गया। जिसपर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने आशीष डोंगरे निवासी सेठीनगर वार्ड नं. 36 राजनांदगांव के विरूद्ध शहर कोतवाली में तथ्यों की जॉच कर संबंधित के विरूद्ध लिखित में एफ.आई.आर. दर्ज करायी।

## अख्तर के प्रयास से 10 को मिली वैक्सीन की पहली डोज



**राजनांदगांव।** कोविड के टीकों की कमी लगातार बरकारार है। प्रदेश के हर हिस्से से के हालात यही हैं। इस बीच जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष अख्तर अली वैक्सीनेशन को लेकर लगातार लोगों की मदद कर रहे हैं। दुर्ग जिले के कुछ लोगों ने इसे लेकर अली से मदद मांगी थी। अख्तर ने बताया कि दुर्ग जिले में उन्हें वैक्सीन का पहला डोज भी नहीं मिल पा रहा था। अख्तर ने बताया कि दुर्ग के गड्डु राम, किरण राव, सोनू राव और उनके साथियों को वैक्सीन लगाने के लिए उन्होंने स्थानीय चिकित्सा महकमे से बात की। जिसके बाद शनिवार को कुल 10 लोगों को जामा मस्जिद स्थित वैक्सीनेशन सेंटर में कोवैक्सीन की पहली डोज लगी। उन्होंने बताया कि उक्त लोग होटल व अन्य ऐसी जगहों पर काम करते हैं जहां भीड़-भाड़ होती है। ऐसे माहौल में काम करने वालों के लिए वैक्सीन बेहद जरुरी है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जहां भी वैक्सीन उपलब्ध हो पा रही है वे इसका लाभ जरुर लें और वैक्सीन जरुर लगवाएं।

# पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन पर आरोप लगाना महज सुर्खियां बटोरने का उतावलापन है : किशुन यदु

पायनियर संवाददाता ॰ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने महापौर हेमा देशमुख द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री पर लगाए गए जासूसी के आरोपों को हास्यास्पद बताया है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेसियों की छोटी और ओछी मानसिकता को दशार्ता है। ये वही कांग्रेसी हैं जो चुनाव जीत जाने पर तो एवीएम पर सवाल नहीं उठाते लेकिन हार जाने पर एवीएम हैक किए जाने की बातें करते हैं। कांग्रेसियों को हमेशा ही तर्कहीन बातें करना रास आता है।

नेता प्रतिपक्ष यदु ने कहा कि सरकार द्वारा जासूसी किए जाने जैसे आरोप लगाना कांग्रेसियों के लिए ही ठीक नहीं है। कांग्रेसी न जाने क्यूं अपने मुख्यमंत्री पर लगे उन आरोपों को भूल जाते है जिनमें मौजूदा मुख्यमंत्री और उनके सलाहकारों पर षड़यंत्र कर तत्कालीन सरकार और तत्कालीन मंत्री की छवि धूमिल करने के आरोप लगे हुए हैं। और तो और ऐसे षड़यंत्र के बाद सीडी बांट कर कांग्रेस अपना चरित्र भी साबित कर चुकी है। कांग्रेस के ऐसे चरित्र के बाद तो यह भी साबित हो चुका है कि कांग्रेसी किस मानसिकता के साथ बेबुनियाद आरोप लगाते हैं।

किशुन यदु ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह 15 साल प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। उनकी कार्यशैली और सरकार चलाने के तौर-तरीके निर्विवाद और साफ रहे हैं। अब अपनी सरकार के ढाई साल पूरे होने के बाद भी कांग्रेसियों को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह की छवि का खौफ है। यही कारण है कि वे बीते कई सालों से उन पर बेबुनियाद आरोप ही लगाते आ रहे हैं। यदु ने कहा कि कांग्रेसनीत प्रदेश सरकार और कांग्रेसियों का कहना है कि जासूसी के मसले को लेकर जांच कराई गई थी तो दूसरी ओर महापौर हेमा देशमुख अपने साथियों के साथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने पहुंच रही हैं। इसका अर्थ क्या ये निकाला जाए कि महापौर देशमुख को अपनी ही सरकार द्वारा करवाई गई या करवाई जा रही जांच पर भरोसा नहीं है या ये सिर्फ अखबार की सुर्खियों का हिस्सा बनने का उतावलापन है। वैसे कांग्रेसियों को यह भी पता होना चाहिए कि उनकी ही सरकार में शुरु हुई जांच में पूर्व मुख्यमंत्री पर लगाए गए ये बेबुनियाद आरोप धरे के धरे रह गए हैं।

# 27 एवं 28 जुलाई को भिलाई में जल प्रदाय रहेगा प्रभावित

पायनियर संवाददाता ॰ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में शिवनाथ नदी से आने वाले मेन पाइप लाइन में खराबी आने की वजह से 26 जुलाई एवं 27 जुलाई को शटडाउन लिया जाएगा जिससे 27 जुलाई दिन मंगलवार एवं 28 जुलाई दिन बुधवार को भिलाई शहर में जल प्रदाय प्रभावित रहेगा और संधारण पश्चात 29 जुलाई को आंशिक रूप से जल प्रदाय बाधित हो सकती है। राइजिंग मुख्य पाइपलाइन में आई लीकेज को दूर करने में निगम के जल विभाग के कर्मचारी संधारण का कार्य करेंगे। ओम शांति ओम चौक के समीप गौरवपथ रामलू चौक के पास पाइप लाइन लीकेज होने की वजह से 26 जुलाई दिन सोमवार की सुबह 9 बजे से शट डाउन लिया जाएगा ! जिससे 26 जुलाई को सुबह में पानी सप्लाई होगी परंतु 27 जुलाई एवं 28 जुलाई को जल प्रदाय पूर्ण रूप से प्रभावित रहेगा। जलप्रदाय की व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने पानी टैंकर, हैंडपंप एवं पावर पंप तथा अन्य माध्यमों से जल प्रदाय करने के निर्देश जोन के अधिकारियों को दिए हैं! जल कार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा एवं उप अभियंता अर्पित बंजारे ने बताया कि भिलाई निगम क्षेत्र के लिए 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट से अन्य क्षेत्रों के लिए सप्लाई किए जाने वाले मुख्य पाइपलाइन में रामलू चौक के पास पाइपलाइन में लिकेज आने के कारण संधारण कार्य किया जाना अति आवश्यक है जिससे पेयजल व्यवस्था भविष्य में दुरुस्त रहे। इसके लिए सोमवार को शटडाउन लिया जाएगा! सर्वप्रथम सोमवार को शटडाउन करते ही प्रातः संधारण का कार्य करने के लिए जेसीबी के माध्यम से खुदाई कर पंप के माध्यम से पाइप लाइन में भरे हुए पानी का डीवाटरिंग किया जाएगा।

# शिक्षक ज्ञान देने के साथ विद्यार्थियों में अच्छे नागरिक के गुण भी विकसित करते हैं : राज्यपाल

पायनियर संवाददाता ॰ बालोद
www.dailypioneer.com







शिक्षक, केवल विभिन्न विषयों का ज्ञान ही नहीं देते बल्कि एक अच्छे नागरिक बनने के गुण भी अपने विद्यार्थियों में विकसित करते हैं। शिक्षक विद्यार्थी के अन्दर छुपी प्रतिभा की पहचान कर उन्हें निखारते हैं और जीवन जीने का सही तरीका सिखाते हैं। चरित्र निर्माण करने के साथ ही नैतिकता का बीजारोपण करते हैं। यह बात राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राज्यस्तरीय शिक्षक सम्मान-2020 समारोह में संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने सभी सम्मानित होने वाले शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कोरोना काल में दिवंगत शिक्षकों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में राज्य शिक्षक सम्मान स्मृति पुरस्कार 2020 हेतु चयनित तीन शिक्षकों और राज्य शिक्षक पुरस्कार 2019 के लिए चयनित 47 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह के वर्चुअल आयोजन में बालोद जिले के दो शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार 2019 से सम्मानित किया गया। तो वही 2020 राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए भी जिले के 2 शिक्षकों की घोषणा की गई। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में शिक्षक लेखराम साहू व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल जमरूवा एवं श्रीमती कमला वर्मा व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला हर्राठेमा को शाल, श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप 21 हजार रूपए का चेक भी प्रदान किया गया।

कलेक्टर ने दोनों शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाए दी। इस अवसर पर प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती असीमा चटर्जी उपस्थित थी।

## छुरिया, कुमर्दा के विद्युत उपकेंद्रो की पॉवर क्षमता बढ़ाई गई, लोगों को मिलेगी राहत

# बिजली आपूर्ति को लेकर शिकायतों के लंबे सिलसिले के बाद

पायनियर संवाददाता ॰ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छुरिया, खुज्जी क्षेत्र में अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति शुरु की गई है। दरअसल, इस क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज की शिकायतें आ रहीं थीं। किसानों और आमलोगों को हो रही इस परेशानी को लेकर भाजपा और ग्रामीणों ने कई बार मोर्चा खोला। कुछ दिनों पहले तो क्षेत्रीय विधायक छन्नी साहू ने भी विभाग को चेतावनी दे डाली थी। वे बिजली को लेकर लगातार आ रही शिकायतों से काफी नाराज़ थीं।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से जानकारी दी गई है कि मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। छुरिया के 33/11 केवी उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया। इस प्रकार छुरिया उपकेन्द्र की क्षमता 10 एम0व्ही0ए0 से बढ़कर 13.15 एव्हीए हो गया है। डोंगरगढ़ संभाग के कार्यपालन अभियंता केवी मैथ्यू ने बताया कि अब लगभग 18 ग्रामों के 4400 उपभोक्ताओं को उच्चगुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा।

वहीं 33 केव्ही लाइन छुरिया के लिए कुमरदा फीडर में डीपी स्ट्रक्चर स्थापित कर विद्युत प्रदाय को सुदृढ़ किया गया है। बिजली विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में छुरिया उपकेन्द्र के लिए विद्युत सप्लाई की व्यवस्था सुखनाला 33 केव्ही फीडर से की जाती थी चूंकि इस फीडर से हाटबंजारी, चिल्हाटी एवं गैंदाटोला उपकेन्द्रों को भी विद्युत प्रदाय किया जाता है। इसके कारण सुखनाला 33 केव्ही फीडर में अत्याधिक विद्युत भार पड़ रहा था।

बताया गया कि सुखनाला 33 केव्ही फीडर से छुरिया उपकेन्द्र की दूरी भी अधिक होने के कारण पर्याप्त वोल्टेज पर विद्युत सप्लाई की चुनौती पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को आ रही थी। इस चुनौती से निपटने के लिए पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा कुमरदा 33 केव्ही फीडर पर डीपी स्ट्रक्चर स्थापित कर छुरिया उपकेन्द्र के लिए विद्युत सप्लाई की व्यवस्था इस फीडर से कर दिया है। जिसके कारण 33 केव्ही लाइन छुरिया की लंबाई लगभग 10 किमी कम हो गई तथा इस फीडर पर भार कम होने के कारण विद्युत प्रदाय व्यवस्था और बेहतर हो गई।


## न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक

202107090200024/202107090200024

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-अ-24 सन-2020-21

छुरियाकला (प.ह.नं. 00020),
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-पुन्नी बाई,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पुन्नी बाई पति रमेश सिंह जाति राजपुत निवासी ग्राम छुरिया तहसील छुरिया द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम छुरिया प.ह.नं. 20 तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 500/1 व 500/2 रकबा क्रमशः 0.203 हे. व 0.069 हे. आवेदिका के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। खसरा नंबर 500/1 का टुकड़ा रकबा लंबाई 78 फिट चौड़ाई 15 फिट व खसरा नंबर 500/2 का टुकड़ा रकबा लंबाई 200 फिट चौड़ाई 20 फिट, लंबाई 82 फिट व चौड़ाई 12 फिट तथा लंबाई 179 फिट व चौड़ाई 12 फिट को आवेदिका द्वारा शासन हित में भूमि अवत्यजन किए जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ बी-1 खसरा नक्शा की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 29.07.2021 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति स्वयं, वकील, आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.07.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नेहा ध्रुव**
**तहसीलदार, छुरिया**

## न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक

202107090200023/202107090200023

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-अ-24 सन-2020-21

छुरियाकला प.ह.नं. 00020[(124/1(0.0760 हे.)],
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-रोहित कुमार
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित कुमार पिता बल्देव सिन्हा जाति कलार निवासी वार्ड नंबर 1 नगर पंचायत छुरिया तहसील छुरिया द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम छुरिया प.ह.नं. 20 तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 124/1 रकबा 0.096 हे. आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि का टुकड़ा रकबा 0.08 डिसमिल को आवेदक द्वारा शासन हित में भूमि अवत्यजन किए जाने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ बी-1 व खसरा नक्शा की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 29.07.2021 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति स्वयं, वकील, आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.07.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नेहा ध्रुव**
**तहसीलदार, छुरिया**

# Olympic Games Tokyo 2020

# तीरंदाजी में दीपिका व प्रवीण की जोड़ी ने चीनी ताइपेई को किया पराजित, क्वार्टर फाइनल में कोरिया से भिड़ंत



टोक्यो ओलंपिक की तीरंदाजी की मिश्रित स्पर्धा के एलिमिनेशन राउंड के पहले चरण में भारत ने चीनी ताइपेई को 5-3 से पराजित कर दिया। भारतीय स्टार तीरंदाज दीपिका कुमारी टोक्यो ओलिंपिक तीरंदाजी मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में पति और अनुभवी तीरंदाज अतानु दास की जगह प्रवीण जाधव के साथ मैदान पर उतरी। शुक्रवार को क्वालीफिकेशन दौर के प्रदर्शन के आधार पर यह फैसला लिया गया। मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा ओलिंपिक में पहली बार खेली जा रही है और इसे भारत की पदक उम्मीद में से एक माना जा रहा है। जाधव और दीपिका के संयुक्त स्कोर के आधार पर मिक्स्ड डबल्स में भारत को नौवीं रैंकिंग मिली है।

### रोमांचक मुकाबले में चीनी ताइपेई को 36-35 से दी मात

शनिवार को खेले गए एलिमिनेशन राउंड के पहले सेट में चीनी ताईपेई ने भारत को 36-35 से पराजित किया। वहीं दूसरे सेट में दोनों ही टीमें 38-38 से बराबरी पर रही। तीसरे राउंड में भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी की और स्कोर को 35-40 तक पहुंचा यह सेट अपने नाम कर लिया। चौथे राउंड में भी भारत का दबदबा बरकरार रहा और यह सेट भी 37-36 से जीत लिया।

### युवा व अनुभव का दिखा जोश

गौरतलब है कि भारत के पास दास और दीपिका का नाम भेजने का विकल्प था, जिन्होंने पेरिस विश्व कप में साथ में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, भारतीय तीरंदाजी महासंघ ने दास की जगह जाधव को चुना। भारतीय तीरंदाजी संघ के अधिकारी वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, 'मौजूदा फार्म के आधार पर जाधव का चयन किया गया। इसमें कोई राकेट विज्ञान नहीं है। जाधव नई प्रतिभा हैं और दीपिका के पास अनुभव है। उम्मीद है कि दोनों साथ में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'

## हॉकी मैच में हरियाणा के लाल ने किया कमाल, टीम की मजबूत कड़ी बन अंतिम क्षण में बचाया गोल



टोक्यो ओलिंपिक के मैदान में पहले ही दिन पुरुष हाकी टीम ने जीत के साथ खाता खेल दिया है। टीम की इस जीत में कुरुक्षेत्र के हाकी खिलाड़ी सुरेंद्र कुमार पालड़ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मैच के अंतिम क्षणों में पोस्टी की जिम्मेदारी संभाल रहे सुरेंद्र ने विरोधी टीम को मिले पेनल्टी कार्नर की बाल को रोककर इसके बाद इसे क्लीयर किया। भारतीय टीम के खिलाड़ियों की इस चौकसी से विरोधी टीम पेनल्टी कार्नर को गोल में नहीं बदल पाई और भारत ने न्यूजीलैंड को 3-2 से हरा कर पहला मैच जीत लिया है।

**मैच के दौरान बढ़ी रही धड़कनें :** भारतीय हाकी टीम का मैच देखते हुए खेल प्रेमियों और ओलिंपियन सुरेंद्र कुमार पालड़ के परिवार के सदस्यों की धड़कनें बढ़ी रही। मैच के हर गुजरते पल के साथ उनकी बेचैनी बढ़ती गई। मैच जब अंतिम क्षण में पहुंचा तो विरोधी टीम न्यूजीलैंड को पेनल्टी कार्नर मिल गया। इस पेनल्टी कार्नर को रोककर भारतीय खिलाड़ियों ने जीत से शुरुआत की। ओलिंपियन सुरेंद्र के पिता मलखान सिंह, उसकी माता नीलम, भाई नरेंद्र ने पड़ोसी महेंद्र और गुड़िया के साथ बैठकर टीवी पर पूरा मैच देखा। सुरेंद्र के भाई नरेंद्र ने कहा कि भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा।

## टेनिस स्टार सुमित नागल का जीत से आगाज, पहले राउंड में उजबेकिस्तान के खिलाड़ी को हरो



नई दिल्ली। खेलो के महाकुंभ ओलिंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने दूसरे दिन दमदार पदर्शन कर सबका दिल जीता। भारत की तरफ से ओलिंपिक सिंगल्स में जगह बनाने वाले पहले खिलाड़ी बनने वाले सुमित नगाल ने बेहतरीन आगाज किया। पहले राउंड में उन्होंने उज्बेकिस्तान के डेनिस इस्तोमिन को मात दी और अगले दौर में जगह पक्की की। सुमित ने 6-4, 6-7 और 6-4 से जीत हासिल की।

शनिवार को टोक्यो में भारतीय खिलाड़ियों पर सबकी नजरें जमी थी। जिन खिलाड़ियों को लेकर सबसे ज्यादा बात की जा रही थी उसमें उभरते टेनिस खिलाड़ी सुमित का नाम सबसे आगे था। इस खिलाड़ी ने तमाम भारतवासियों की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए पहले राउंड में जबरदस्त खेल दिखाया। 41 मिनट तक चले मुकाबले में भारतीय स्टार ने उजबेकिस्तान के डेनिस को मात दी।

सुमित ने अपने से कम रैंकिंग वाले इस खिलाड़ी के खिलाफइंटरनेशनल टेनिस में हासिल किए गए अनुभव का भरपूर फायदा उठाया। पहले सेट को भारतीय स्टार ने 6-4 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे सेट में डेनिस ने वापसी की और मैच में जोरदार टक्कर दी। यह सेट टाई ब्रेकर तक पहुंचा और उनको सेट 7-6 से गंवाना पड़ा।

# कोच राहुल द्रविड़ के एक फैसले से हारी टीम इंडिया

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




भारतीय टीम को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के आखिरी मैच में 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पहले दो मुकाबलों को जीतकर भारत ने वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर रखी थी लिहाजा आखिरी वनडे हारने के बाद भी सीरीज भारत के नाम रही। इस मैच में युवाओं पर भरोसा जताना कोच राहुल द्रविड़ पर भारी पड़ा।

तीन मैचों की सीरीज के आखिरी वनडे में भारतीय 43.1 ओवर में महज 225 रन पर ही सिमट गई। बारिश की वजह से मैच को 47-47 ओवर का कर दिया गया था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की टीम ने 39 ओवर में 7 विकेट गंवाकर जीत हासिल कर ली। आखिर में टीम को भले ही कुछ झटके लगे लेकिन मैच उनकी पकड़ से कभी भी बाहर नहीं हुआ था। 48 गेंद शेष रहते ही 3 विकेट बचाकर श्रीलंका ने भारत पर जीत हासिल की। तीसरे मैच मैच में कोच द्रविड़ ने एक साथ पांच खिलाड़ियों को वनडे डेब्यू करने का मौका दिया। गेंदबाजी आक्रमण पूरी तरह से नया था और इसमें एक भी अनुभवी गेंदबाज नहीं थे। दीपक चाहर और भुवनेश्वर कुमार के साथ साथ कुलदीप और युजवेंद्र को भी आराम दिया गया था। हार्दिक पांड्या अकेले ऐसे गेंदबाज थे जिनके पास वनडे का अनुभव था लेकिन वह इसी सीरीज में गेदबाजी में दोबारा लौटे हैं।

### 5 खिलाड़ियों का डेब्यू

संजू सैमसन, नितिश राणा, राहुल चाहर, चेतन साकरिया और कृष्णप्पा गौतम का वनडे डेब्यू। श्रीलंका के खिलाफ 7 भारतीय खिलाड़ियों ने किया वनडे डेब्यू, मिस्ट्री स्पिनर समेत इन 3 को नहीं मिला मौका श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे में विकेटकीपर संजू सैमसन, बल्लेबाज नितिश राणा, गेंदबाज राहुल चाहर, चेतन साकरिया और कृष्णप्पा गौतम को वनडे की कैप दी गई है। इसमें से सैमसन और राहुल ने प्रभावित किया बाकी कोई अपनी खास छाप नहीं छोड़ पाया।

# BCCI तीन खिलाड़ियों के टेस्ट सीरीज के लिए भेज सकती है इंग्लैंड

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

शुभमन गिल, वाशिंगटन सुंदर और आवेश खान ये तीनों ही इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले ही इंजर्ड होकर टीम से बाहर हो चुके हैं, ऐसे में टीम इंडिया को इन खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट के तौर पर बोर्ड तीन खिलाड़ी दे सकता है। जो रिपोर्ट सामने आ रही है उसके मुताबिक बीसीसीआइ ओपनर बल्लेबाज पृथ्वी शॉ, मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और स्पिनर जयंत यादव को इंग्लैंड भेज सकती है।

अगर जयंत इंग्लैंड जाते हैं तो लंबे वक्त से बाद उनकी टीम इंडिया में वापसी होगी। दरअसल भारतीय टीम मैनेजमेंट ने दो बल्लेबाज व एक स्पिनर की मांग की थी इसके बाद ही बीसीसीआइ इन खिलाड़ियों के भेजने की तैयारी कर रही है। शुभमन गिल के रिप्लेसमेंट के तौर पर पृथ्वी शॉ को भेजा जा सकता है। हालांकि जब गिल इंजर्ड हुए थे तभी भारतीय टीम मैनेजमेंट ने पृथ्वी शॉ को इंग्लैंड भेजने की मांग की थी, लेकिन भारतीय सेलेक्टर्स ने इसके लिए साफ मना कर दिया था।

## बिजनेस

# SBI Cards का जून तिमाही में मुनाफा लुढ़का

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




SBI कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (एसबीआई कार्ड) ने बताया कि 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही में उसका मुनाफा 22 प्रतिशत लुढ़क कर 305 करोड़ रुपये रहा। इसका मुख्य कारण ऋण वसूली की समस्या बढ़ना है। एसबीआई कार्ड्स को इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 393 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

एसबीआई कार्ड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि अप्रैल-जून, 2021 तिमाही के दौरान उसकी आय बढ़कर 2,451 करोड़ रुपये रही, जो अप्रैल-जून, 2020 तिमाही में 2,196 करोड़ रुपये थी।

श्रेणी के अनुसार उसकी ब्याज से मिलने वाली आय चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में घटकर 1,153 करोड़ रुपये रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 1,412 करोड़ रुपये थी। वही शुल्क और सेवाओं से होने वाली आय बढ़कर इस दौरान 1,099 करोड़ रुपये रही। जो बीते वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 668 करोड़ रुपये थी। अन्य आय भी अप्रैल-जून, 2021 तिमाही में दुगना बढ़कर 89 करोड़ रुपये हो गई।

एसबीआई कार्ड्स की सम्पत्ति गुणवत्ता में गिरावट होने से जून,2021 तिमाही में उसकी सकल गैर-निष्पादित संपत्तियां (एनपीए) बढ़कर 3.91 प्रतिशत हो गयीं। जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 1.35 प्रतिशत थी। आलोच्य तिमाही के अंत में कंपनी का सकल अग्रिम (क्रिडट कार्डधाराकों पर बकाया) 24,438 करोड़ रुपये था जो पिछले साल इसी समय 23,330 करोड़ रुपये था। इस दौरान कंपनी के कार्ड से किया गया खर्च 33,260 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले इसी अवधि में 19,085 करोड़ रुपये था।

## लोगों को रास आ रहा गोल्ड ETF, बीते 6 महीनों में खातों की संख्या 41 प्रतिशत बढ़ी

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

शेयर बाजार की रिकॉर्ड तोड़ रैली में शेयरों की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। ऐसे में निवेशक अपने पोर्टफोलियो को संतुलित करने के लिए उसे डाइवर्सिफाई कर रहे हैं। इसके चलते गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (श्वञ्जस्न) में उनका निवेश बढ़ा है। जून में गोल्ड श्वञ्जस्न फोलियो की संख्या मंथली बेस पर 9.83त्न बढ़कर 18.32 लाख पर पहुंच गई।

बीते 6 महीनों में गोल्ड श्वञ्जस्न फोलियो की संख्या में 41त्न का उछाल आया है। दिसंबर 2020 में गोल्ड श्वञ्जस्न के फोलियो की संख्या 12.99 लाख थी। जून में फोलियो की संख्या में वृद्धि ऐसे समय हुई है, जब पूरे महीने में 24 कैरेट सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम 47 हजार रुपए से ऊपर बनी रही। इसके अलावा जून 2021 तक गोल्ड श्वञ्जस्न का एसेट अंडर मैनेजमेंट (रू) भी 16,225 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

### सोने में सीमित निवेश फायदेमंद

रूंगटा सिक्योरिटीज के सर्टिफाइड फाइनेंशियल प्लानर हर्षवर्धन रूंगटा कहते हैं भले ही आपको सोने में निवेश करना पसंद हो तब भी आपको इसमें सीमित निवेश ही करना चाहिए। एक्सपर्ट के अनुसार कुल पोर्टफोलियो का सिर्फ 10 से 15त्न ही सोने में निवेश करना चाहिए। किसी संकट के दौर में सोने में निवेश आपके पोर्टफोलियो को स्थिरता दे सकता है, लेकिन लंबी अवधि में यह आपके पोर्टफोलियो के रिटर्न को कम कर सकता है। बीते 10 सालों की बात करें तो सोने ने सालाना औसतन 10त्न का रिटर्न दिया है।



### इस साल ऐसे बढ़ा गोल्ड ETF में निवेश

| महीना | निवेश |
| --- | --- |
| जनवरी | 625 करोड़ रु. |
| फरवरी | 491 करोड़ रु. |
| मार्च | 662 करोड़ रु. |
| अप्रैल | 680 करोड़ रु. |
| मई | 288 करोड़ रु. |
| जून | 360 करोड़ रु. |

## रिटायर्ड कर्मचारियों के लिए खुशखबरी डीआर को बढ़ाने के फैसले पर अमल

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

बीते 14 जुलाई को केंद्रीय कैबिनेट ने रिटायर्ड कर्मचारियों को मिलने वाली महंगाई राहत यानी डीआर को बढ़ाने की मंजूरी दी थी। अब इस फैसले पर अमल करते हुए पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। इसका लाभ करीब 63 लाख पेंशनभोगियों को मिलने की उम्मीद है।

किन रिटायर्ड कर्मचारियों को फायदाः विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों (सशस्त्र बलों, अखिल भारतीय सेवाओं और रेलवे के पेंशनभोगियों/पारिवारिक पेंशनभोगियों सहित) को दी जाने वाली महंगाई राहत को बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया गया है। पेंशनभोगियों को अब महंगाई राहत 28 फीसदी की दर से मिलेगी। पहले ये 17 फीसदी की दर से मिल रही थी। ये नियम 1 जुलाई 2021 से लागू हुआ है।

3 अतिरिक्त किस्तों पर लगी थी रोकः दरअसल, कोविड-19 महामारी की वजह से पेंशनभोगियों को दी जाने वाली महंगाई राहत की तीन अतिरिक्त किस्?तों पर रोक लगा दी गई थी। ये रोक जनवरी 2020 से जून 2021 तक के लिए थी। अब सरकार ने इन रोकी गई अतिरिक्त किस्?तों को शामिल कर महंगाई राहत में कुल 11 फीसदी इजाफा किया है। इसके अलावा सरकार ने महंगाई भत्ता यानी डीए को भी 28 फीसदी कर दिया है। डीए में इजाफे से करीब 48 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा होगा।

## ईंधन की कीमतों में संशोधन पर रोक जारी

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने शनिवार को लगातार सातवें दिन ईंधन की कीमतों में संशोधन पर रोक जारी रखी है। यह हफ्तों में सबसे लंबा ब्रेक है, क्योंकि तेल उत्पादन पर वैश्विक विकास और अमेरिकी इन्वेंट्री बढ़ने से कच्चे तेल में उत्पाद की कीमतों में नरमी आई है। ओएमसी ने हालांकि पेट्रोल या डीजल के खुदरा मूल्य में कमी नहीं की है क्योंकि किसी भी गिरावट के संशोधन से पहले तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का अध्ययन करने के लिए अधिक समय की आवश्यकता होगी।

## बॉलीवुड

# संजय दत्त के बेटे को व्हील चेयर पर बैठा देख फैंस हुए परेशान, ख्याल रख रहीं मान्यता



संजय दत्त सोशल मीडिया पर उतने सक्रिय नहीं हैं लेकिन पत्नी मान्यता अक्सर पोस्ट करती रहती हैं। हाल ही में मान्यता ने अपना जन्मदिन धूमधाम से सेलिब्रेट किया। उनकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई रहीं। अब मान्यता ने अपने दोनों बच्चों के साथ तस्वीरें शेयर की है जिसे देखकर फैंस परेशान हो गए हैं।

**बेटे को लगी चोट**

तस्वीर में संजय और मान्यता के बेटे शहरान व्हीलचेयर पर बैठे हुए हैं। उनके पैर में बैंडेज बंधा नजर आ रहा है। तस्वीर में मान्यता शहरान का ख्याल रख रही हैं और और बेटे को सहारा दिए हुए हैं। हालांकि मान्यता ने यह नहीं बताया कि बेटे को चोट कैसे लगी है।

**जन्मदिन किया सेलिब्रेट**

बता दें कि हाल ही में मान्यता ने 42वां जन्मदिन मनाया। उन्होंने अपनी एक तस्वीर के साथ बधाई देने वाले सभी लोगों का शुक्रिया किया। मान्यता ने कैप्शन में लिखा- 'उम्र बढ़ने के साथ आभार जताना और ज्ञान भी आता है। हर गुजरते साल के साथ हमें विशेषाधिकार प्राप्त होते हैं और हर दिन के लिए आभारी होने लगते हैं, जो हमारी जिंदगी को सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ाता है।

## मलाइका अरोड़ा ने फिर दिखाया अपना खास अंदाज, स्टाइलिश ड्रेस में दिखीं हॉट



मलाइका अरोड़ा भले ही बॉलीवुड से दूर हैं, लेकिन वह खबरों में रहने के लिए अक्सर कोई न कोई बहाना ढूंढ ही लिया करती हैं। आए दिन वह कभी अपनी हॉट फोटो-वीडियो तो कभी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में छाई रहती हैं। इसी बीच मलाइका फिर से अपनी एक हॉट वीडियो शेयर की हैं, जिसमें वह रिवीलिंग पोज देती हुई दिख रही हैं।

ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मलाइका द्वारा शेयर किये गये इस में देखा जा सकता है कि मलाइका ऑलिव कलर के ड्रेस में हॉट लग रही हैं। खुले बालों में वह अपने चेहरे पर पड़ रही सन शाइन को क्लिक कर रही हैं। वीडियो में उनके बाल हवा से हिल रहे हैं और वह एकटक सामने दिखते हुए सेल्फी पोज दे रही हैं।

### पहले भी वीडियो शेयर बटोर चुकी हैं वाहवाही

मलाइका का यह वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गया है। वहीं उनके चाहने वाले उनकी इस अदा पर प्यार लुटाते कॉमेंट किया है। बता दें कि इससे पहले भी मलाइका ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह अलग-अलग ड्रेस में पोज देती दिखी थीं।

## दिल बेचारा' को एक सालः सुशांत सिंह राजपूत संग बिताए गए पलों को संजना सांघी और मुकेश छावड़ा ने किया याद



दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की आखिरी बॉलीवुड फिल्म 'दिल बेचारा' को आज रिलीज हुए एक साल हो गया है। सुशांत के निधन के बाद इसे डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज़ किया गया जिसे दर्शकों ने खूब प्यार दिया। फिल्म की पहली एनीवर्सरी के अवसर पर, फॉक्स स्टार स्टूडियोज ने फिल्म से सुशांत के कुछ बीहाइंड द सीन फोटो और वीडियो क्लिप मिलाकर एक स्पेशल वीडियो बना है। वहीं फिल्म के मुकेश छाबड़ा, एक्ट्रेस संजना सांघी ने भी सुशांत को याद कर फिल्म सेट पर उनके साथ बिताए पलों को याद किया है। वहीं अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ फोटोज शेयर किया है।

### सुंशात से जब पहली बार मिली संजना सांघी

एक इंटरव्यू के दौरान संजना सांघी ने बताया, ÷हम पहली बार मुकेश छाबड़ा (डायरेक्टर) सर के ऑफिस में मिले थे। थोड़ी देर की मुलाकात में ये हमने महसूस किया कि हम दोनों नर्ड्स हैं और एकेडमिक से जुड़ी हर चीज के लिए जितने जुनूनी हैं उतने ही खाने-पीने वाली चिजों के लिए क्रेजी हैं। वह आगे कहती हैं हम दोनों का दिल्ली से एक गहरा नाता रहा जिसकी वजह से हमारी कुछ पसंद-नापसंद मिल जाती थीं। मैं दिल्ली से हूं जहां सुशांत ने पढ़ाई की थी।

## शिल्पा शेट्टी के सपोर्ट में उतरीं शमिता शेट्टी, इमोशनल नोट शेयर कर बोलीं-ये भी गुजर जाएगा डार्लिंग



एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति और बिजनेसमैन राज कुंद्रा पोर्न फिल्में बनाने और उसे मोबाइल ऐप पर स्ट्रीम करने के मामले में पुलिस कस्टडी में हैं। इस मामले में पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। हालिया समय शिल्पा के लिए बेहद मुश्किल है। ऐसे में एक्ट्रेस शमिता शेट्टी अपनी बड़ी बहन शिल्पा शेट्टी के सपोर्ट में उतरी हैं। इनता ही शमिता अपनी बहन की मोस्ट अवेटेड फिल्म हंगामा-2 को प्रमोट करते हुए लोगों से इस फिल्म को देखने के लिए अपील कर रही हैं।

### हंगामा 2 रिलीज

बता दें कि 23 जुलाई को शिल्पा शेट्टी की फिल्म हंगामा 2 रिलीज हो गई है। फिल्म देखने के बाद दर्शकों और फिल्म किटिक्स का मिलाजुला रिस्पॉन्स मिला। डायरेक्टर प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी फिल्म में मिजान जाफरी, परेश रावल , प्रणिता सुभाष लीड रोल में हैं। वहीं इसके जरिए शिल्पा 14 सालों बाद बॉलीवुड में वापसी की हैं। इसलिए यह फिल्म शिल्पा और उनके परिवार, फैंस , दोस्तों के लिए बेहद खास है।



















सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403